सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.2 न्यू | 31.0 अधि |
| धर्मशाला | 24.8 न्यू | 37.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76992.77 |
| निफ्टी | 23465.60 |
| सोना | 70,510 |
| चांदी | 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



कनाडा के खिलाफ मैच में नजरें कोहली पर

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 15 जून, 2024 | 2 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 178, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# लू से दो दिन और झुलसेगा हिमाचल

## हमीरपुर के नेरी में 45 डिग्री के पार पहुंचा पारा, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। अब देवभूमि हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र भी हीटवेव की चपेट में आ गए हैं। अभी गर्मी से राहत के कोई आसार नहीं है। प्रदेश में करीब 10 शहरों का तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। हमीरपुर के नेरी का तापमान सर्वाधिक 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, तो वहीं कई मैदानी क्षेत्र लू की चपेट में हैं। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल के लिए 9 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है।



शिमला के रिज पर चहलकदमी करते पर्यटक।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार ने बताया कि ये लू का अलर्ट ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले को गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री ज्यादा चल रहा है। हीटवेव के अलर्ट को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि घर से बाहर निकलने पर छाता और पानी की बोतल साथ में लेकर निकलें। उन्होंने बताया कि 18 जून को पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने तथा प्रदेश के मध्यवर्ती इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

ऊना का तापमान 44.6 का धौलाकुआं का 43.2, बिलासपुर 43.1, हमीरपुर 42.5, कांगड़ा 41.8, सुंदरनगर 41.3, मंडी 40.8, चंबा 40.9, बरठीं 41.3, बजौरा 38.5, भुंतर 38.5, नाहन 39.9, सोलन 36.0, धर्मशाला 37.0, शिमला 30.6 मनाली 30.0 सेल्सियस दर्ज किया गया है। इन दिनों हिमाचल के पर्यटन स्थल मनाली शिमला सहित अन्य क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार हैं। गर्मी से बचने के चक्कर में लोग मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ों का रुख कर रहे हैं, लेकिन अब चिंता की बात यह है कि पहाड़ी क्षेत्र में भी अब गर्मी ज्यादा हो गई है। ऐसे में कुछ दिन गर्मी से परेशानी झेलनी पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| नेरी | 45.1° |
| ऊना | 44.6° |
| धौलाकुआं | 43.2° |
| बिलासपुर | 43.1° |
| हमीरपुर | 42.5° |
| कांगड़ा | 41.8° |
| सुंदरनगर | 41.3° |
| बरठीं | 41.3° |
| चंबा | 40.9° |
| मंडी | 40.8° |
| सोलन | 36.0° |
| धर्मशाला | 37.0° |

# मेलोनी, मैक्रो, सुनक और जेलेंस्की से मिले पीएम मोदी

## मेलोनी और मोदी ने एक-दूसरे को की 'नमस्ते'



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को 'नमस्ते' भी की।

**एजेंसी, अपुलिया ( इटली )**

इटली के अपुलिया में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान इन वर्ल्ड लीडर्स के साथ रणनीतिक साझेदारी और गहरी करने पर सहमति बनी। भारत और यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर बात हुई। इसके अलावा पीएम मोदी की सुनक से मुलाकात के दौरान रक्षा क्षेत्र में औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने पर बात भी की।

**जी-7 शिखर सम्मेलन में बनी रणनीतिक साझेदारी गहरी करने पर सहमति**

इस दौरान और भी कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने गए हैं। इस दौरान पीएम कई और विश्व नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

माना जा रहा है कि इस दौरान अमेरिका खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू का मुद्दा उठा सकता है। जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा और जापान शामिल हैं। इटली जी-7 (सात देशों के समूह) शिखर सम्मेलन की वर्तमान में अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

भाजपा ने किया ऐलान, कांग्रेस घोषणा के इंतजार में -पेज 3
बकरों की बलि की जगह चढ़ा नारियल -पेज 9
सोमभद्रा नदी में फंसे 22 लोगों का प्रशासन ने किया रेसक्यू -पेज 10
मानतलाई ग्लेशियर के टूटने से पार्वती नदी में आई बाढ़ -पेज 11
मोदी फिर बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता -पेज 14

### टी-20 विश्व कप आज के मैच

नेपाल vs साऊथ अफ्रीका
स्थान: किंगिस्टन, समय : सुबह 5:00 बजे

युगांडा vs न्यूजीलैंड
स्थान: तरौबा, समय : सुबह 6:00 बजे

भारत vs कनाडा
स्थान: लॉर्डहिल, समय : रात 8:00 बजे

### न्यूज शॉर्ट्स

## बिभव की याचिका पर दिल्ली पुलिस को हाईकोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की जमानत याचिका पर आज 14 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने बिभव और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

## शादी का झांसा देकर विदेशी महिला से दुष्कर्म

**धर्मशाला।** थाना मैकलोडगंज पुलिस ने एक विदेशी महिला से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। कांगड़ा के एएसपी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि पोलैंड की रहने वाली एक महिला ने स्थानीय युवक पर उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 को



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 19 जून के लिए निर्धारित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा और समय दिए जाने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया।

## कुल्लू में 3.0 तीव्रता का आया भूकंप

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शुक्रवार को 3.39 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह सूचना राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। इस भूकंप से अभी किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, भूकंप आने के बाद लोग दहशत में जरूर आ गए और अपने घरों से बाहर निकल आए।

## आग से झुलसे बालक की 4 दिन बाद मौत


**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के गिरिपार क्षेत्र का एक 12 वर्षीय बालक अभिषेक आग बुझाते समय झुलस गया था, जिसकी शुक्रवार को मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ था, जब वह घासनी में लगी आग को बुझा रहा था। झुलसने के बाद उसे गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल पांवटा साहिब ले जाया गया। इसके बाद उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान चार दिन बाद मौत हो गई।

### अनंत व्यंग्य




# दलाई लामा से मिलने भारत आएंगे अमेरिकी सांसद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिकी संसद में प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी अगले सप्ताह धर्मशाला में तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मिलने के लिए आने वाले अमेरिकी सांसदों के शिष्टमंडल का हिस्सा होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शिष्टमंडल 18 और 19 जून को धर्मशाला में रहेगा और इसमें अमेरिका के दोनों राजनीतिक दलों के सांसद होंगे। अमेरिकी सांसदों की धर्मशाला की यह यात्रा चिकित्सा उपचार के लिए दलाई लामा की पूर्व निर्धारित अमेरिका यात्रा से पहले हो रही है।

# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



शाह ने 16 जून को एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया।

आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।

## कोलकाता के शॉपिंग मॉल में भीषण आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई है। शुरू में यह पता ही नहीं चल पा रहा था कि आग कहां लगी। चारों ओर सिर्फ धुआं ही धुआं था। आग बुझाने के लिए दमकल की 15 गाड़ियां भेजी गई। हालांकि, दमघोंटू धुआं के कारण कुछ लोगों के बीमार होने की खबर है। सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत बोस खुद वहां पहुंचे और स्थिति की निगरानी शुरू कर दी।

# नीट पेपर लीक : सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान स्टूडेंट्स और पेरेंट्स से मिले, बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कुछ स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि जांच में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट यूजी पेपर लीक और इसकी सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एनटीए दो हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली



सुनवाई होगी। पटिशनर हितेश सिंह कश्यप का आरोप है कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 स्टूडेंट्स ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी। कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 स्टूडेंट्स की डिटेल मिली है। इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच जरूरी है।

वहीं, स्टूडेंट्स और पेरेंट्स को प्रधान ने भरोसा दिया कि जांच में




किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। कोर्ट के सामने पारदर्शिता से बात रखेंगे। कोर्ट जो भी आदेश देगा, उसका पालन करेंगे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा अच्छी हुई है, एक-दो जगह की घटना सामने आई है, इसकी इन्क्वायरी चल रही है। ये सब कोर्ट के संज्ञान में है। कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे। स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 7 राज्यों के हाईकोर्ट में नीट परीक्षा में हुई गड़गड़ियों को लेकर याचिकाएं दायर की हैं।

# अमरनाथ यात्रा : आतंकी हमलों से सुरक्षा बनी चुनौती

**अशोक ठाकुर, कठुआ**

करीब एक माह से जिस तरह से सीमा से लेकर पहाड़ों तक संदिग्ध गतिविधियों के साथ आतंकी घटनाएं घटित हो रही हैं, उससे दो सप्ताह के अंदर शुरू होने वाली आगामी श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान प्रदेश के मुख्य द्वार कठुआ में यात्रियों की सुरक्षा एक कड़ी चुनौती बन गई है।

अभी कुछ घंटे पहले जिला मुख्यालय पर श्री अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले प्रबंधों की तैयारियों को लेकर पहली बैठक में चर्चा हुई, लेकिन दूसरी ओर आतंकियों ने हीरानगर के सैडा सोहाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए घर में पीने के लिए पानी न मिलने पर बौखलाहट में अंधाधुंध फायरिंग कर पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया। आतंकी हमलों के बाद जम्मू के यात्री निवास की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बार यात्री शिविर में 250 के करीब सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और उन पर निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# नड्डा ने दिया स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नई सरकार बनने के बाद महत्वपूर्ण विभागों में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिन के एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।



भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को पहले 100 दिनों के एजेंडे पर पूरी गंभीरता के साथ काम करने के लिए कहा है। नड्डा ने इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। एजेंडे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय, तंबाकू के इस्तेमाल के खिलाफ विशेष अभियान, एनसीडी के खिलाफ एक राष्ट्रीय अभियान, बच्चों के लिए टीकाकरण के पंजीकरण के लिए आरोग्य मैत्री क्यूब्स, भीष्म, यू-विन पोर्टल को शुरू करना शामिल है।

### आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी

इससे पहले हुई बैठक में आयुष्मान योजना पर चर्चा हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय इस समय देश में कई बड़ी योजनाओं को लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। साथ ही आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की भी तैयारी है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने की एक बड़ी योजना है और बताया जा रहा है कि पहली बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने इस संबंध में भी चर्चा की है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है।

# राम रहीम ने फरलो के लिए फिर खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**एजेंसी, चंडीगढ़**



साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारियां जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर 21 दिन का फरलो मांगा है। हाईकोर्ट ने इस संबंध में हरियाणा सरकार तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर दिया है।

हाईकोर्ट ने राम रहीम की याचिका पर सुनवाई के दौरान उसे फटकार लगाई। याचिका के जवाब में हाईकोर्ट ने कहा कि वह कार्यक्रम को स्थगित कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने नाराजगी भरे लहजे में यह भी कहा कि पहले कार्यक्रम रख लेते हो, फिर कोर्ट में आकर याचिका लगा इसमें शामिल होने का दबाव डालते हो। एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच अब इस अर्जी पर 2 जुलाई को सुनवाई करेंगे।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड, 6 की मौत

## कई लापता, पर्यटन स्थलों पर 2 हजार से ज्यादा लोग फंसे

**एजेंसी नई दिल्ली**

देश के उत्तरी राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी के चलते 12 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट में भारी बारिश हो रही है। पिछले तीन दिन से जारी बारिश के चलते सिक्किम में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जगह-जगह लैंडस्लाइड और बाढ़ में सैकड़ों घर और कई सड़कें बह गईं।



सबसे ज्यादा तबाही सिक्किम के मंगन जिले में हुई है। यहां 13 जून को एक दिन में 220 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे पिछले साल बना संगकालांग ब्रिज ढह गया, जिससे गुरुडोंगमार झील और युनथांग घाटी जैसे पर्यटन स्थलों के लिए मशहूर मंगन जिले के जोंगु, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे शहर देश के बाकी हिस्सों से कट गए हैं।

राहत-बचाव में जुटे डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने बताया कि लाचुंग और चुंगथांग में करीब 2 हजार पर्यटक फंसे हैं। इन्हें अब हेलिकॉप्टर से ही रेस्क्यू किया जा सकता है, लेकिन खराब मौसम में हेलिकॉप्टर का उड़ पाना मुमकिन नहीं है। फिलहाल, पर्यटक जहां फंसे हैं, उन्हें वहीं रहने को कहा गया है। सिक्किम में तीस्ता नदी भी उफान पर है, जिससे सिंगताम शहर के निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हो सकते हैं।

**सदमा** कुवैत अग्निकांड में मारे गए 31 मृतकों में से 23 केरल के

# कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर कोच्चि पहुंचा विमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोच्चि एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह सन्नाटा पसरा रहा। कुवैत से जैसे ही 45 भारतीयों के शव लेकर वायुसेना का विशेष विमान लैंड हुआ, हर आंख नम हो गई। मरने वालों के परिजन सुबह से ही एयपोर्ट पर मौजूद थे।

केरल सरकार के मंत्री, आला-अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल भी एयरपोर्ट पर मौजूद था। भारतीय वायुसेना के सी-130 जे परिवहन विमान से 31 भारतीयों के पार्थिव शरीर को कोच्चि में उतारा गया। यहां से शवों को उनके गृह नगर के लिए रवाना कर दिया गया। कुवैत अग्निकांड में मारे गए



31 मृतकों में से केरल के 23, तमिलनाडु के 7 और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में सात मंजिला इमारत के रसोईघर में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हुई थी और 50 अन्य घायल हुए थे। इनमें से 45 भारतीय थे और शेष पाकिस्तान, फिलिपीन, मिस्र और नेपाल के नागरिक थे।

### परिजनों को सौंपे शव

कुवैत में आग की घटना के पीड़ितों के पार्थिव शरीर को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके परिजनों को सौंपा गया। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की, इससे पहले वीरवार देर रात प्लेन शवों को लेकर रवाना हुआ था। केरल के मंत्री के राजन, पी राजीव और वीना जॉर्ज ने अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं पर चर्चा की तथा मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी।

## न्यूज ब्रीफ

### जुब्बल के भटाड़ गांव पहुंचे शेडकुलिया देवता महाराज



**जुब्बल**। भटाड़ गांव में उत्तराखंड के रायगी के शेडकुलिया देवता महाराज का क्षेत्र वासियों एवं दूर-दूर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इस दौरान देवता महाराज के साथ पहुंचे लोगों का क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया।

### विभागों और संस्थानों में लगाया जाएगा योग शिविर

**रिकांगपिओ**। 21 मई से 21 जून तक योग माह मनाते हुए जिला आयुष विभाग किन्नौर की ओर से विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में योग ब्रेक (वाई ब्रेक) शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा के मार्गदर्शन में इन दिनों उपायुक्त कार्यालय, सरकारी व निजी स्कूलों सहित विभिन्न कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महीने भर चलने वाले कार्यक्रमों के लिए डॉ. सूरज नेगी और डॉ. अमन यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### गैर अनुपालना पर सेवा प्रदाताओं पर लगेगा जुर्माना

**रिकांगपिओ**। दूरसंचार विभाग हिमाचल प्रदेश के सहायक महानिदेशक सुधीर ने अपनी टीम के साथ किन्नौर जिला में मोबाइल टावर से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्ज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दूरसंचार विभाग हर वर्ष 5 प्रतिशत टावरों का निरिक्षण करता है। दूरसंचार विभाग के दिशा- निर्देशों की गैर अनुपालना पर सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जाता है। दूरसंचार विभाग के दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने पर सेवा प्रदाताओं पर बीस लाख प्रति टावर जुर्माना है। इसके अलावा अनुरोध आधारित मापन भी दूरसंचार विभाग द्वारा किया जाता है।

### जुब्बल छावनी वीर के मंदिर में लगाया भंडारा



**जुब्बल**। हम आप सब संस्था द्वारा 18वें विशाल भंडारे का आयोजन जुब्बल छावनी वीर के मंदिर में किया गया। वहीं सुबह हवन-यज्ञ व आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सभी सदस्य, मंदिर कमेटी के सदस्य व क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गायत्री स्कूल जांगला में राकेश बने एसएमसी के अध्यक्ष



**रोहड़ू**। गायत्री पब्लिक उच्च विद्यालय जांगला में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष राकेश भोक्टू व प्रधानाचार्य प्रवीण मेहता ने की। बैठक में सभी अभिभावक, अध्यापक व गैर शिक्षक वर्ग ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से नंदला गांव के राकेश शर्मा को सर्वसम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष कुलदीप भाक्टा (टीजीटी) को सचिव, बनाया गया! वंही बतौर कार्यकारिणी सदस्य संतोष शर्मा, रेणू ठाकुर, मोहन सिंह, प्रमोद मेहता, सपना शर्मा, बाबी शर्मा, राजेश शर्मा, पंकज शर्मा, पूजा चौहान, विनोद, कुलदीप नेगी, प्रिंयका डंठियाण, रीता ठाकुर, विनोद देल्ठी,शमशेर सिंह व विशम्बर नेगी आदि मौजूद रहे।

प्रशासन ने आपदा से राहत व बचाव के लिए की मॉकड्रिल

# लोगों को बताया आपदा में बचाव का तरीका

**अनंत ज्ञान, नेरवा**

चौपाल प्रशासन द्वारा नेरवा के दयांडली नाला में मेगा मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को प्रशासन की आपदा के दौरान राहत व बचाव के दौरान कार्यप्रणाली और लोगों को आपदा में बचाव के बारे समझाया गया। मॉकड्रिल की अध्यक्षता एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा एवं निर्देशन नोडल अधिकारी तहसीलदार नेरवा विनोद कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर दयांडली नाला में बाढ़ और लैंडस्लाइड आने पर पांच घायलों को रेस्क्यू किया गया। इसके बाद प्राइमरी स्कूल के मैदान में लगाए गए कैंप में तीन गंभीर घायलों को उपचार के बाद हायर सेंटर को रेफर किया गया,जबकि दो अन्य घायलों को कैंप में ही उपचार दिया गया।



बचाव कार्य को अंजाम देते कर्मचारी।

### किन्नौर में की मेगा मॉकड्रिल

**रिकांगपिओ**। मेगा मॉकड्रिल के दौरान नदी नालों में बाढ़ आने की स्थिति से किस प्रकार लोगों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर जवानों द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। इसी तरह जिला के भू-स्खलन वाले संवेदनशील स्थान को चिन्हित कर आपदा की स्थिति दर्शाई गई।

इस मॉकड्रिल के दौरान एम्बुलेंस सहित एचआरटीसी की बसों को भी घटना वाले स्थानों पर भेज कर घायलों व आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।



### जुब्बल में राहत एवं बचाव कार्य का किया अभ्यास

**शिमला**। जुब्बल बाजार के समीप स्थित पुल के पास मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत भू-स्खलन जैसी आपदा की स्थिति में किए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया गया। उपमंडलाधिकारी जुब्बल राजीव सांख्यान की अगुवाई में हुई इस मॉकड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन, चिकित्सा, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।



**वहीं** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोगली के समीप मॉकड्रिल की, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा के समय जानमाल की सुरक्षा करने के लिए संबंधित विभाग के कर्मचारियों को सक्षम बनाना है। इस दौरान एनडीआरएफ, सीआईएसएफ आईटीबीपी, अग्निशमन, स्वास्थ्य, हिमाचल पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# सुन्नी के छविंद्र शर्मा ने नेपाल में पढ़ा शोध पत्र

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण के छविंद्र शर्मा ने त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 21वीं सदी में भारतीय नारी की अस्मिता नामक विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। बताते चले कि छविंद्र वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में शोधार्थी है और डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य कर रहे हैं।



छविंद्र शर्मा शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र के गांव मकड़चछा से संबंधित है। कार्यक्रम में नेपाल के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की गरिमामय उपस्थिति रही। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी, कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी , डॉ अमरेश कुमार सिंह, सांसद काठमांडू, कृष्ण लाल पंवार, सांसद राज्यसभा भारत सरकार ने भी शिरकत की। इसके साथ-साथ भारत के विख्यात लोक कलाकार एवं पद्मश्री से अलंकृत महावीर गुड्डू भी इसमें विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू के कुलाधिपति केशर जंग बराल ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम दोनों देशों के मध्य परस्पर बेहतर ताल्लुकात रखने का सशक्त माध्यम है और ऐसे कार्यक्रमों का होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत नेपाल मैत्री विषय पर भी अपने विचार रखें। बताते चलें कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत और नेपाल के करीब पांच सौ शिक्षाविदों, देश की नामी हस्तियों संग शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

# राहुल रैना ने वेकबोर्ड प्रतियोगिता में हासिल किया पहला स्थान

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

अंतरराष्ट्रीय वाटरस्की एंड वेक बोर्ड फेडरेशन के सौजन्य से वेक बोर्ड एंड वाटर स्की फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वाटर स्पोर्ट्स क्लब रुकरी लेक जिला सिरमौर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप 2024 में तत्तापानी के प्रतिभावान युवा राहुल रैना ने अपनी प्रतिभा दिखाकर पहला स्थान प्राप्त किया है तथा उनकी प्रभावशाली उपलब्धि ने उन्हें अगस्त 2024 में बैंकॉक आयोजित में होने वाले प्रतिष्ठित एशियन टूर्नामेंट में जगह दिलाई है।

राहुल की कड़ी मेहनत, वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति लगाव और खेल के प्रति समर्पण रंग लाया है।

राहुल रैना वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को लेकर विभिन्न रोमांचक खेलों का प्रशिक्षण विदेश में भी प्राप्त कर चुके हैं। इन कार्यों के चलते वह युवाओं के लिए स्वयं रोजगार के लिए भी एक अलग पहचान दिखा रहे हैं। राहुल रैना के पिता प्रेम रैना ने बताया कि वेक बोर्ड वाटर स्की फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से भी वॉटर स्पोर्ट्स से जुड़े हुए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



राहुल रैना को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

# समर फेस्टिवल में 300 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में 15 से 18 जून तक आयोजित होने वाले समर फेस्टीवल को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए है। शहर में 300 जवान सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। वहीं शहर को सुरक्षा की दृष्टि से तीन सेक्टरों में बांटा जाएगा, जबकि चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान सादे कपड़ों व वर्दी में तैनात रहेंगे। शहर के गैस्ट हाउसों, धर्मशालाओं, होम स्टे आदि पर भी पुलिस की नजर रहेगी, ताकि शरारती व आपराधिक तत्वों के लोगों पर भी नकेल कसी जा सके।

**तीन सेक्टरों में बांटा जाएगा शिमला शहर**

शहर में रात्रि गश्त को दोगुना कर दिया गया है, जबकि पैट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। शहर की सीमाओं के भीतर प्रवेश करने वाले एंट्री प्वाइंट पर वाहनों की चैकिंग की जाएगी और नशीली पदार्थों सहित असामाजिक तत्वों पर पुलिस तुरंत व कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगी। इसके अलावा शिमला पुलिस सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से भी अपनी पैनी नजरें रखेगी। समर फेस्टीवल को लेकर डीसी शिमला ने बैठक आयोजित की थी, जिसमें एसपी शिमला ने कानून व्यवस्था, सुरक्षा उपाय और चिकित्सा व्यवस्था के बारे में अपने सुझाव दिए थे, ताकि ग्रीष्मोत्सव के दौरान किसी भी विपरीत स्थिति से निपटा जा सके और अब स्वयं एसपी ने इसे लेकर मोर्चा संभाल लिया है।

> समर फैस्टीवल को लेकर शिमला पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है और जवानों की ड्यूटियां सुनिश्चित बना दी गई है। शहर को तीन सैक्टरों को बांटा जाएगा और शहर के भीतर जाम न लगे, इसके लिए पुलिस विशेष प्रबंध कर रही है। 300 के करीब जवान सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।
> **-संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

### पहले दिन पहाड़ी गायक कुलदीप मचाएंगे धमाल

अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के पहले दिन आज पहाड़ी गायक कुलदीप शर्मा धमाल मचाएंगे। डीसी शिमला अनुपम कश्यप ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव का आगाज इस बार पहाड़ी नाइट से शुरू होगा जो पंजाबी नाइट पर समपन होगा। शिमला अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव का शुभारम्भ शनिवार को राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल सांय 8 बजे करेंगे। इस दिन मुख्य आकर्षण के तौर पर नाटी किंग कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि रहेंगे। इस दिन मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पार्श्व गायक साज भट्ट बालीवुड सिंगर अपनी प्रस्तुति देंगे। तीसरे दिन उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दिन मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर अपनी प्रस्तुति देगी। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। इस दिन मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायक दलेर मेंहदी अपनी प्रस्तुति देंगे।

### खेलकूद प्रतियोगिताएं होंगी

**खेलकूद** गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से वॉलीबाल , बैडमिंटन, शतरंज, ताईक्वांडो तथा ठेडा प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता अंडर 13 से लेकर अंडर 19 तक के खिलाड़ियों के बीच होगी।

### देर रात तक चलेगी एचआरटीसी की बसें

प्रशासन ने समर फेस्टिवल को लेकर स्पेशल बसें चलाने का निर्णय किया गया है। प्रशासन ने इसको लेकर एचआरटीसी प्रबंधन को निर्देश दे दिए है कि समर फेस्टिवल के लिए अलग-अलग जगह से देर रात तक बसे चलाई जाए।

### आयुष विभाग करवा रहा योगाभ्यास



**बिलासपुर**। आयुष विभाग बिलासपुर द्वारा जिले के हर क्षेत्र में नियमित रूप से योगासन प्राणायाम के सत्र आयोजित किए जा रहे है। आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी, फार्मेसी अधिकारी व योग प्रदर्शकों की टीमे जिले के तीनों आयुर्वेदिक चिकित्सालयों बिलासपुर, कंदरौर व बस्सी सहित जिले के सभी 68 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में योगाभ्यास करवा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुनीता धीमान के अनुसार योग दिवस की नोडल एजेंसी आयुष विभाग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अधिकतम लोगों को योग की क्रियाओं आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहा है।

### बिलासपुर जिले में मेगा मॉकड्रिल का आयोजन



**बिलासपुर**। जिला बिलासपुर में आपदा प्रबंधन के तैयारी को जांचने और आपातकालीन स्थिति में आपदा से निपटने के लिए जिला के सभी उपमंडल में प्रशासन द्वारा बाढ़, लैंडस्लाइड और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत एवं बचाव संबंधी उपायों पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह जानकारी सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया ने दी। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के अंतर्गत सुबह 9 बजे झंडूता उपमंडल के अंतर्गत सुनहानी में बाढ़ की आशंका जताई गई और स्कूल के बच्चों सहित स्थानीय लोगों को रेस्क्यू करने का काम शुरू किया गया। इस दौरान 214 लोगों को रेस्क्यू किया गया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुनहानी के 189 सहित 25 स्थानीय लोगों को रेस्क्यू कर रिलीफ कैंप में भर्ती किया गया। इसी प्रकार उपमंडल घुमारवीं में नाले के पानी में उफान चलते 13 गांव प्रभावित हुए जिन में रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर 55 लोगों को रेस्क्यू किया गया।

# पशुओं को बचाते वक्त खाई में गिर गई कार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं थाना क्षेत्र के तहत कसारु कस्बे के समीप आवारा पशुओं को बचाते समय कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में कार में सवार एक बच्चे व महिला को चोटें आई हैं। गाड़ी में दो बच्चों सहित कुल पांच लोग सवार थे। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे हुआ।

**हादसे में एक बच्चे और महिला को आईं मामूली चोटें**

जानकारी के मुताबिक लौहट दलोटा गांव के नरेश कुमार, पूजा देवी, अंजू देवी, हर्षित व अर्नव कार में सवार होकर बरठीं की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह कसारु कस्बे के समीप पहुंचे अचानक सड़क पर आवारा पशु आ गए। पशुओं को बचाने के चलते कार चालक नरेश कुमार ने गाड़ी को ब्रेक लगाई लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई। हादसे के तुरंत बाद लोगों की सहायता से कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला गया। सभी को घुमारवीं अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में पूजा कुमारी व हर्षित को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में उपचार दिया गया। बाकी सभी लोग सुरक्षित थे। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने बताया कि गाड़ी में सवार एक बच्चे व महिला को मामूली चोटें आई हैं, जबकि अन्य सभी लोग सुरक्षित हैं।

### कुलदीप बने एसएमसी के प्रधान

**दधोल**। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में पाठशाला प्रबंधन समिति के गठन के लिए बच्चों के अभिभावकों की आम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पाठशाला प्रबंधन समिति की पूर्व अध्यक्ष मोनिका देवी तथा पाठशाला के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने की। नई कार्यकारिणी में कुलदीप कुमार को प्रधान चुना गया। सदस्यों में राकेश कुमार, कांता देवी, ममता देवी आदि को सदस्य चुना गया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के उप प्रधानाचार्य मस्तराम, देवदत्त शर्मा, पवन कुमार संख्यान, विजय कुमार, सुरजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि ने भाग लिया।

### ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में न हो बदलाव : यशपाल



**दधोल**। हिमाचल प्रदेश में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां 22 जून को न होकर 15 जुलाई से की जाएंगी। इस बारे में हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ का मानना है कि छुट्टियों के शेड्यूल में किसी प्रकार का बदलाव नहीं होना चाहिए। क्योंकि इस समय मैदानी इलाकों में तापमान 40 से 45 डिग्री से ऊपर है अगर छुट्टियों को 15 जुलाई से किया जाता है तो इतने तापमान में बच्चे स्कूल में किस प्रकार से अपनी पढ़ाई जारी रख पाएंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल रणौत ने विभाग के उच्च अधिकारियों से अनुरोध किया है कि यदि कोई बदलाव करना भी है तो शिक्षा सत्र के बीच में न करके सत्र के प्रारंभ में ही कर देना चाहिए। क्योंकि शिक्षा सत्र के बीच किए गए बदलाव विद्यार्थियों पर उनके पेरेंट्स व अध्यापकों पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। संघ सरकार से अनुरोध करता है कि छुट्टियों में किसी भी प्रकार का बदलाव न किया जाए।




अवॉर्ड | रक्तदान दिवस पर एम्स बिलासपुर प्रशासन ने किया सम्मानित

# घुमारवीं कॉलेज को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं को विश्व रक्तदान दिवस पर एम्स बिलासपुर द्वारा रक्तदान तथा सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण की अध्यक्षता में गत वर्ष नेशनल कैडेट कोर, रेड रिबन क्लब, एनएसएस, रोवर एंड रेंजर और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में करवाई गई विभिन्न गतिविधियों जैसे रक्तदान शिविर तथा जागरूकता अभियान के लिए दिया गया।



घुमारवीं कॉलेज को सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने महाविद्यालय की सभी इकाइयों तथा समितियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मानव रक्त का उत्पादन किसी भी मशीन में संभव नहीं है, इसलिए जरूरत पड़ने पर खून की आपूर्ति मानव के रक्त से ही संभव है। ऐसे में जरूरी है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें ताकि आपात स्थिति में वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सके।

इस मौके पर महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, नेशनल कैडेट कोर के संयोजक प्रो. राजीव शर्मा, रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. ललित शर्मा, रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. प्रकाश गौतम, रेंजर और रोवर क्लब के संयोजक डॉ. मनीष कुमार व प्रो. पूनम और एनएसएस अधिकारी प्रो रमेश व प्रो. पूजा उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### उपचुनाव : पहले दिन किसी ने नहीं भरा नामांकन

**हमीरपुर ।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के लिए होने वाले उपचुनाव की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गई। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि उपचुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक अवकाश के दिन कोई भी नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। 21 जून दोपहर बाद 3 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच सोमवार 24 जून को होगी तथा 26 जून तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान 10 जुलाई को सुबह 7 से सायं 6 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।




### पंचायतीराज मंत्री 15 को चियोग प्रवास पर

शिमला । ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 15 जून 2024 को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री 15 जून को दोपहर बाद 3 बजे चियोग मैदान डोरन में 29वीं हिमाचल प्रदेश स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे।

### 22 जून से ही हो समर वेकेशन : लखनपाल

**ऊना।** समर वैकेशन स्कूलों में छुट्टियों को लेकर छिड़ी बहस पर अब निजी स्कूल एसोसिएशन ऊना ने भी अपना रूख स्पष्ट किया है। ऊना जिला की मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन का साफ कहना है कि स्कूलों में छुट्टियों के शेड्यूल में कोई भी बदलाव नहीं होना चाहिए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष लखनपाल शर्मा ने कहा है कि लगभग आधे हिमाचल में इस समय गर्मी खूब तांडव मचा रही है और आसमान से आग बरस रही है। कुछ शिक्षक संगठन अपनी सुविधा के लिए हर वर्ष समर वैकेशन के मौके पर छुट्टियों के समय में बदलाव जैसी बातें करने लगते हैं, जबकि स्कूलों का शेड्यूल मार्च में ही बनकर तैयार हो जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा समर वैकेशन स्कूलों में छुट्टियों का तय शेड्यूल 22 जून से बिल्कुल उचित है। इस संबंध में उनके संगठन की तरफ से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री व शिक्षामंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा ताकि छुट्टियों में कोई बदलाव न हो।

### नालागढ़ उपचुनाव में जगपाल राणा ने जताई दावेदारी

**शिमला ।** नालागढ़ में हो रहे उपचुनाव को लेकर कांग्रेस में नेता टिकट की दावेदारी पेश करने में जुट गए है। हालांकि हरदीप बाबा वहां से उम्मीदवार माने जा रहे है, लेकिन उनका बाहरी होने का विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को सीएम के करीबी माने जाने वाले जगपाल राणा समर्थकों के साथ शिमला पहुंचे और टिकट की दावेदारी पेश की। साथ ही कांग्रेस से बाहरी नेता को टिकट न देने की मांग उठाई। जगपाल राणा ने कहा कि वह पिछले 10 सालों से कांग्रेस के साथ जुड़े हैं और नालागढ़ क्षेत्र में काम कर रहे हैं। नालागढ़ में काफी समय से कांग्रेस सीट नहीं जीत पा रही है। इसका मुख्य कारण कांग्रेस द्वारा बाहरी नेता को टिकट देना है। यदि कांग्रेस स्थानीय नेता को टिकट देती है तो निश्चित रूप से इस सीट को कांग्रेस जीत सकती है।

### अग्निपथ योजना से यूनिटों में जवानों की कमी

**हमीरपुर।** वर्तमान सरकार द्वारा जून 2022 को सहस्त्र सेनाओं की लंबे समय से चली आ रही भर्ती प्रणाली की योजना को बंद करके अग्निपथ स्कीम की योजना के बारे में घोषणा कर दी गई तथा फिर सितंबर 2022 को इसे पूरे भारतवर्ष में लागू कर दिया गया था जो कि स्वर्गीय जनरल विपिन रावत द्वारा सुझाई गई टूर ऑफ ड्यूटी स्कीम, जिसमें अग्नि वीरों की भर्ती की जाएगी तथा उनमें से 25 प्रतिशत को रेगुलर सेनाओं के जवानों में रख लिया जाएगा, वहीं बाकी 75 प्रतिशत को कुछ निश्चित राशि देकर वापस घर भेज दिया जाएगा, जिन्हें न तो पेंशन, न ही चिकित्सा एवं सीएसडी सुविधा ही दी जाएगी। इस स्कीम के बारे में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्ति, महासचिव रमेश कुमार तपवाल, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चैहान संयुक्त बयान में कहा कि अभी हाल ही की जानकारी से पता चला है कि यूनिटों में जवानों की संख्या में इस स्कीम के चलते कमी आई है जिससे कि सीमा पर एलएसी और एलओसी पर संचालन करना उतना आसान नहीं रहा है, जिस कारण इस स्कीम पर पुनर्विचार करना अति आवश्यक है।

### हिमाचल में कानून व्यवस्था ठप : कश्यप

**शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की घेराबंदी की है। उन्होंने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जहां-जहां हिमाचल प्रदेश में क्राइम होता है वहां कांग्रेस के नेता पूर्ण रूप से चुप हो जाते हैं। साफ दिख रहा है की सरकार अपने आप को स्थिर रखने में मस्त है, तभी तो मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री रखने के हक में प्रस्ताव पारित करने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना नालागढ़ के तहत एक महिला के साथ बलात्कार करने वाले समुदाय के आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस अधिकारी द्वारा जांच अधिकारी पर दबाव डालने का मामला सामने आया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी के बार-बार दबाव डालने से तंग आकर जांच अधिकारी ने समय से पहले सेवानिवृत्ति तक ले ली। इसका खुलासा सब इंस्पेक्टर रैंक के जांच अधिकारी के द्वारा नालागढ़ थाना में दर्ज रिपोर्ट में हुआ है।



### बस्सी गांव पहुंची सैनिक की पार्थिव देह

**सुंदरनगर ।** सुंदरनगर के धारंडा के बस्सी गांव निवासी सूबेदार हरीश कुमार पुत्र कांशी राम का जो 23 ग्रेनेडियर जबलपुर में तैनात था, का नहाते समय ब्रेन हैमरेज होने से देहांत हो गया है। शुक्रवार को जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव में पहुंचा। जहां पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया है। जवान की 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 17 वर्षीय बेटी ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर विधायक राकेश जम्वाल ने भी जवान के पार्थिव देह को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि धारंडा के बस्सी गांव का हरीश कुमार जबलपुर में भारतीय सेना के 23 ग्रेनेडियर में सूबेदार के पद पर तैनात था। वह कुछ सप्ताह पहले ही छुट्टी समाप्त होने पर वापस ड्यूटी पर लौटा था। वह अगले चार माह में सेना से सेवानिवृत्त भी होने वाला था, लेकिन दो दिन पहले नहाते समय सूबेदार हरीश कुमार को ब्रेन हैमरेज हो गई। उसे उपचार के लिए आर्मी अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां वीरवार को उसने दम तोड़ दिया।



# हिमाचल में एक हफ्ते में प्रवेश करेगा मानसून

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पिछले साल मानसून ने प्रदेश में खूब तबाही मचाई थी, लेकिन इस साल का मानसून बेहतर रहेगा और आगामी एक हफ्ते में हिमाचल में प्रवेश कर सकता है। मौजूदा समय में मानसून महाराष्ट्र से होते हुए और गुजरात के दक्षिणी तटों पर प्रवेश कर चुका है। इसमें यदि कोई विशेष परिवर्तन नहीं होता है तो मानसून हिमाचल में भी समय पर प्रवेश करेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि पूर्वानुमान के अनुसार 22 से 23 जून तक मानसून हिमाचल में प्रवेश कर सकता है। पिछले साल मानसून पर पश्चिमी विक्षोभ का बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिला। मानसून और पश्चिमी विक्षोभ के आपस में मिलने से बहुत ज्यादा बारिशें होती हैं। इतिहास में जब जब ऐसा देखने को मिला है तब तब भूस्खलन, बाढ़, कैचमेंट एरिया में ज्यादा बरिशें होना आदि घटनाएं देखने को मिली हैं। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अमूमन मानसून पर देखने को मिलता है, लेकिन बीते वर्ष जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने में इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिला था, जिससे भयानक तबाही का मंजर प्रदेश में देखने को मिला था। इस वर्ष भी पश्चिमी विक्षोभ का मानसून से मिलना संभव है और नदी नालों के आसपास के क्षेत्रों में भी नुकसान होने की आशंका है। हर वर्ष मानसून का स्वरूप अलग होता है। पिछले साल मार्च से लेकर सितंबर माह तक बहुत ज्यादा बारिशें हुई थी। करीब 6 से 7 महीने लगातार बारिशें होना भी हिमाचल की आपदा का मुख्य कारण रहा था।

## कानून व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद : जयराम

**शिमला ।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद है। आए दिन अपराध के एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। जो हिमाचल में पहले सुने तक नहीं गए थे। इन मामलों के पीड़ित परिवारों द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जो हिमाचल प्रदेश पुलिस की साख के लिए अच्छी बात नहीं हैं।

एक तरफ पुलिस के जांच अधिकारी ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर जांच में गलत धाराएं जोड़ने का आरोप लगा रहे हैं तो दूसरी तरफ पुलिस पर भी हाल में हुई अपराध की घटनाओं में आरोपियों को बचाने के आरोप लग रहे हैं।

# भाजपा ने किया ऐलान, कांग्रेस घोषणा के इंतजार में

## सीएम पहुंचे दिल्ली, शीघ्र जारी होगी प्रत्याशियों की सूची या फिर दोहराया जाएगा इतिहास

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


ऑपरेशन लोटस के घटनाक्रम की वजह से खाली हुई हमीरपुर विधानसभा की सीट पर आखिर भाजपा ने पूर्व विधायक आशीष शर्मा को पार्टी प्रत्याशी बना दिया है। उनके नाम का ऐलान बीती देर रात को अन्य दो प्रत्याशियों के साथ ही किया गया है। उधर कांग्रेस पिछले चुनाव की तरह इस बार भी प्रत्याशी के ऐलान के मामले में पिछड़ी हुई है, लेकिन यह पिछड़ापन कितना होगा? क्या एक-दो दिनों में प्रत्याशी का ऐलान हो जाएगा या फिर अभी समय लगेगा? इसकी इंतजार शुरू हो गई है।

हालांकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस संदर्भ में दिल्ली पहुंच गए हैं। संभावना यही जताई जा रही है कि एक या दो दिनों के भीतर न केवल हमीरपुर, बल्कि नालागढ़ और देहरा विधानसभा उपचुनाव के तीनों प्रत्याशियों का ऐलान एक साथ हो जाएगा।

भाजपा तीनों का ऐलान कर चुकी है, लेकिन कांग्रेस उम्मीदवारों का ऐलान सूत्र 19 तारीख के आसपास बता रहे हैं। यह तीनों प्रत्याशी वहीं है, जिन्होंने पिछली मर्तबा निर्दलीय चुनाव जीता था और राज्यसभा सीट के चुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए इनका खास योगदान रहा। इन्होंने बाद में अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था,। लेकिन इसका फैसला काफी देरी से विधानसभा अध्यक्ष ने दिया।


आशीष शर्मा


डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा


सुनील शर्मा बिट्टू

### कांग्रेस में टिकट को लेकर चर्चा जोरों पर

उधर कांग्रेस के बीच इस वक्त केवल एक ही चर्चा है, प्रत्याशी का ऐलान कब होगा, किसे टिकट मिलेगा, क्या पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा की मौजूदगी को नजरांदाज कर दिया जाएगा? क्योंकि उपचुनाव के लिए टिकट के मामले को लेकर सत्ता पक्ष अलग तरह का समीकरण भिड़ा रहा है। इसीलिए शिमला से जो खबरें छनकर यहां तक पहुंच रही हैं उनमें डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा और उनके समर्थकों को ताज्जुब हो रहा है। पार्टी के भीतर अभी जिताऊ उम्मीदवार को लेकर चर्चा जारी है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चुनावी दंगल में उतारने की खबरें आ रही हैं। मगर जब तक अंतिम मुहर दिल्ली दरबार में नहीं लगती, तब तक कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति साफ नहीं हो सकती।

हमीरपुर जिला में दो उपचुनाव सुजानपुर और बड़सर में लोकसभा चुनाव के साथ हो चुके हैं। जिसमें बड़सर का परिणाम भाजपा के पक्ष में और सुजानपुर का कांग्रेस के खाते में। अब तीसरा चुनाव हमीरपुर विधानसभा का हो रहा है इसीलिए इन चुनावों को लेकर भाजपा के भीतर भी जबरदस्त हलचल है और कांग्रेस के भीतर प्रत्याशी की घोषणा से जुड़ी हुई इंतजार को लेकर।

### विजयपाल सोहारू ने दिए निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत

**भाजपा** के घोषित प्रत्याशी आशीष शर्मा दिल्ली से हमीरपुर लौट आए हैं। उन्होंने आते ही चुनावी गतिविधियां शुरू कर दी हैं, लेकिन इसी बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता विजयपाल सोहारू इस स्थिति से नाराज दिख रहे हैं। उनका कहना है कि वे निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन इसके लिए समर्थकों से चर्चा करने के बाद अंतिम फैसला लेंगे।

### सीएम का गृह जिला

**भाजपा** के लिए इससे पहले हुए छह उपचुनावों की तरह यह चुनावी काम चुनौती पूर्ण नहीं है। इसकी मुख्य वजह यह है कि हमीरपुर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह अपने गृह जिला में हैं। चुनाव उन्हीं के फेस को लेकर लड़ा जा रहा है, लेकिन इस बार केवल विधानसभा उपचुनाव है।

लोकसभा का चुनाव नहीं इसलिए अबकी बार सरकार बचाने बाली नाजुक स्थिति कांग्रेस के सामने थोड़े भी है। वह इस चुनाव को प्रतिष्ठा से जोड़कर लड़ेगी। क्योंकि अपने गृह जिला में कोई भी मुख्यमंत्री उपचुनाव हल्के में नहीं लेगा।

### हेड कांस्टेबल के गायब होने का मामला

# अब पीड़ित पक्ष की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कालाअंब थाना के हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी के गायब होने के मामले ने अब दूसरा मोड भी ले लिया है। मामले में पीड़ित पक्ष गांव नागल सुकेती निवासी अनीश पुत्र राजेश की पिटाई का वीडियो भी वायरल हो गया है।

वायरल वीडियो में पीड़ित अनीश को पंजाब के करीब 6-7 लोग डंडे और लाठियों से पीट रहे हैं। मामले को लेकर पीड़ित अनीश ने बताया कि यह प्रकरण देवनी विक्रम बाग रोड का है। पीड़ित ने बताया कि यह बड़ा संकरा रोड है जिस पर वह अपने लोड ट्रैक्टर को लेकर जा रहा था।

इसी दौरान उसके पीछे पंजाब की एक स्कॉर्पियो गाड़ी पास के लिए बार-बार हॉर्न मार रहे थे। पास देने की कहीं भी जगह नहीं थी, जैसे ही उसने साइड दी उन्होंने स्कॉर्पियो को ट्रैक्टर के आगे खड़ा कर उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया।

यही नहीं उसको ट्रैक्टर से खींचकर नीचे उतारा और बड़ी ही बेरहमी के साथ उसको बड़े-बड़े लाठी डंडों के साथ बर्बरता से पीटा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसकी चीख पुकार सुनकर पूरे प्रकरण का वीडियो भी बनाया। बताया तो यह भी गया है कि इसी दौरान अनीश के परिजन भी वहां पहुंच गए थे। उन्होंने स्कॉर्पियो का पीछा किया। इसके बाद स्कार्पियो सवार पंजाब के बदमाशों ने उनके परिजनों के साथ भी मारपीट की। यह घटना बीते 8 जून शाम की है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष कालाअंब थाना में अपनी रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचा।

मामले की जांच का जिम्मा थाना प्रमुख के द्वारा हेड कांस्टेबल जसवीर सैनी को दिया गया। जसवीर सिंह द्वारा 8 धारा 341, 323, 147, 148, 149 आईपीसी में दर्ज कर दिया। अब हैरान कर देने वाला विषय तो यह है कि हेड कांस्टेबल को पिटाई का वीडियो दिखाए जाने के बावजूद उसके द्वारा मामला बड़ी ही हल्की धाराओं में दर्ज किया गया।

मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार सभी धाराएं सही है मगर एक साधारण लड़ाई भी होती है तो उसमें भी 506 बी यानी जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज होता है। बावजूद इसके जसवीर सिंह ने पिटाई के वीडियो के बावजूद मामला 506 बी आईपीसी में दर्ज नहीं किया गया।

# ब्यास में समाया पंजाब का युवा प्रवासी ने बचाई दूसरे की जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर के बिंद्रावणी में पैर फिसलने से पंजाब का एक युवक ब्यास नदी में समा गया है। हादसा शुक्रवार सुबह 6:30 के करीब पेश आया।

युवक की तलाशी के लिए एसडीआरएफ और सुंदरनगर से गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच कर ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन शाम 5 बजकर 10 मिनट पर सर्च ऑपरेशन को विराम दे दिया। अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है लोगों के विरोध करने के बाद भी यह युवक ब्यास नदी में उतर गए, जिसके बाद इनके साथ यह हादसा पेश आया है।

शुक्रवार सुबह पंजाब से 5 दोस्त रोहतांग घूमने के लिए जा रहे थे। जब यह बिंद्रावणी के पास पहुंचे तो ब्यास नदी की ओर उतर गए। जिसमें एक युवक का जसदीप सिंह निवासी कुराली का अचानक पैर फिसल गया और ब्यास नदी में डूब गया। वहीं दोस्त को बचाने के लिए आकाशदीप ने भी नदी में छलांग लगा दी, जिसे प्रवासी मजदूर ने डूबने से बचा लिया।

# विदेशी युवक से फेसबुक पर दोस्ती पड़ी महंगी, शिमला की युवती ने गंवाए 12 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला की एक युवती को सोशल मीडिया साइट पर विदेशी युवक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। विदेशी युवक ने पहले युवती का भरोसा जीता और फिर भारत घूमने आने के दौरान मंहगे उपहार का झांसा देकर कस्टम ड्यूटी चुकाने के नाम पर युवती से 12 लाख रुपए ठग लिए।

ठगी का शिकार होने के बाद युवती ने बालूगंज पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित युवती शिमला शहर में प्राइबेट नौकरी करती है। युवती की मारियो सूलीवान नाम के विदेशी युवक से फेसबुक पर दोस्ती हुई। दोनों ने वाट्सअप नंबर भी एक-दूसरे से साझा किए थे।




युवती से कहा गया कि वह भारत घूमने आ रहा है और उसके लिए कई सारे महंगे उपहार लेकर आएगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फेसबुक फ्रेंड से उसकी व्हाट्सएप पर लगातार बात हो रही थी। इसी साल 29 अप्रैल को फेसबुक फ्रेंड ने बताया कि वह दिल्ली एयरपोर्ट पर है और मनी एक्सचेंज के लिए कुछ पैसों की जरूरत है। भारत की सरकार के हिसाब से विदेशी मुद्रा को भारत की मुद्रा में कन्वर्ट करना है इसीलिए मुझे पैसे जमा करने हैं, जिसके बाद पीड़िता से अलग-अलग में कुछ रकम ट्रांसफर कराई गई। आरोपी ने पूरी चेन बनाकर युवती को ठगी का शिकार बनाया। युवती के पास फर्जी कस्टम अधिकारी का भी दिल्ली से फोन आया था कि आपके नाम से उपहार आए हैं, जिसे छुड़ाने के लिए आपको कस्टम ड्यूटी चुकानी पड़ेगी।

इस तरह शातिरों के झांसे में आकर युवती ने कुल 12 लाख रुपए गंवा दिए। चौंकाने वाली बात यह रही कि इसकी आधी रकम युवती ने परिचितों से उधार ली थी। पुलिस ने बताया कि युवती की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# मंडी-भराड़ी पुल के पास संभावनाएं तलाशने पहुंची टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर जिला की गोबिंदसागर झील और कोलडैम में 12 महीने पूरे साल विभिन्न गतिविधियां शुरू करने की प्लानिंग जिला प्रशासन ने बना ली है, जिसमें मंडी भराड़ी पुल के पास रीवर क्रॉसिंग और जिपलाईन की संभावनाएं तलाशने के लिए एक विशेष टीम बिलासपुर पहुंची हुई है, जिसमें अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण, जिला पर्यटन अधिकारी मंडी, सहायक पर्यटन अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, सहायक अभियंता मकैनिकल, पलाटून कमांडेंट होमगार्डस, तहसीलदार बिलासपुर, जिला प्रोग्राम अधिकारी स्वास्थ्य, इंस्ट्रक्टर अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण संस्थान मनाली द्वारा संयुक्त विजिट किया गया।

ऐसे में विजिट में खास बात यह निकलकर आई कि उन्होंने जिला प्रशासन के इस प्लानिंग की तारिफ की है और कहा है कि इस तरह के प्लान के लिए उक्त स्थान उपयुक्त हैं। ऐसे में संयुक्त विजिट के दौरान एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसको प्रदेश सरकार को सौंपी जाएगी। भविष्य में जिला बिलासपुर के दोनों जलाशय में जल क्रीडा गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए रिपोर्ट सरकार को सिफारिश सहित भेजी जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दधोल
### विकास खंड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

### सूचना

सर्वसाधारण जनता/फर्मों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दधोल में विकासात्मक कार्यों हेतु अवधि 01.07.2024 से 31.03.2025 तक निम्न सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति /फर्म अपनी निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत दधोल में दिनांक 07.06.2024 से दिनांक 22.06.2024 तक सायं 5 बजे तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं ग्राम पंचायत बैठक दिनांक 24.06.2024 को सुबह 12.00 बजे खोली जाएंगी जिसके लिए निविदादाता को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।

**सामग्री का विवरण निम्न है:-**

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर रुपयों में | सामग्री की मांग अनुमानित मात्रा में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बजरी क्रैशर 10 एमएम से 25 एमएम तक | प्रति घन फुट | | 2000 घन फुट |
| 2. | बजरी क्रैशर 40 एमएम | प्रति घन फुट | | 1000 घन फुट |
| 3. | बजरी क्रैशर 63 एमएम से 90 एमएम तक | प्रति घन फुट | | 4000 घन फुट |
| 4. | रेता क्रैशर | प्रति घन फुट | | 2500 घन फुट |
| 5. | रेता प्लांट | प्रति घन फुट | | 1000 घन फुट |
| 6. | सोलिंग पत्थर | प्रति घन फुट | | |
| 7. | पत्थर निहारी | प्रति पत्थर | | 2000 पत्थर |
| 8. | पक्की ईंटे द्वितीय श्रेणी | प्रति ईंट | | 20000 ईंट |
| 9. | किराया सीमेंट लोडिंग-अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई घुमारवीं से पंचायत सिविल स्टोर तक | प्रति बैग | | 2000 बैग |
| 10. | किराया सीमेंट लोडिंग-अनलोडिंग सहित पंचायत सीमेंट स्टोर से कार्य स्थल तक 0 से 2 किलो मीटर तक लोकल | प्रति चक्कर | | |
| 11. | किराया सीमेंट लोडिंग-अनलोडिंग सहित पंचायत सीमेंट स्टोर से कार्य स्थल तक 2 से 5 किलोमीटर तक | प्रति चक्कर | | |
| 12. | सैटरिंग स्लैव | प्रति वर्ग फुट | | |
| 13. | सैटरिंग दीवार | प्रति वर्ग फुट | | |
| 14. | सैटरिंग रास्ते हेतु रनिंग में | प्रति फुट | | |
| 15. | पानी टैंकर 3000 लीटर | प्रति टैंकर | | |
| 16. | जेसीबी प्रति घंटा | प्रति घंटा | | |

**निविदाएं देने हेतू शर्तें:-** 1. जीएसटी नंबर धारक की निविदाएं जो उसके लैटर पैड पर हों तथा संबंधित सामग्री वितरण का हवाला लैटर पैड पर हो वही मान्य होगी व सामग्री की दरें जीएसटी दरों साहित दें तथा अपने जीएसटी नंबर धारक की फोटो कापी साथ संलग्न करें। 2. कटिंग व ओवर राइटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री पूरे पंचायत क्षेत्र में जहां तक ट्रैक्टर जाता है वहां तक पहुंचानी होगी। 4. कम दर वाली जीएसटी नंबर धारक की निविदा की मान्य होगी व जीएसटी बिल के साथ सामग्री का एम फार्म भी देना होगा। 5. पंचायत द्वारा सामग्री मांग करने पर समय पर सामग्री न देने पर तथा सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर स्वीकृत निविदा रद्द की जाएगी। 6. सामग्री की अदायगी तकनीकी कर्मचारी द्वारा पास करने पर की जाएगी। 7. स्वीकृत निविदा को पंचायत बिना कारण देते हुए कभी भी रद्द कर सकती है व स्वीकृत निविदा की समय अवधि कम या अधिक कर सकती है। 8. सामग्री की अनुमानित मांग आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या कम की जा सकती है। 9. प्रत्येक निविदादाता को निविदा देने समय अग्रिम धरोहर राशि के रूप में बतौर सिक्योरिटी पंचायत के पास मुबलिक (20000) बीस हजार रुपए की एफडी किसी भी बैंक से बंधक पंचायत सचिव/ प्रधान के साथ करवाकर निविदा देते समय कार्यालय ग्राम पंचायत दधोल में जमा करवानी होगी।

उपरोक्त शर्तों की अनुपालना न करने पर स्वीकृत निविदादाता की अग्रिम धरोहर राशि के रूप में बतौर सिक्योरिटी पंचायत के पास मुबलिक (20000) बीस हजार रुपए की रखी गई एफडी वापस नहीं की जाएगी जिसका किसी भी प्रकार का किसी भी न्यायालय में कोई भी दावा/शिकायत मान्य नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत दधोल विकास खंड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**


**विकास** | 2021 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 150 करोड़ की लागत से इस रोपवे को दी थी मंजूरी

# लुहणू-बंदलाधार रोपवे के शुरू होने की जगी उम्मीद

**शुभम राही, बिलासपुर**



बलासपुर के लुहणू मैदान से बंदलाधार तक 150 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित रोपवे के बनने की एक बार फिर से आस जग चुकी है। केंद्र सरकार में एक बार फिर से बिलासपुर जिला से संबंध रखने वाले जगत प्रकाश नड्डा को मंत्री पद मिलने से बिलासपुर वासियों की उम्मीदें बढ़ चुकी है।

2021 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लुहणू-बंदलाधार में 150 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे को मंजूरी दी थी, जिसके बाद यहां पर रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की टीम ने लुहणू व बंदलाधार को दौरा किया था। इसकी सारी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर केंद्र को सौंपी थी, लेकिन उसके बाद यह कार्य कोई गति नहीं पकड़ गया और 2021 में हुई घोषणा के बाद अब तक इसका कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

वहीं, अब एक बार फिर से जेपी नड्डा को केंद्रीय मंत्रालय मिलने के बाद अब उम्मीद है कि जेपी नड्डा इस कार्य को जल्दी से करवाएंगे। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर एम्स कोठीपुरा, हाइडो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन व किरतपुर नेरचैक फोरलेन के कार्यों को धरातल पर लाने के लिए जगत प्रकाश नड्डा का मुख्य योगदान रहा है और अब एक बार फिर से इन कार्यों में गति और नए प्रोजेक्टों पर वर्क करना यह उम्मीद बिलासपुर वासियों को हैं। अब देखना यह होगा कि जगत प्रकाश नड्डा इस प्रोजेक्ट को शुरू करवाने के लिए कितनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

गौरतलब है कि केंद्रीय बजट में पर्वतमाला योजना में तीन किलोमीटर के इस रोपवे को शुरू करने की घोषणा की गई थी। रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी थी। इसके बाद इसके लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था।

एक ओर जहां आगामी भविष्य में बिलासपुर की बंदलाधार को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा मिलेगा वहीं, लंबे समय से यहां पर अपना जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए भी आर्थिक तौर पर सुदृढ़ता मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### रोपवे से पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

यह रोपवे बंदलाधार में पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। जहां पहले बंदला धार पहुंचने के लिए करीब 45 मिनट तक का समय लगता है। अब रोपवे बनने से बंदलाधार में महज 15 मिनट में पहुंचा जाएगा। बंदला के लिए सफर करने वाले लोगों को वर्तमान में करीब 16 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है, लेकिन रोपवे बनने के बाद महज तीन किलोमीटर तक का ही सफर शेष रहेगा। बता दें कि बंदलाधार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए लंबे समय प्रयास किए जा रहे हैं। एक ओर जहां पहले यहां पर पैराग्लाईडिंग की जाती है। वहीं, दूसरी ओर बंदला में हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज शैक्षणिक सत्र भी शुरू हो गया है।

### दो माह के लिए मछली पड़कने पर प्रतिबंध कल से

**बिलासपुर ।** प्रदेश में सामान्य जल में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मछली पकड़ने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। यह जानकारी निदेशक एवं प्रारक्षी मत्स्य हिमाचल प्रदेश विवेक चन्देल ने दी।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश मत्स्यपालन विभाग का दायित्व है कि उपरोक्त सभी मछुआरा परिवारों को निरंतर रूप से आजीविका हेतु मछली मिलती रहे तथा लोगों को प्रोटीन युक्त प्राणी आहार प्रदान किया जा सके।

इस अवधी के दौरान यदि कोई मछली पकड़ता पाया जाता है तो नियमों के अनुसार छह माह तक की कैद तथा 300 से 1000 रुपए तक जुर्माना राशि अथवा दोनों का प्रावधान है।

## न्यूज ब्रीफ

### जयसिंहपुर बाजार में लगाई मीठे पानी की छबील



**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर बाजार में शुक्रवार को ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान सरकारी स्कूल के छोटे बच्चों, राहगीरों और बाजार में खरीददारी करने आए लोगों को मीठा जल पिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पीसी शर्मा, सजय मेहरा, ओम प्रकाश मेहरा, पिंकू मेहरा, साहिल मेहरा, बशु मेहरा ने राहगीरों और खरीददारी करने वाले लोगों को मीठा पानी पिलाने में अपनी सेवाएं दीं।

### जवाली स्कूल में जालपा पत्रिका का विमोचन




**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में वार्षिक पत्रिका जालपा का विमोचन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राकेश शर्मा ने कहा कि इस पत्रिका में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने लेख एवं कविताओं के माध्यम से अपने लेखन कार्य की प्रतिभा प्रकट की है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा ने पत्रिका के प्रकाशन पर संपादकीय टीम व इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। पत्रिका के मुख्य संपादक यशपाल सिंह का कहना है कि इस पत्रिका में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, पहाड़ी, पंजाबी व व्यावसायिक खंडों में विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के साहित्य को स्थान दिया गया है। पत्रिका का प्रकाशन अनामिका प्रिंटर्स के माध्यम से करवाया गया है।

### खानपान पर उचित ध्यान दें विद्यार्थी : डॉ. शर्मा



**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में सिविल अस्पताल की टीम ने किशोरावस्था विषय पर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्द्धन किया। सिविल अस्पताल के डॉ. अंकेज शर्मा और काउंसलर कृष्ण कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में मनुष्य का खानपान बिगड़ता जा रहा है और हम कई प्रकार के रोगों की गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने खानपान पर उचित ध्यान दें। आजकल की युवा पीढ़ी जंक फूड पर ज्यादा निर्भर हो रही है और इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हमें इसके प्रति सचेत रहना होगा और अपने खानपान की प्रणाली में सुधार लाना होगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि किशोरावस्था में युवाओं के शरीर में कई बदलाव आते हैं और अगर युवा अपनी सेहत के प्रति अलर्ट रहे तो उसका शरीर स्वस्थ रहेगा। इस मौके पर लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की सलाह दी गई।

### उपचुनाव में कांग्रेस की होगी जीत : मनोज



**डाडासीबा।** हिमाचल में कांग्रेस की स्थिर सरकार को भाजपा जितनी मर्जी कोशिश करके देख ले, भाजपा नेताओं के ये मनसूबे कभी पूरे होने वाले नहीं हैं। ये शब्द जसवां-परागपुर से संबंध रखते प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव मनोज शर्मा ने कहे। मनोज ने जयराम की भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। मनोज ने कहा कि मतदाताओं द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने के प्रयासों की पोल खुलते ही भाजपा का ग्राफ पूरे हिमाचल में बुरी तरह गिरा हुआ है, जिसका परिणाम भाजपा को देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर के उपचुनाव में मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के घर देहरा विधानसभा के अंतर्गत आते हैं और अगर उनकी प ी देहरा से चुनावी मैदान में उतरती है तो देहरा की जनता के लिए बहुत बड़ी बात होगी। देहरा को जिला बनाने वाली अटकलों को भी अमलीजामा पहनाने में कमेलश ठाकुर का चुनाव लड़ना कारागार सिद्ध हो सकता है।

### रैत में एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास



**शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वर्ष 2024 की थीम महिला सशक्तिकरण के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में प्राचार्य अजय सम्बयाल द्वारा एक दिवसीय योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया ग्रया। इसमें हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर एएचसी शाखा रैत (आयुष) के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवानी के निर्देशानुसार योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा द्वारा किया गया। इसमें 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत कैडेट्स को ग्रीवा चालन जैसे सूक्ष्म व्यायामों सहित अन्य कपालभाति, शीतली आदि प्राणायामों के साथ तनावमुक्ति तथा स्मरण शक्ति वृद्धि हेतु भ्रामरी उदगीत का अभ्यास करवाया गया। योग सत्र में एनसीसी कैडेट्स प्रभारी मुकेश मन्हास, शंकर, रीता तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# हिमस्पार्क की अंतिम संध्या हार्मनी ऑफ पाइन्स के नाम

## डिग्री कॉलेज धर्मशाला के सभागार में सीयू के एचपीकेवी बिजनेस स्कूल का दो दिवसीय उत्सव संपन्न

पुनीत शर्मा, धर्मशाला



सीयू के एचपीकेवी बिजनेस स्कूल का दो दिवसीय उत्सव 'हिमस्पार्क' में प्रस्तुति देता हार्मनी ऑफ पाइन्स का दल।

डिग्री कॉलेज धर्मशाला के सभागार में एचपीकेवी बिजनेस स्कूल ने बड़े उत्साह के साथ दो दिवसीय प्रबंधन उत्सव 'हिमस्पार्क' का समापन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बतौर मुख्यातिथि ई. विक्रम, मुख्य वन संरक्षक और शाम की सांस्कृतिक संध्या में प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता अकादमिक बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। अतिथियों को सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रो. सूर्य रश्मि ने बतौर संयोजक सभी अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद किया।

इस मौके पर प्रो. संजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल और प्रो. दीपांकर शर्मा, विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसिद्ध हिमाचल प्रदेश पुलिस ऑर्केस्ट्रा 'हार्मनी ऑफ पाइन्स' का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा। विभागाध्यक्ष प्रो. दीपांकर शर्मा ने दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तथा अधिष्ठाता अकादमिक का स्वागत किया। इसके बाद बाद प्रो. (डॉ.) संजीव गुप्ता ने आयोजकों तथा छात्रों के प्रयास की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे। दो दिनों के इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें फैशन शो, नृत्य, संगीत, कविता प्रमुख आकर्षण रहे। अंत में, हिमस्पार्क-2024 के संयोजक हर्षित शर्मा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया। हिमस्पार्क-2024 में जवाहर लाल विश्वविद्यालय, पंजाब यूनिवर्सिटी, कई स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। डिग्री कॉलेज धर्मशाला, द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, धर्मशाला, ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ बैचलर एजुकेशन, राजोल, ब्वॉयज स्कूल धर्मशाला ने भाग लिया। स्कूलमेट कार्यक्रम में भी सेक्रेड हार्ट स्कूल, रॉयल कैम्ब्रिज ग्लोबल स्कूल, डीएवी, गामरू विलेज स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

**उत्सव** में आयोजित प्रतियोगिताओं में डेविल फॉलो में गर्व राजपूत, अक्षित चौधरी, यमुना नंद पांडे पहले स्थान पर, नीलाक्षी ठाकुर, आकाश, अंशिका कुमारी दूसरे और चेतन, अभिनव धीमान, अंशिका तीसरे स्थान पर रहे। कॉरपोरेट रोडीज में सर्वेश पहले, अवनीश पांडे दूसरे और तीसरे स्थान पर गुरदीप ने कब्जा किया। एड-मैड शो में योप्रत पांडे और डेविड रोसारियो पहले, अभिषेक और विकास दूसरे और मनीषा और अभिनव धीमान तीसरे स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी में निकिता डोगरा-शैलजा मलिक पहले स्थान पर, अजय और ईशान दूसरे और अमन और शिवानी कंवर तीसरे स्थान पर रहे। फ्लैश फिल्म प्रतियोगिता में सुहैल, चैतन्य और अभिनव क्रमशःपहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। विक्रय बाजार में होम मेड ज्वैलरी पहले, ब्रदर्स कैफे दूसरे और तीसरे स्थान पर निरेला होम बेकर्स रहे। एकल गायन में दीपक कुमार, पटोरी जाना और मोहिनी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। एकल नृत्य में काजल डोगरा, रिया जयस्वाल और सुष्मिता दास ने पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। समूह नृत्य में शगुन भट्ट एवं समूह प्रथम, दीक्षा कौंडल एवं ग्रुप दूसरे स्थान पर, कविता पाठ में निकारिका पहले, हेमराज दूसरे और स्नेहा मिश्रा तीसरे स्थान पर रही। मॉडलिंग में लड़कियों में संजना, सुमोयी और मुस्कान डोगरा पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। वहीं लड़कों में विवेक सिंह, योप्रत पांडे और इशान पहले तीन स्थानों पर रहे। वॉर ऑफ वर्ड्स प्रतियोगिता सानिया शेख ने जीती। वहीं रैप प्रतियोगिता में अल्फा, सर्वेश कुमार और शाश्वत शर्मा पहले तीन स्थानों पर रहे।

## पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने प्रेस के नाम जारी वक्तव्य में बताया की बोर्ड द्वारा नवंबर, दिसंबर, 2023 में संचालित की गई डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की नियमित, री-अपीयर तथा पूर्ण विषयों में अनुत्तीर्ण परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण के लिए जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था उनका पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नं. 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रतिदिन 8 गिलास पानी पिएं : सुरजीत

### नूरपुर कॉलेज के गोद लिए गांव रोड में बताया स्वस्थ आहार का महत्व

संजीव महाजन, नूरपुर



रोड गांव में स्वस्थ आहार के बारे में जानकारी देते नूरपुर कॉलेज के शिक्षक। साथ हैं अन्य।

राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर की एनएसएस इकाई के प्रोग्राम अधिकारी सुरजीत सिंह ने शुक्रवार को गोद लिए गांव रोड में स्वस्थ आहार का महत्व पर व्याख्यान दिया। स्वस्थ आहार के महत्व पर दिए गए व्याख्यान में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया, जो समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने, पुरानी बीमारियों को रोकने और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक है।

एक स्वस्थ आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा और विटामिन एवं खनिज का संतुलित सेवन शामिल है। व्याख्यान में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सेवन पर बढ़ती चिंता को उजागर किया गया, जो चीनी, नमक और अस्वास्थ्यकर वसा में उच्च होते हैं। दैनिक जीवन में स्वस्थ खाने की आदतों को शामिल करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए गए, जैसे भोजन योजना, भाग नियंत्रण और जागरूक भोजन। पर्याप्त पानी का सेवन पाचन, पोषक तत्व अवशोषण और तापमान विनियमन सहित शारीरिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है।

व्याख्यान में प्रतिदिन कम से कम 8 गिलास पानी पीने और मीठे पेय पदार्थों को सीमित करने की सिफारिश की गई। व्यक्तिगत स्वास्थ्य आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत पोषण योजनाओं के महत्व पर चर्चा की गई।

व्याख्यान का निष्कर्ष इस बात पर जोर देकर किया गया कि आहार विकल्पों का स्वास्थ्य और भलाई पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अघद्वर प्रधान ममता देवी और अन्य ग्राम सदस्य उपस्थित रहे।

## 18 से 60 वर्ष की आयु तक कर सकते हैं रक्तदान : सुरेश



सालविया शर्मा, गरली

देहरा पब्लिक स्कूल खबली में शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य रमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि सुरेश चंदेल हेल्थ एजुकेटर ब्लॉक (ज्वालामुखी) ने रक्तदान को लेकर बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतरात पर रक्तदान कर सकता है। 18 से 60 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। बच्चों ने भाषण और नाटक के माध्यम से रक्तदान का महत्व बताया। प्रधानाचार्य रमा सिंह ने भी रक्तदान करने हेतु बच्चों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सालय खबली के अधिकारी मोनिका और संतोष, अध्यापक और 200 बच्चे उपस्थित रहे। सुरेश चंदेल ने भाषण प्रतियोगिता और नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया। (अनंत ज्ञान)

### द्रमण स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में करवाईं विभिन्न गतिविधियां

## सिंगल यूज प्लास्टिक को न करें रीयूज

राकेश डोगरा, डरोह



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्रमण में पर्यावरण दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में 5 से 13 जून तक आयोजित गतिविधियों को सात अलग-अलग भागों में बांटा गया। इस वर्ष अर्थात 2024 में पर्यावरण दिवस हमारी पृथ्वी हमारा भविष्य नारे के साथ मनाया जा रहा है व इसकी थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता है।

इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पांच जून को पर्यावरण तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, एक रैली भी निकाली गई। 6 जून को सतत् खाद्य प्रणाली अपनाएं विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। 7 जून को इलेक्ट्रोनिक अपशिष्ट प्रबंधन पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें पुराने व उपयोग में ना लाए जा सकने वाले उपकरणों को इधर-उधर फेंकने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। 8 जून को कचरा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान हुआ। 11 जून को ऊर्जा बचाओ विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। 12 जून को जल संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों की कला प्रतियोगिता की गई। 13 जून सातवें दिन 'एकल उपयोग प्लास्टिक को नहीं' विषय पर व्याख्यान दिया गया। बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। (अनंत ज्ञान)

## विद्यार्थियों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

### देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की टीम ने बच्चों का बढ़ाया ज्ञान





राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में विद्यार्थियों को जागरूक करती देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की टीम।

अनिल छांगू, जवाली

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की टीम ने आध्यात्मिक ज्ञान देकर स्वस्थ जीवन शैली के टिप्स दिए। विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक सुमित साहु ने गायत्री मंत्र की महत्ता समझाई और विद्यार्थियों को अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इसके साथ ही गोपाल पंवर व दीपक शर्मा ने योग कि विभिन्न आसनों के माध्यम से शुद्धिकरण के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि सुबह से शाम और रात को सोने तक मानव जीवन की दिनचर्या अति व्यस्त दौर से गुजर रही है। लिहाजा, मनुष्य अपने लिए ही समय नहीं निकाल पा रहा और अगर हम स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो हमें अपने परिवार में अच्छे संस्कार विकसित करने होंगे और हमें खुद के लिए समय निकालना होगा और आध्यात्म और योग से जुड़ना होगा। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## मां-बाप का विश्वास बढ़ा है बेटियों पर



देचेन यांगजिन, निवासी पियुकर लाहौल-स्पीति।

मुझे नहीं लगता कि आज के समय में दहेज प्रथा जिंदा है। मैं एक जनजातीय क्षेत्र से संबंध रखती हूं और यहां पर दहेज प्रथा न पहले थी और न अब है और मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में दहेज प्रथा सिर्फ एक नाम और किस्सा बनकर रह जाएगी। हमारे समाज में इस तरह की कुरीतियों के लिए कोई जगह नहीं है। मैं लाहौल-स्पीति के गांव पियुकर से आती हूं, जहां पर बेटियों के जन्म पर भी प्रसन्नता जताते हुए एक विशेष प्रकार का आयोजन किया जाता है, जोकि अपने आप में अनूठा है और सभी के लिए मिसाल कायम करता है। यह आयोजन सिर्फ बेटियों को समर्पित रहता है, इसलिए मुझे लगता है कि वक्त के साथ-साथ लोगों की सोच बदली है। वर्तमान में देश में जिस तरह से बेटा-बेटी एक समान का नारा दिया जा रहा है, वह आज के समय के हिसाब से सार्थक होने जा रहा है। आज मां-बाप बेटियों पर भी उतना ही विश्वास कर रहे हैं, जितना कि पहले बेटों पर करते थे। यह परिवर्तन सिर्फ कह देने भर से नहीं हुआ है और न ही यह चमत्कार एक दो दिन में हुआ है, बल्कि बेटियों ने अपने साहस, मेहनत और कुछ कर दिखाने की हसरत में इस विश्वास को कमाया है।

## बेटियों ने कुछ कर दिखाने की हसरत में जीता सभी का विश्वास

*एक वक्त था जब बेटियों के जन्म के साथ ही माता-पता के माथे पर चिंता की लकीरों का भी जन्म होता था और ये लकीरें तब तक अभिभावकों के माथे पर बनी रहती थीं, जब तक कि बेटियों की विदाई नहीं हो जाती थी। बेटियों के अभिभावकों के लिए दहेज एक बहुत बड़ी समस्या थी, जोकि बेटी के मां- बाप को कभी चैन से जीने नहीं देता थी। दहेज की आग में न जाने कितनी बेटियों ने दम तोड़ दिया, मगर दहेज फिर भी सीना ताने बदलते समाज में धीरे धीरे अपनी जगह बनाता गया था। आज खुशी इस बात की है कि दहेज नाम की कुप्रथा हमारे समाज से लुप्त हो चुकी है, मगर आज दहेज ने अपना रूप बदल लिया है और वह बेटियों को दिए जाने वाले महंगे-महंगे तोहफों के रूप में अपनी जगह बना रहा है, जोकि साधारण परिवार के अभिभावकों की सोच पर अपनी नकरात्मक छाप छोड़ रहा है, जिससे बचना ओर समझना बहुत जरूरी है। आज के समय में यूं तो बेटा-बेटी एक समान का कहा जा रहा है, मगर धरातल पर क्या ऐसा ही है। हैरानी की बात यह है कि कुछ पढ़े-लिखे और समाज में प्रतिष्ठित लोग भी बेटियों के जन्म पर उतने खुश नहीं दिखते, जितने कि बेटों के जन्म पर खुश दिखते हैं। यह समाज की कथनी और करनी में अंतर को दिखाता है। आइए इन्हीं सब विषयों पर केंद्रित महिलाओं के विचारों को साझा करते हैं।*

*-सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।*

## दहेज प्रथा आज भी कहीं न कहीं जिंदा तो है



निर्मला ठाकुर, निवासी व्यासा मोड़, आखड़ा बाजार, जिला कुल्लू।

*मेरे विचार में आज भी दहेज प्रथा कहीं न कहीं जिंदा है। हालांकि अब लोग पहले की खुल कर दहेज की मांग नहीं करते, मगर दबी आवाज में और किसी न किसी बहाने से दहेज की उम्मीद तो रखी जा रही है। बदलते समय के साथ बेटियों के विवाह के लिए बेटी के माता-पिता और भाई-बहन सहित अन्य घरवाले भी चाहते हैं कि विवाह के बाद बेटी को अपनी तरफ से जरूरत का हर सामान भेंट किया जाए, जोकि दहेज के एक बदला हुआ रूप है। क्योंकि ज्यादातर लड़की वाले खुद ही अपनी बिटिया के सुख-सुविधाओं के लिए कुछ न कुछ भेंट करते हैं। आज के समय में बेटा और बेटी में कोई ज्यादा अंतर नहीं है क्योंकि कामयाबी पाने की दौड़ में आज लड़कियां भी किसी से कम नहीं है। आज लोगों की सोच बदल चुकी है और अब लोगों को यह लगता है कि बेटों से ज्यादा बेटियां अपने परिवार का अच्छे से ख्याल रख सकती हैं। यूं तो ज्यादातर लोग यही कहते हैं कि बेटा -बेटी एक समान हैं, मगर सब जगह ऐसी सोच नहीं है। अभी भी ज्यादातर लोग बेटी से पहले बेटे की चाहत रख रहे हैं, जोकि यह साबित कर रहा है कि अभी भी समाज को पूरी तरह से बदलने में वक्त लग सकता है।*

## समाज में दहेज प्रथा आज भी प्रचलित



पूजा जायसवाल, निवासी नाहन जिला सिरमौर।

*__दहेज__ प्रथा भारतीय समाज में अभी भी एक गंभीर समस्या है, जो कई परिवारों की खुशियों को निगल रही है। इस प्रथा का उद्देश्य वर-वधू के जीवन को समृद्ध बनाना होता था, लेकिन समय के साथ यह एक सामाजिक बुराई में परिवर्तित हो गई है। केवल कानून से ही नहीं, बल्कि समाज में मानसिकता में बदलाव लाकर ही इस समस्या का समाधान संभव है। भारत में आज भी कई परिवारों में यह माना जाता है कि बेटा वंश को आगे बढ़ाता है और बुजुर्गों की देखभाल करता है, जबकि बेटी को पराया धन समझा जाता है और यह मानसिकता भेदभाव को बढ़ावा देती है। भले ही कानून बेटियों को बराबरी का हक देता हो, समाज में इसे मान्यता प्राप्त करने में अभी भी समय लग रहा है। बेटियों को भी उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई परिवार अब बेटियों को भी बेटों की तरह ही शिक्षित करने और रोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हैं। बेटा और बेटी को पूरी तरह से समान मानने के लिए अभी भी काफी प्रयास और परिवर्तन की आवश्यकता है।*

## कुछ परिवार अपनी जमा पूंजी दहेज के रूप में लुटा रहे



श्वेता राठौर, निवासी बनीखेत डलहौजी, जिला चंबा।

**दुख** की बात है कि आज के समय भी देश में बहुत क्षेत्रों में दहेज प्रथा सामान्य और गरीब परिवार के लोगों की चिंता बन कर जिंदा है। आज भी कुछ परिवार अपनी जमा पूंजी को दहेज के रूप में दे रहे हैं, जबकि लड़के वाले उसे लड़की के परिजनों के द्वारा बेटी को दिया गया उपहार कहकर दहेज बटोर कर साफ बच जाते हैं। हैरानी की बात है कि कुछ राज्यों में तो बेटे की शिक्षा पर जितना खर्च अभिभावक करते हैं, बाद में विवाह के समय उतनी ही रकम दहेज के रूप में बेटी वालों से वसूल करते हैं जो कि इस प्रथा की घिनौनी तस्वीर को बयां करता है। यह बात जरूर चौंकाने वाली है कि आज भी पढ़े-लिखे तबके के लोग भी कहने को बेटा बेटी एक समान कहते हैं, मगर हकीकत में वे भी बेटों को ही प्राथमिकता देते हैं और जिन संपन्न परिवार में बेटियां हैं, वे बेटे की चाह में 2-3 ओर बेटियों को जन्म दे बैठते हैं। वंश को आगे बढ़ाने की चाहत, वारिस बेटा ही बनेगा और वही वंश को आगे बढ़ाएगा जैसी बातें जब तक समाज में प्रचलित रहेंगी, तब तक सिर्फ कहने के लिए लोग बेटा-बेटी एक समान का नारा देते रहेंगे। मगर ऐसा भी नहीं है कि बेटी को ही सब कुछ मानने वाले लोग नहीं हैं। बहुत से अभिभावक ऐसे भी हैं, जो अपनी बेटियों को अपना सब कुछ मानते हैं।

## हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के वानिज जग्गी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



पधर के युगल शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सुंदरनगर के अर्णव शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# चैतड़ू में बाढ़ में फंसे लोगों को बचाया

## अलर्ट मिलते ही बचाव को मुस्तैद हुआ प्रशासन, जिले में मॉकड्रिल से किया आपदा से निपटने की तैयारी का आकलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में आपदा से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार आपदा प्रबंधन प्लान को धरातल पर परखने के लिए चैतड़ू में मॉकड्रिल आयोजित की गई। शुक्रवार को प्रात: नौ बजे मॉकड्रिल अलर्ट मिलते ही आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी दल पुलिस ग्राउंड स्टैजिंग एरिया में डट गए। जिला प्रशासन ने पूरी मॉकड्रिल को वास्तविक घटना की तरह लेकर ही अपनी प्रतिक्रिया दी और बाढ़ में फंसे लोगों को बचाया।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मॉकड्रिल के पश्चात प्रेस वार्ता में कहा कि ने इस मॉक ड्रिल का मकसद आपदा के समय में जिला प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना था। इसमें प्रतिक्रिया में लगने वाले समय, समन्वय में गैप समेत अन्य कमियों को जांचा गया, साथ ही फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की पहचान की गई। इससे प्राप्त सीख और अनुभव के आधार पर आगे सुधारात्मक कदम उठा कर आपदा प्रबंधन योजना को और कारगर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम आने को है और इसमें सम्भावित भारी बारिश, बाढ़, बादल फटना, भूस्खलन और नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से आपदा की स्थिति बनती है। ऐसे में जन सुरक्षा तय बनाने और आपदा से होने वाले संभावित नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अपने दायित्वों की जानकारी, विभागों की आवश्यक पूर्व तैयारी और मुस्तैदी बहुत आवश्यक है। इसमें यह मॉकड्रिल बहुत सहायक रही। अधिकारियों की आपदा प्रबंधन को लेकर क्षमता विकास में भी यह अभ्यास मददगार है।



चैतड़ू में आयोजित मॉकड्रिल में बचाव कार्यों का अभ्यास करते हुए।

### आपदा प्रबंधन के हर पहलू को परखा

**इस** पूरे घटनाक्रम में आपदा प्रबंधन योजना, रेस्क्यू ऑपरेशन, आपात संचार प्रणाली, विभागीय तालमेल, आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल, संसाधन मैपिंग, रास्ते बहाल करने को मशीनरी का प्रयोग, स्वास्थ्य व्यवस्था, घायलों को मौके पर मेडिकल सहायता देने, एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल ले जाने, प्रभावितों को राहत शिविरों में पहुंचाने, राशन एवं पेयजल वितरण व्यवस्था देखने, स्थानीय स्तर पर जन सहयोग समेत स्थिति को सामान्य बनाने से जुड़े आपदा प्रबंधन के हर पहलू पर गौर करने के साथ सभी उपायों को परखा गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिला के सभी उपमंडलों में भी बाढ़ तथा भूस्खलन को लेकर मॉकड्रिल आयोजित की गई है।

## आपदा से निपटने के लिए विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल जरूरी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन मेगा मॉकड्रिल कार्यक्रम के अंतर्गत कांगड़ा उपमंडल में भी मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में डीडीएमए के आदेशानुसार समस्त विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिम्मेदार अधिकारी एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की देखरेख में किया गया। मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम आपदा के खतरे से निपटने के लिए स्टेजिंग एरिया, ऑपरेशन, कंट्रोल, लॉजिस्टिक और प्लानिंग रूम स्थापित किया गया। आपदा की सूचना मिलते ही सर्वप्रथम स्थानीय प्रशासन द्वारा समस्त विभागों को इसकी सूचना दी जाती है और साथ ही उनके पहुंचने तक स्थानीय लोगों के साथ मिलकर प्रारंभिक सहायता देने का प्रयास किया जाता है और बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को समय रहते चेतावनी का मैसेज दिया जाता है। सभी टीमें घटनास्थल पर पहुंचती हैं और घटनास्थल से हताहत लोगों को निकालती हैं। इन सभी दुर्घटना का शिकार हुए लोगों की मौके पर मौजूद डॉक्टर की टीम द्वारा जांच की जाती है और इन्हें फर्स्ट एड दी जाती है साथ ही सभी मरीजों की उनकी हालत के अनुसार विभिन्न रंगों की पट्टियां बांधकर टैगिंग की जाती है। टैगिंग करने के उपरांत अधिक गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा जाता है। जांच करने के उपरांत सही हालत वाले मरीजों को खाने की सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है और फौरी राहत के तौर पर राशि उपलब्ध करवाई जाती है।

एसडीएम कांगड़ा ने कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य विभिन्न विभागों में आपसी तालमेल होना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा एक सही स्टेजिंग एरिया को स्थापित करना जहां से पूरे कार्य को कंट्रोल किया जा सके यह महत्पूर्ण है। लोगों तक जल्दी से जल्दी समय पर आपदा की स्थिति की जानकारी पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे समय से निपटने के लिए सभी को आपदा मित्रों की तरह की ट्रेनिंग करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# लदौड़ी और पंद्रेहड़ में ग्रामीणों को सिखाए आपदा से निपटने के तरीके



**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

प्रदेश में मानसून दस्तक देने वाला है। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है, जिसके चलते जहां भूस्खलन, कभी खड्डों में बाढ़ तो कभी जमीन धंसने जैसी आपदाएं हर बार आती हैं। गत वर्ष भी भारी बरसात की बजह से प्रदेश में करोड़ो रुपऐ का नुकसान हुआ था। आपदा के दौरान जोखिमों और नुकसान को न्यून करने के लिए शुक्रवार को पूरे प्रदेश में मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। नूरपुर प्रशासन ने भी लदौड़ी और पंद्रेहड़ पंचायत में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

एसडीएम नूरपुर गुरसिमर की अध्यक्षता में हुए इस मॉकड्रिल अभियान में प्रशासन के साथ गृहरक्षक जवान, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पंचायतीराज विभाग शामिल हुआ। इस मॉकड्रिल में बताया गया कि भूस्खलन और बाढग्रस्त क्षेत्र में बचाव अभियान को किस तरह अमलीजामा पहनाना है।

एसडीएम गुरसिमर सिंह ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में बचाव अभियान के दौरान स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। ऐसे में प्रशासन के साथ उनके तालमेल से बेहतर परिणाम की अपेक्षा रहती है।

### सेहल में हुई मॉकड्रिल

**बैजनाथ।** बैजनाथ के सेहल में चंगर विद्युत प्रोजेक्ट के पास फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। इसमें आपदा के समय सजग रहने, जान माल व बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान ग्रामीणों को घर में मौजूद सामग्री का बाढ़ में किस तरह उपयोग कर सकते हैं, इसका डेमो दिया गया। इस दौरान राहत बह बचाव टीम, अग्निशमन विभाग, जिला पुलिस बल, चिकित्सा टीम के द्वारा आपदा की स्थिति में लोगों की जान कैसे बचाई जाए, इसका अभ्यास किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अधवानी और आसपास आज बंद रहेगी बिजली

**ज्वालामुखी।** विद्युत अनुभाग अधवानी के अंतर्गत 11 केवी फीडर चंबा पत्तन की 11केवी एचटी लाइन की मरम्मत व उचित रखरखाव हेतु 15 जून को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक गांव रैंख्वा, सिहोरपाई, बलाराडू घलौर और अधवानी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम के कारण यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ज्वालामुखी नंबर 2 अमर चंद ने जनता से अनुरोध किया है कि सहयोग करें।

### बगली में बताया रक्तदान का महत्व और फायदे

**कांगड़ा।** ग्राम पंचायत बगली में रक्तदान जागरूकता मीट के लिए एनआरएमएल के स्वयं सहायता समूह व ग्राम संगठनों की महिलाएं एकत्रित हुईं, जिसमें रक्तदान क्यों जरूरी है, इसके फायदे क्या हैं, इसके बारे में बताया गया। साथ ही शपथ भी ग्रहण की। इस कार्यक्रम में वीआईकेएएस खंड कार्यालय से एनआरएलएम की कार्यालय सहायक आंचल कटोच, पंचायत प्रधान शालिनी देवी व स्वयं सहायता समूह की पूजा, कविता, लक्ष्मी, शिव शक्ति, आशा, सरस्वती, कृशना, वैष्णो, वंदना, अंबे शामिल रहीं।

### बैजनाथ बाजार में लगाई मीठे पानी की छबील

**बैजनाथ।** शिव मंदिर के ट्रस्टी घनश्याम अवस्थी ने शुक्रवार को मुख्य बाजार बैजनाथ में मीठे पानी की छबील लगाई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आने-जाने वाले रहागीरों ने मीठा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर डॉक्टर अनिल सूद सुमन नंदा आदि ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



### बैजनाथ में आज शुरू होगा निर्जला एकादशी का मेला

**बैजनाथ।** बैजनाथ के गुरुद्वारा साहिब डेरा संता दा में 15 जून से निर्जला एकादशी पर लगने वाला मेला आरंभ होने जा रहा है। देश-दुनिया से हजारों की संख्या में नीलधारी सिख तथा अन्य श्रद्धालु संगत का पहुंचना शुरू हो गया है। 16 जून को सुबह 10 बजे गुरुद्वारा साहिब से चौबिन चौक तक नगर कीर्तन किया जाएगा। इस बार के निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा साहिब से चौबिन चौक तक किए जाने वाले नगर कीर्तन में मुंबई से मंगवाए गए ऊंट मुख्य आकर्षण रहेंगे।

### खुंडियां में मारपीट करने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना खुंडियां के तहत मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार माहड में कांता देवी, निवासी माहड़ ने निशा देवी निवासी माहड़ का रास्ता रोककर गाली-गलौज व मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना खुंडियां में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323 व 504 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### किसानों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** बागवानी विभाग द्वारा मशरूम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पालमपुर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर कमलशील नेगी ने बतौर मुख्यातिथि प्रतिभागियों संबोधित करते हुए कहा कि किसान मशरूम की खेती करकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है और एक पौष्टिक आहार अपने परिवार को उपलब्ध करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बागबानी विभाग की ओर से मशरूम उत्पादन के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आरंभ किए गए हैं ताकि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो सके। बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. कमलशील नेगी ने प्रार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भी दिए।

### रास्ता रोककर दी जान से मारने की धमकी

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत कवाडी में भोलु पुत्र रमेश चन्द निवासी गाव कवाडी ने देश राज व काकू के साथ रास्ता रोककर गाली-गलौज , मारपीट व जान से मारने की धमकी दी । इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323,504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बीड़ में गाली-गलौज व मारपीट का मामला दर्ज

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ के तहत पैराग्लाइडिंग लैंडिंग साइट के पास एक कैफे के बाहर सुनील कुमार पुत्र मान्गो राम निवासी बीड ने सुमित सुद पुत्र राजेश कुमार निवासी क्योरी डाकघर बीड़ का रास्ता रोककर इसके साथ गाली -गलौज, लड़ाई झगड़ा व जान से मारने की धमकी दी । इस सन्दर्भ में पुलिस थाना बीड़ में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323,504 व 506 में दर्ज किया गया है।

### हिमानी चामुंडा मार्ग की मरम्मत करे मंदिर न्यास

**नगरोटा बगवां।** स्थानीय निवासी व समाजसेवी रवीश मृगेंद्रा ने मंदिर न्यास चामुंडा नंदिकेश्वर से मांग की है कि श्रद्धालुओ के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उचित निर्वहन करते हुए हिमानी चामुंडा मार्ग की मरम्मत कराए। उन्होंने कहा कि भक्तो की मां पर अटूट श्रद्धा है और 15 मार्च को हिमानी चामुंडा मंदिर के कपाट खुलने से लेकर अब तक 75000 श्रद्धालुओं ने 21 लाख से अधिक का चढ़ावा हिमानी चामुंडा मंदिर में चढ़ाया है, परंतु मंदिर को जाने वाला मार्ग कई जगह बहुत दयनीय स्थिति में है, जिससे हर समय बड़ी दुर्घटना का भय बना रहता है।

### वन में आग लगाते हुए तीन आरोपी पकड़े

**बैजनाथ।** उपमंडल की दियोल पंचायत में पड़ने वाले ततबानी के आसपास के जंगलों में आग लगाते हुए वन विभाग की टीम ने तीन लोगों को पकड़ा है। साथ में इन से एक बिना लाइसेंस की बंदूक ,बारूद भी पकड़ा। वन परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ आदित्य शर्मा ने बताया कि जंगलों में आग लगाई जा रही है जिसे लेकर बन विभाग की टीम रात दिन जंगलों की निगरानी कर रही है। ततवानी के आसपास के जंगलों में आग लगी हुई है। इसी बीच बन विभाग की टीम ने तीन लोगों को ततवानी के पास मरेढ़ के पास जंगल में आग लगाते पकड़ा।

# बच्चों को भूकंप के वक्त बचाव के तरीके सिखाए

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शहीद अजय सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेच्छ में शुक्रवार को आपदा प्रबंधन के अंतर्गत भूकंप पर पूर्वअभ्यास (मॉक ड्रिल) की गई। प्रधानाचार्य शमशेर सिंह की उपस्थिति व आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी शम्मी कुमार के दिशा निर्देशन में सभी अध्यापकों ने विभिन्न कमेटियों में अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बच्चों से भूकंप पर पूर्वअभ्यास करवाया।

इस अवसर पर शम्मी ने बच्चों को बताया कि कांगड़ा जिला भूकम्पिय दृष्टि से ज़ोन 5 में आने के करण अति संवेदनशील है व इसलिए हिमाचलवासियों को अति जागरूक होने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य शमशेर सिंह ने भी बच्चों को पूर्वभ्यास में सीखी बातों को वास्तविक स्थिति में भी अपनाने के लिए प्रेरित किया।



# मॉकड्रिल : परमार नगर में अचानक आई बाढ़

**अनंत ज्ञान, डरोह**

आगामी मानसून सीजन में बाढ़ जैसी आपदा के समय बेहतर प्रबंधन और पूर्व तैयारी के आकलन के लिए उपमंडल धीरा के परमार नगर (क्यारवां) स्टोन क्रशर के पास शुक्रवार को मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम धीरा राकेश शर्मा खुद मोर्चे पर डटे रहे।

इस मेगा मॉकड्रिल में कुल 2 व्यक्तियों को मृत घोषित किया गया तथा 4 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा निश्चित स्थान पर बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाई व स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु राहत शिविर व अस्पताल ले जाया गया तथा अन्य विभागों द्वारा भी इसमें सहयोग दिया गया।



अंत में एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने सभी से ऐसी आपदा की घड़ी में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेगा मॉकड्रिल करने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, जिसमें उन्हें बताया जा सके कि आपदा की घड़ी में कैसे बचाव किया जा सके।

इस अवसर पर तहसीलदार थुरल सुनील चौहान, तहसीलदार धीरा बी.चंद्र सिंह, नायब तहसीलदार प्रकाश चंद, सब फायर अधिकारी अग्निशमन विभाग मदन सिंह व उनकी टीम, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ठेकेदार पर हत्या करने की धमकी देने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना योल के तहत मेहनताना मांगने पर धमकाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्लेट गोदाम योल के निवासी सागर कुमार ने पुलिस को एक शिकायत की थी। उसके मुताबिक वह राज मिस्त्री का काम करता है तथा काम की एवज में उसने सिद्धवाड़ी निवासी ठेकेदार प्रवीण कुमार से 20900 रुपए लेने थे। शिकायत क अनुसार पैसे मांगने पर ठेकेदार अदायगी करने से मुकर गया तथा उसे धमकी दी कि वो पिस्टल से उसकी हत्या कर देगा। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस थाना योल में धमकाने को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत मामला दर्ज किय गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपित ठेकेदार के खिलाफ काम पूरा न करने, पैसे की मांग करने तथा धमकाने को लेकर 3 अन्य शिकायतें पुलिस को अन्य लोगों ने भी की हैं। पुलिस इन मामले की जांच कर रही है।

## खनन निरीक्षक व पुलिस ने अवैध खनन करने वालों के काटे चालान

**जतेंद्र कौशल, बैजनाथ**

खनन निरीक्षक और पुलिस विभाग ने बैजनाथ के नदी नालों में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए खनन करने वालों के चालान किए हैं। अवैध खनन बारे लोगों ने कई बार शिकायत भी दर्ज करवाई है और सोशल मीडिया पर भी इस सारी कार्रवाई से स्थानीय प्रशासन की काफी फजीहत हुई थी। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा की अगुवाई में थाना प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर और खनन निरीक्षक चुन्नी लाल के नेतृत्व में पूरे दलबल के साथ इस सारी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी के मुताबिक बैजनाथ के कथोग, चोंबू और चोबीन में यह धंधा फल-फूल रहा था।

पुलिस ने कथोग में निजी भूमि पर कथित तौर पर काफी अरसे से खनन किया जा रहा था। कई बार तो खनन करने वालों ने पत्थरों को तोड़ने के लिए ब्लास्टिंग तक कर डाली। इससे न केवल पर्यावरण को खासा नुकसान हो रहा था, बल्कि साथ बहती बिनवा नदी से संचालित होने वाली कई पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हो रही थीं। इसी तरह से चोबू और चोबीन में ही खनन करने वालों के खिलाफ विभाग ने चालान किए हैं। खनन निरीक्षक चुन्नी लाल का कहना है कि आने वाले दिनों में विभाग द्वारा और भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ चालान किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### नगरोटा कॉलेज का बड़ोह कॉलेज के साथ एमओयू

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यायल बड़ोह के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू साइन किया। बड़ोह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा और नगरोटा बगवां के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने संयुक्त बयान में कहा कि एमओयू का मकसद दोनों महाविद्यालयों के बीच शैक्षणिक कार्यक्रमों का आदान-प्रदान, शोध परियोजनाओं में सहयोग और दोनों संस्थानों के छात्रों और शिक्षकों के लिए शोध के अवसर प्रदान करना करना है।

## आग बुझाने में जुटे वन विभाग के डीएफओ



**धर्मशाला।** वनों को आग लगने के मामले थमने को नहीं आ रहे। एक ओर हीटवेव का अलर्ट तो दूसरी तरफ वनों की आग के कारण गर्मी बढ़ गई है। धर्मशाला के तहत जूहल गांव के पास जंगल में लगी आग को बुझाने को वन विभाग की टीम देर रात तक जुटी रही तथा आग को काबू किया। जानकारी के अनुसार यहां वन में आग लग गई तथा इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन जहां आग लगी हुई थी, वहां तक फायर ब्रिगेड की टीम सड़क न होने के कारण नहीं पहुंच पाई। आग की सूचना मिलने के बाद डीएफओ दिनेश शर्मा तथा रेंज अफसर सुमित शर्मा वन विभाग के कर्मचारियों के दल के साथ आग बुझाने में जुट गए। देर रात को आग को काबू किया जा सका तथा ग्रामीण भी आग बुझाने में जुटे रहे।

## कारगिल के शहीद ब्रह्म दास के शहीदी दिवस पर किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के साथ लगते गांव टांडा मसल के कारगिल शहीद ब्रह्म दास के शहीदी दिवस पर उसके परिजनों के साथ साथ स्थानीय निवासियों, प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों और अन्य समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद की पत्नी सीमा देवी, पुत्र राहुल कुमार भाटिया, बेटी मीनाक्षी ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि शहीद की याद में उस समय की सरकार ने शहीदी पार्क, शहीदी गेटऔर उनका एक स्टैच्यू लगवाने को कहा था,परंतु आज तक आई सरकारों ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। लोगों ने मांग की है कि शहीद की इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल के बच्चों ने उनकी याद में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उनकी याद में पौधरोपण किया गया। लोगों को ठंडा जल पिलाया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मुनीश शर्मा, स्थानीय गांव के सेवारत कर्नल अनिल भारती, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक दीपक बंसल,पंचायत प्रतिनिधि, जन जागरण मंच के अशोक गौतम, कुलदीप कौशल आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# टीबी उन्मूलन के लिए जन सहभागिता जरूरी : डॉ. गुलेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश गुलेरी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक देश से क्षय रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसकी प्राप्ति के लिए समाज के हर एक वर्ग को मिलकर कार्य करना होगा। शुक्रवार को जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला में टीबी मुक्त हिमाचल अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि क्षय रोग को लेकर आज के इस उन्नत समाज में भी इतनी भ्रांतियां और गलतफहमियां फैली हुई हैं। समाज को इन भ्रांतियां को मुक्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत जिला कांगड़ा की 814 पंचायतों मे से 165 ग्राम पंचायत टीबी फ्री ग्राम पंचायत में बाद टीबी मुक्त हो गई हैं।

डॉ. राजेश सूद जिला, क्षय रोग अधिकारी कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब सामुदायिक स्तर पर क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम चलाकर जनभागीदारी बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा की टीबी रोग की समय पर जांच टीबी के रोग को फैलने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है इसका इलाज संभव है। लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत अपनी जांच करवानी चाहिए।

### देहरा में ही लागू रहेगी आदर्श आचार संहिता

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार उपचुनाव के दृष्टिगत कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी, जबकि कांगड़ा जिला के बाकी क्षेत्र आदर्श आचार संहिता के दायरे में नहीं आएंगे।

**क्राइम** सिकरोहा पंचायत हत्याकांड में आरोपी को पहले ही भांप चुकी थी बिलासपुर पुलिस

# पुलिस को पड़ोसी युवक पर था शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के सिकरोहा पंचायत के चंदपुर गांव में बुजुर्ग पति-पत्नी के हत्या मामले में संलिप्त आरोपियों को डीएसपी मदन धीमान पहले ही भांप चुके थे। जानकारी देते हुए डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि जब वह जांच के लिए चंदपुर गांव में थे तो वहां पर मौजूद एक युवक जो इस मामले में मुख्य आरोपी था व पुलिस से बातचीत करने में पूरी तरह से घबराया हुआ था। वहीं, जब डीएसपी ने उससे सामान्य बात करने के लिए अपने पास बुलवाया तो उसको पसीना आने लगा।



डीएसपी, मदन धीमान

ऐसे में पुलिस ने बिना किसी अन्य व्यक्ति को जानकारी देते हुए उसके पकड़ा और नम्होल चौकी में पूरी रात पूछताछ की। उसके बाद जांच-पड़ताल में पाया गया कि उसके साथ दो आरोपी युवक और संलिप्त थे। ऐसे में पुलिस ने इस सारे मामले में संलिप्त आरोपियों को 24 घंटे के भीतर पकड़ लिया। वहीं, शुक्रवार को बिलासपुर पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों से चोरी किया गया सोना और चांदी भी बरामद कर लिया है। इसमें 10 ग्राम सोना और 125 ग्राम चांदी पकड़ा गया है। आपको बता दें कि पुलिस द्वारा दो युवकों को चंडीगढ़ में पकड़ा गया है और उनके पास उसी समय सोना भी बरामद हो गया था। पुलिस शनिवार को एक बार फिर से आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी, जिसके बाद आगामी कार्यवाही कोर्ट द्वारा की जाएगी।

गौरतलब है कि इस सारे मामले में आरोपियों तक पहुंचने में डीएसपी मदन धीमान की मुख्य भूमिका रही है। डीएसपी मदन धीमान ने दिन-रात एक करके यहां पर सारी जांच की और पूछताछ के बाद 24 घंटे के भीतर आरोपियों तक पहुंची। ऐसे में बिलासपुर पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर केस को आसानी से समाप्त किया है। लेकिन पुलिस प्रशासन इस मामले के बाद पूरी तरह से अलर्ट हो गई है और उन्होंने शहर के साथ गांवों में भी पुलिस गश्त अधिक बढ़ा दी है।

क्राइम रेट की बात करें तो शहर के मुताबिक गांवों में चोरी और इस तरह के हत्या के मामले अधिक आना शुरू हो गए हैं। पुलिस प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि अगर आपके नजदीक कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी तुरंत जानकारी पुलिस को दें।

> मर्डर केस मामले में 110 ग्राम सोना और 125 ग्राम चांदी आरोपियों से बरामद की गई है। तीनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ा है।
>
> **-मदन धीमान, डीएसपी**

पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूराराम पुत्र छोटा राम गांव सुई सुरहाड़ तहसील सदर जिला बिलासपुर उम्र 37 वर्ष, सुमन कुमार पुत्र चमारू राम गांव बोही बेरल तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 22 वर्ष व मनोज कुमार पुत्र कृष्ण चंद गांव खारसी साई खारसी तहसील सदर जिला बिलासपुर उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदाओं से बचने के लिए हैप्पियनों ने की मॉकड्रिल


हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के बच्चे मॉकड्रिल का अभ्यान करते हुए।

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के लगभग 800 छात्रों ने प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से बचने के लिए मॉकड्रिल का अभ्यास किया। छात्रों ने आपदा पूर्व अभ्यास में अफरा-तफरी का माहौल न बनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का अभ्यास किया। विद्यालय आपदा प्रबंधन समन्वयिका दीपा शर्मा ने छात्रों को आपदा से निपटने के कई तरह के गुरु सिखाए। इस आपदा पूर्व अभ्यास के दौरान विद्यालय प्राचार्य शशि वाला एवं समस्त विद्यालय अध्यापक वर्ग ने भी अपनी उपस्थिति बनाई रखी।

### टौणी देवी में बच्चों ने सीखे आग से बचाव के गुर


टौणी देवी पाठशाला में फायर एंड इवेक्यवेशन ड्रिल का आयोजन किया गया।

**टौणी देवी।** गर्मियों के मौसम आते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है। थोड़ी सी सावधानी बरतने से ऐसी घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इसी उद्देश्य को लेकर राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में फायर एंड इवेक्यवेशन ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने सूझबूझ से आग बुझाने एवं आग से बच निकलने का हुनर सीखा एवं भूकंप की स्थिति में सुरक्षा व बचाव पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस मॉकड्रिल में नोडल अधिकारी सोनू गुलेरिया एवं निजी सुरक्षा के अध्यापक होशियार सिंह ने बच्चों को आग से बचाव के गुर सिखाए। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि बच्चों के लिए यह अभ्यास जरूरी है ताकि जरूरत पड़ने पर बच्चे न सिर्फ उससे बचाव कर सकें बल्कि उस आपदा पर काबू भी पा लें। इस अवसर पर सुरेश, संजीव, राजेश, मनोज, लीना, संजय, रीता, अनीता, तनु, अदिति सहित सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### बड़ा स्कूल में आपदा से निपटने के बताए तरीके


मॉकड्रिल में आपदा के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों को बचाव कार्य बताते हुए।

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे स्कूल बड़ा में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के सौजन्य से मॉकड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने बच्चों को आपदा के दौरान अपने बचाव के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल एक पहाड़ी क्षेत्र है, इसलिए प्रदेश में कभी भूकंप एवं अन्य प्रकार की आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी स्कूल के मीडिया प्रभारी बीर सिंह ठाकुर ने दी।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ने बताया कि रक्तदान को महादान कहा गया है। विश्व में कई लोग सही वक्त पर खून न मिलने पर अपनी जान गंवा देते हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृषण ने बताया कि प्रसिद्ध विज्ञानिक कार्ल लैंडस्टेनर की याद में इस दिन को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बी, सी, सी समन्वयक कंचन माला, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना का समस्त स्टाफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।


राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मनाया विश्व रक्तदाता दिवस

**हमीरपुर।** मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस महादान में अपना योगदान दिया। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में स्थापित ब्लड बैंक की टीम ने भी रक्तदाताओं की सराहना की और उन्होंने रक्तदान करने की शपथ भी ली। मेडिकल कॉलेज में किसी भी मरीज को रक्त की कमी के चलते किसी प्रकार से हानि न हो और उसे समय पर ब्लड मिले, इसके लिए भी सभी संकल्प लिया। इस अवसर रक्तदान करने वाले लोगों का भी टीम ने धन्यवाद किया।


हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

# छात्र ढूंढते रहे नए डिग्री कॉलेज टौणी देवी में कहां होगी एडमिशन

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस वर्ष ही की थी कॉलेज में कक्षाएं शुरू करने की घोषणा

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के टौणीदेवी में खोले गए नए डिग्री कॉलेज में इस सत्र से कक्षाएं बैठाई जानी थीं, लेकिन लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के चलते न तो स्टाफ की नियुक्ति हो पाई और न ही जिस भवन में कक्षाएं बैठनी थी, उसकी अनुमति नहीं मिल पाई।

बताते चलें कि कस्बे टौणी देवी को 2023 में होली उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा दिए गए डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा की थी तथा इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि आगामी वर्ष में कक्षाएं शुरू करने से छात्रों को नजदीकी कॉलेज में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तक टौणी देवी क्षेत्र के आसपास के छात्रों को यह सुविधा मिलती नहीं दिख रही है। इसका मुख्य कारण है कि न तो स्टाफ नियुक्त हो पाया है और न ही कॉलेज की बिल्डिंग का कोई प्रावधान है। जब तक स्टाफ नहीं होगा, कक्षाएं लगाने के लिए भवन नहीं होगा तो कॉलेज में दाखिले कैसे शुरू किए जा सकते हैं, जबकि अन्य दूसरे कॉलेजों में दाखिले शुरू हो गए हैं और विद्यार्थी 15 जुलाई कर ऑनलाइन माध्यम से दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

बता दें कि शिक्षा विभाग डिग्री कॉलेज की क्लासेस के लिए राजकीय मिडिल स्कूल बारीं का पुराना भवन भी नहीं ले पाया और न ही एडमिशन की व्यवस्था और डिग्री कॉलेज के स्टाफ की नियुक्ति हो पाई। इसके चलते टौणी देवी क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के छात्र सभी से पूछते रहे एडमिशन कहां होगी। जब एडमिशन न होने का पता चला तो वह बहुत निराश हुए। गौर रहे कि जब तक कॉलेज को भवन नहीं मिल जाता और स्टाफ नियुक्त नहीं किया जाता, तब तक यहां पर एडमिशन होना नामुमकिन है।

इस बारे में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद पटियाल ने कहा कि अभी तक डिग्री कॉलेज टौणी देवी में एडमिशन बारे अधिसूचना जारी नहीं हुई है। अस्थायी शैक्षणिक भवन के लिए राजकीय मिडिल स्कूल बारी के पुराने भवन को लेने बारे पत्राचार चला हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर कॉलेज में ऑनलाइन एडमिशन का दौर लगातार जारी, आज आखिरी दिन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में ऑनलाइन एडमिशन का दौर लगातार जारी है। छात्र ऑनलाइन प्रोस्पेक्टस भरने में लगे हुए हैं, ताकि उन्हें अपने मनपंसद कॉलेज में एडमिशन मिल सके। हालांकि जिन कॉलेजों में ऑफलाइन एडमिशन चल रही हैं, वहां पर छात्र एडमिशन लेने में कम रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में ऑनलाइन एडमिशन के जरिए अभी तक 1000 के करीब प्रोस्पेक्टस छात्रों के कॉलेज प्रबंधन को कॉलेज साइट पर प्राप्त हो चुके हैं। छात्र कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए इत्यादि में एडमिशन लेने में लगे हुए हैं। छात्र कॉलेज की साइट पर ऑनलाइन फार्म भरने में लगे हुए हैं। यही नहीं कॉलेज कमेटियां ऑनलाइन आ रहे आवेदनों को चेक करने में लगी हुई हैं, ताकि कोई भी छात्र अधूरे फार्म कॉलेज साइट पर अपलोड न कर सकें। उम्मीद यही जताई जा रही है कि आखिर के दिनों में ही एडमिशन को लेकर छात्रों की भीड़ उमड़ेगी। क्योंकि गर्मियों के मौसम में लोग वैसे भी घरों से कम ही बाहर निकल रहे हैं। आपको बता दें कि आज के दिन ही ऑनलाइन विद्यार्थी एडमिशन करवा सकते हैं। महाविद्यालय में 15 जुलाई तक छुट्टियां पड़ जाएगी, उसके बाद 15 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।


हमीरपुर कॉलेज की फाइल फोटो।


वहीं, हमीरपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल का कहना है कि हमीरपुर कॉलेज साइट पर शनिवार शाम तक 1000 के करीब प्रोस्पेक्टस फर्स्ट ईयर छात्रों के प्राप्त हो चुके हैं, जो कि अभी और बढ़ने की उमीद है। छात्र जल्द से जल्द एडमिशन फार्म भरना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### डिडवीं टिक्कर की यशा डोगरा ने किया टॉप



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से डिडवीं टिक्कर की यशा डोगरा ने इनोरगैनिक केमिस्ट्री की पीएचडी की काउंसलिंग में टॉप किया और इसने एंट्रेंस परीक्षा में भी टॉप किया था यशा डोगरा जिला हमीरपुर से डिडवीं टिक्कर की रहने वाली है । इसने केमेस्ट्री में एमएससी की पढ़ाई भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है और वह इनोरगैनिक केमिस्ट्री के क्षेत्र में शोध करना चाहती है। इनके पिता डॉ. मनोज डोगरा राजकीय महाविद्यालय बड़सर में राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता हैं और माता निजी स्कूल में अध्यापिका है।

### भाजपा का हरेक कार्यकर्ता मेरा परिवार : लखनपाल



**बिझड़ी।** बड़सर भाजपा मंडल एवं भाजयुमो युवा मोर्चा ने उपचुनाव के दौरान दिन रात एक करके मुझे जिताया मैं इसके लिए पहले भी इनका आभार कर चुका हूं, और फिर से करता हूं। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि 70 प्रतिशत संगठन के लोगों ने चुनाव में एक वोट पीएम एक वोट सीएम के लिए काम किया जिसका मैं खंडन करता हूं। उन्होंने कहा कि पांच से सात पर्सेंट लोग ऐसे थे कि जिन्होंने बड़सर में पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिया, लेकिन यह कहना की 70 प्रतिशत लोग संगठन के बाहर थे, सरासर गलत है। बड़सर में एक-एक भाजपा कार्यकर्ता, बूथ प्रभारी, पन्ना प्रमुख व संगठन के लोग मेरे लिए मेरे परिवार जैसे हैं, और जैसा प्यार इनसे मिला है, आगे भी मिलता रहेगा। हां यह जरूर है कि 5 से 7 प्रतिशत लोग संगठन में ऐसे जरूर थे, जिन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिया, उनकी लिस्ट पार्टी के शेष नेतृत्व को जरूर भेजी जाएगी ताकि आगामी समय में भारतीय जनता पार्टी बड़सर में और मजबूत हो। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। हिमाचल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की झोली में लोकसभा की चारों सीटे भी डाली हैं और आगामी समाय में केंद्र सरकार से हिमाचल में बड़ी परियोजनाएं लाएंगे, साथ ही प्रदेश सरकार से भी बड़सर के हितों की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### नगर पंचायत नादौन की बैठक न होने से लोग परेशान

**नादौन।** नगर पंचायत नादौन की बैठक न होने से लोग परेशान हैं। छोटे-छोटे कार्यों को लेकर लोगों को नगर पचांयत के चक्कर काटने पर विवश होना पड़ रहा है। यह आरोप नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष तरूण कपिल व पूर्व उपाध्यक्ष योगराज ने नगर पंचायत पर लगाया है। उन्होंने कहा कि जब से नगर पंचायत नादौन के नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बने हैं, तब से नगर पंचायत नादौन की पार्षदों के साथ कोई भी मीटिंग नहीं हुई है। नादौन की जनता अपने कार्यों के लिए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पास जाते हैं, तो वे मिलते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नादौन शहर के लोगों के कई नक्शे पेंडिंग पड़े हैं। यही नहीं नादौन शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमरा चुकी है।

वही, उपरोक्त आरोपों बारे नगर पंचायत की उपाध्यक्ष उषा सौंधी ने कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं। विकास कार्य व लोगों के कार्य सुचारु रूप से हो रहे हैं। नगर पंचातय की बैठक भी नियमित होती है। आचार सहिंता के चलते नगर पंचायत की बैठक नहीं हो पाई। सफाई व्यवस्था भी सुचारु रूप से चली हुई है।

## प्रचंड गर्मी में पानी का सदुपयोग करें लोग

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की समाजसेवी संस्थाएं प्रभात सुधार सभा के प्रधान प्रकाश चंद सेन तथा सर्व हित सुधार सभा के प्रधान कमलेश चंद ने लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल के संकट को देखते हुए पेयजल को मकानों के निर्माण, क्यारियों की सिंचाई तथा गाड़ियों को धोने में प्रयोग न करने का आह्वान किया है।

जल शक्ति विभाग से भी अनुरोध है कि वह जहां कहीं भी पेयजल की लीकेज होती हो, उसको युद्धस्तर पर रोकें तथा पेयजल से निर्माण करने, क्यारियों की सिंचाई तथा गाड़ियों की धुलाई करने वालों पर कार्रवाई करें, क्योंकि पानी की एक-एक बूंद को बचाना हम सब का कर्तव्य बनता है। बरसात में उपरोक्त सभी काम किए जा सकते हैं।

## नियमों को दरकिनार कर शुक्कर खड्ड में अवैज्ञानिक खनन जारी

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

उपमंडल बड़सर के अंतर्गत पड़ने वाली शुक्कर खड्ड में लगातार अविज्ञानिक तरीके से खनन किया जा रहा है, लेकिन लगातार शिकायतों व आसपास के गांवों में भूस्खलन के बावजूद संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक शुक्कर खड्ड के कई हिस्से क्रशर मालिकों को खनन के लिए लीज पर दिए गए हैं जिन्हें गाइडलाइन जारी की जाती है। गाइडलाइन के मुताबिक क्रशर संचालक खड्ड को केवल एक मीटर तक ही खोद सकते हैं। अगर इससे ज्यादा खनन किया जाता है तो उसे अवैध माना जाता है, लेकिन हमीरपुर बिलासपुर की सीमा पर दख्योड़ा के पास शुक्कर खड्ड की हालत देखी जाए तो खनन की जाने वाली जगहों पर 8 फुट तक गहरी खाइयां खड्ड के बीचों बीच बन चुकी हैं। खनन विभाग के मुताबिक खड्ड में केवल मैनुअल तरीके से ही माइनिंग की जा सकती है।


अवैध खनन करता खनन माफिया।

इसके लिए किसी भी प्रकार की जेसीबी या अन्य मशीनरी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता लेकिन तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जेसीबी के माध्यम से खुले आम दिन के उजाले में टिप्पर लोड किए जा रहे हैं। जिला माइनिंग अधिकारी दिनेश कुमार का कहना है कि अगर नियमों को ताक पर रखकर खनन किया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी पड़ने से बाजार पड़े सुनसान

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में इस बार पड़ रही भीषण. गर्मी ने पिछले वर्षों के लगभग सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जहां यहां अधिकतम तापमान 40 ओर 42 डिग्री के बीच रहता था, वह अब 46 डिग्री को छू रहा है। दिन में चल रही हीटवेव से लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। दिन के समय में बाजार पूर्ण रूप से विरान दिखाई दे रहे हैं। इस तरह से पड़ रही प्रचंड़ गर्मी से व्यापारी वर्ग भी काफी आहत दिखाई दे रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान समय में पड़ रही भारी गर्मी से उनके व्यपार पर काफी असर पड़ा हुआ है जिसका मुख्य कारण लोगों का भारी गर्मी में अपने घर से बाहर न निकलना है। कई दुकानदार तो दिन में अपनी दुकानें बंद करके शाम 5 बजे के बाद अपनी दुकाने खोल रहे हैं। क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों का कहना है कि उनके जीवन में इस तरह की भीषण गर्मी पड़ती हुई पहले कभी नहीं देखी।


प्रचंड गर्मी के चलते दिन में सुनसान पड़ा कस्बा बड़ा का बाजार।

वर्तमान समय में पड़ रही प्रचंड गर्मी एवं चल रही हीटवेव से बचने के लिए बीएमओ नादौन केके शर्मा ने लोगों को सलाह दी है कि वे गर्मी में हीटवेव से बचने के लिए कम से कम अपने घर से बाहर निकलें। अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें। तली हुई चीजों का खाने से परहेज रखें, ताकि आप स्वस्थ्य रहें तथा समय-समय पर पानी पीते रहें। (अनंत ज्ञान)

## बड़सर में विधायक की गलत नीतियों के कारण बढ़ा जल संकट : पवन कालिया

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बड़सर क्षेत्र में पेयजल योजनाओं में पानी सूखने और लोगों को पेयजल उपलब्ध न होने पर मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जल संकट बना हुआ है और अब मुख्यमंत्री कहां पर हैं, जो बड़सर की जनता का हितैषी बनने का दिखावा करते हैं।

विधायक के इस बयान को लेकर जिला महासचिव पवन कालिया ने कहा कि बड़सर में जो जल संकट चला हुआ है, इसमें सबसे बड़े दोषी वर्तमान विधायक लखनपाल हैं। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में जितनी भी पानी उठाने की स्कीमें बनी थीं, उनमें सुधार लाने की बजाय विभाग का अधिकतर बजट अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने और हैंडपंपों पर ही खर्च कर दिया। इनमें अधिकतर हैंडपंप पर्सनली लोगों के कब्जे में हैं। ज्यादातर हैंडपंप खराब हैं या पानी पीने के काबिल नहीं हैं।

हैंडपंप लगाना जल संकट का हल नहीं है। अगर इसी पैसे का सदुपयोग कर पुरानी स्कीमों के सुधार पर लगाया होता जैसे दियोटसिद्ध से 99 गांवों को उस वक्त के हिसाब से पानी उठाया था, वह स्कीम आज भी उसी हिसाब से चल रही ह, ऐसी अलग अलग कई स्कीमों पर काम कर उन्हें ही बढ़ाने की कोशिश होती तो आज बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लोगों को पीने के पानी की इतनी कमी नहीं होती।

## भोरंज में पेयजल समस्या का हो समाधान: विधायक

### कहा-लोगों की पानी की समस्या को नजरअंदाज कर रहे अधिकारी व कर्मचारी, कार्रवाई के लिए रहें तैयार

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज उपमंडल में चल रही पानी की किल्लत को लेकर विधायक सुरेश कुमार ने जल शक्ति विभाग को चेतावनी दी है। इसमें कहा कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भोरंज में पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान करें, अन्यथा इसके नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें।

उन्होंने कहा पिछले कई दिनों से भोरंज के अलग अलग गांवों में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ है। सुरेश कुमार ने कहा कि यह बात सही है कि भारी गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चला गया है, लेकिन अन्य कारणों से भी पानी की समस्या हुई है, जिसको विभाग अपने स्तर पर हल कर सकता है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग की निष्क्रियता भी इसके लिए एक कारण है।

विधायक ने कहा कि पीने के पानी की समस्या पिछले कई वर्षों से चली आ रही है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई भी कार्य बिगत वर्षों में नहीं हुआ है। इससे यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई विकराल हो चुकी है।

इस समस्या के समाधान के लिए तीन बड़ी योजनाएं भोरंज के लिए स्वीकृत की गई हैं जिनका कार्य चल रहा है। सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज क्षेत्र में पेयजल के लिए एकमात्र साधन बमसन मेवा पेयजल योजना है जिसकी दुर्दशा की वजह से इसका पानी पर्याप्त मात्रा में भोरंज क्षेत्र में नहीं पहुंच रहा है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के साथ अन्य पेयजल योजनाओं पर भी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मालियां सधरियाण पेयजल योजना में भी विभागीय गड़बड़ी होने के कारण इसका पूरा पानी कभी लिफ्ट नहीं हो पा रहा है। ये भी एक जांच का विषय है। घर के नजदीक नौकरी कर रहे कर्मचारी लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए लापरवाही से अपनी नौकरी कर रहे हैं। इसका भी संज्ञान लिया जाएगा, ताकि विभाग के हर अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके। (अनंत ज्ञान)

#### बमसन योजना का हमीरपुर डिविजन से संचालन सरासर गलत

उन्होंने कहा कि बमसन मेवा पेयजल योजना भोरंज क्षेत्र के लिए बनी हुई है लेकिन इसका संचालन हमीरपुर डिवीजन के अंडर दिया गया है, जो कि सरासर गलत है। योजना ही जब भोरंज क्षेत्र के लिए बनी है तो उसका संचालन भी भोरंज डिवीजन के पास होना चाहिए था। इस पेयजल योजना का संचालन हमीरपुर डिविजन के पास होने के कारण भोरंज को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। पिछली सरकारों ने इस ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया। बहुत जल्द इस योजना का संचालन भोरंज जल शक्ति डिवीजन के अधीन लाया जाएगा ताकि पूरा पानी जो भोरंज के हिस्से का है, वे भोरंज के लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए कंज्याण में जल शक्ति विभाग का एक अलग सब डिविजन बनाया गया है, ताकि इस योजना का सारा कंट्रोल कंज्याण सब डिवीजन से संचालित हो सके।

## बारिश कम होने व पेयजल स्रोतों में पानी की कमी होने पर विभाग ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

जल शक्ति विभाग उपमंडल भोरंज के अधिकारियों ने कहा कि अधिक गर्मी के मौसम में पानी का दुरुपयोग न करें और जरूरत अनुसार ही पानी का इस्तेमाल करें। बारिश न होने के कारण दिन-प्रतिदिन भूमिगत जल का स्तर गिरता जा रहा है, जो हमारे लिए चिंता का विषय है।

अधिशाषी अभियंता भोरंज उपमंडल प्रदीप चड्ढा ने प्रत्येक व्यक्ति से पानी की बचत करने के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि जब जरूरत न हो तो वे पानी के नल बंद कर दें। पानी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। घरों में लगे नल पर टूटी अवश्य लगाएं तथा जरूरत के अनुसार ही इसका प्रयोग करें, यदि भोरंज में पानी की पाइप लाइन किसी कारण से लीक हो तो इसकी सूचना विभाग को तुरंत दें। बिना अनुमति के अपने घर में पानी का रीकनेक्शन न करवाएं। सभी को सुचारु रूप से पानी उपलब्ध हो, यह तभी संभव होगा, जब हम पानी का दुरुपयोग बंद करेंगे। उन्होंने जल संरक्षण के बारे में सुझाव देने की अपील भी की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में या गांव में पानी की किल्लत होती है, तो टैंकर से पानी पंहुचाया जाएगा, जिसके लिए ग्रामीण जल शक्ति उपमंडल भोरंज व लदरौर के अधिकारियों व कर्मचारियों में जल शक्ति विभाग भोरंज के सहायक अभियंता आशीष देव के मोबाइल नंबर 7018247068, जल शक्ति विभाग लदरौर के सहायक अभियंता राजेंद्र पठानिया 9418459821, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग भोरंज साहिल ठाकुर 7018249649, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग अवाहदेवी राजेश कुमार 9805374170, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग धमरोल मनीष कटोच 8626891995, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग लदरौर जितेंद्र कुमार 9418722332, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग पट्टा रमेश कुमार 8278824589 के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

**तैयारी** मेगा मॉकड्रिल एक्सरसाइज में किया बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास, लोग आपदा को लेकर किए जागरूक

## मसियाणा, जाहू, गौना, जोल पलाही और बड़सर में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदा से बचाव एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के अभ्यास के लिए शुक्रवार को जिला हमीरपुर में भी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की निगरानी में मैगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। मैगा मॉक एक्सरसाइज के लिए पूर्व निर्धारित परिदृश्य के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे जिला हमीरपुर में भारी बारिश और बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद जिला के विभिन्न उपमंडलों में पांच स्थानों पर बाढ़ एवं भूस्खलन में लोगों के फंसने की सूचनाएं प्राप्त हुईं।

बाढ़ एवं भूस्खलन के खतरे और वहां लोगों के फंसने की सूचनाएं मिलते ही जिला एवं उपमंडल स्तर पर इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) तुरंत हरकत में आ गया। बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए हमीरपुर उपमंडल में दोसड़का के पुलिस मैदान में स्टेजिंग एरिया बनाया गया।




जिला हमीरपुर में भी राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की निगरानी में मैगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस दौरान गणमान्य बचाव कार्यों पर नियंत्रण रखते हुए।

नादौन उपमंडल में गौना स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में, बड़सर के डिग्री कालेज परिसर में, सुजानपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में और भोरंज उपमंडल के जाहू में स्टेजिंग एरिया बनाया गया। स्टेजिंग एरिया से ही सभी रेस्क्यू टीमों, मशीनरी और अन्य संसाधनों को आपदा प्रभावित स्थानों की ओर रवाना किया गया। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने उपायुक्त कार्यालय परिसर के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से मैगा मॉक एक्सरसाइज की निगरानी की तथा रेस्क्यू ऑपरेशनों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए।

इस अवसर पर एसपी भगत सिंह और एनडीआरएफ की ओर से ऑब्जर्वर के रूप में डिप्टी कमांडेंट अनिल तलकोत्रा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान शिमला से राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, एसडीएमए के निदेशक एवं विशेष सचिव डीसी राणा और एनडीएमए के कंसल्टेंट मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर बहल ने मैगा मॉक एक्सरसाइज की लाइव रिपोर्ट ली तथा जिला के आईआरएस में कमियों एवं इनमें सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

एसडीएम हमीरपुर मनीष कुमार सोनी ने बताया कि गांव मसियाणा में भूस्खलन में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीमें रवाना की गईं। इन टीमों ने मसियाणा में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। एसडीएम भोरंज संजय स्वरूप ने बताया कि जाहू में बाढ़ में फंसे 27 लोगों और 6 पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में भी रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने बताया कि गौना में बाढ़ से घिरे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया तथा उनके लिए राहत शिविर लगाया गया। एसडीएम बड़सर राजेश गौतम ने बताया डिग्री कालेज बड़सर के परिसर के आसपास भूस्खलन में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीमें लगाई गईं। इन टीमों ने 12 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला।

एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि सुजानपुर के निकट जोल पलाही में बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मैगा मॉक एक्सरसाइज के अंत में उपायुक्त अमरजीत सिंह और एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट अनिल तलकोत्रा ने एसडीएमए के समक्ष विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**अतीत** पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। **–महात्मा बुद्ध**

## संपादकीय

# पानी पर सियासत

देश की राजधानी दिल्ली पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। एक तरफ दिल्ली में पानी को लेकर मारामारी जारी है तो दूसरी तरफ पानी को लेकर मचे घमासान पर अब सियासत शुरू हो गई है। दिल्ली सरकार की जलमंत्री आतिशी ने हरियाणा पर जल न देने का आरोप लगाया है। टैंकर माफिया पर नकेल कसने से पानी की समस्या हल नहीं होने वाली, क्योंकि असली मुद्दा यमुना नदी से पानी न छोड़ने का है। दिल्ली में जल आपूर्ति यमुना नदी पर निर्भर करती है। यमुना में जल स्तर को बनाए रखने की जिम्मेदारी हरियाणा पर है। कम पानी छोड़े जाने के कारण जल स्तर नीचे गिर गया है, जिससे जल आपूर्ति बाधित हो रही है।

भाजपा इस स्थिति के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहरा रही है। भाजपा कहती है कि दिल्ली सरकार की नीयत ठीक नहीं है। वह लोगों को पानी देना ही नहीं चाहती और उन्हें प्यासा ही मारने पर आमादा है। दिल्ली में हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग सुबह से लेकर शाम तक सारा काम छोड़कर टैंकर आने का इंतजार करते रहते हैं। जैसे ही पानी के टैंकर आते हैं तो प्यासी जनता उन पर टूट पड़ती है। सवाल यह है कि पानी की किल्लत के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? क्या सरकार प्रबंधन में फेल हो गई है? भीषण गर्मी में जल संकट वाकई बड़ी समस्या बन गया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल बेशक जेल में हैं, लेकिन उन्हें पानी की किल्लत के बारे में तमाम जानकारी है। आतिशी जब जेल में उनसे मिलने गई तो उन्होंने सीएम से जल संकट के बारे में चर्चा की। दिल्ली जल संकट की समस्या इस बार पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से है, जिससे यमुना का जल स्तर कम हो गया है।

जल संकट को लेकर दिल्ली पुलिस भी एक्शन में आ गई है। ऐसी भी शिकायतें हैं कि टैंकर माफिया पानी की चोरी करने में जुटा है और खूब पैसा कमा रहा है। पानी के टैंकरों पर नजर रखने के लिए 'आप सरकार' ने 56 पुलिस जवान तैनात किए हैं ताकि टैंकरों से पानी की सप्लाई ठीक से हो सके। दिल्ली में पानी की डिमांड और सप्लाई में भारी अंतर है। दिल्ली में हर रोज करीब 1,290 मिलियन गैलन पानी की डिमांड है, जिसमें से दिल्ली जल बोर्ड वर्तमान में करीब 1,000 एमजीडी का उत्पादन करता है। इस अंतर को दिल्ली के भूजल भंडार से पूरा किया जाता है, लेकिन भीषण गर्मी की वजह से इस बार वाटर लेवल भी काफी नीचे चला गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे बड़े जल संकटग्रस्त शहरों में से पांच भारत में हैं और इस सूची में दिल्ली दूसरे स्थान पर है? पानी के मसले पर हिमाचल सरकार कभी हां तो कभी ना में फंसी हुई है। दिल्ली के लिए यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ने पर हिमाचल प्रदेश का रुख बार-बार बदल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट में यूटर्न लेते हुए अतिरिक्त पानी होने से इनकार कर चुके हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनके पास अतिरिक्त जल है और दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार हैं। बार-बार बयान बदलने से यह मामला और पेचीदा हो गया है। हिमाचल में कांग्रेस सरकार है तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार। यह भी एक वजह है दूसरे राज्य की मदद न करने की। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के गठबंधन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ-साथ रहे, लेकिन अब यह पानी का मसला ऐसा मसला बन गया है कि इसमें भी राजनीतिक फायदा ढूंढा जा रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि हिमाचल में खुद पानी का संकट गहरा गया है। ऐसे में वह मदद करें भी तो कैसे? एक तरफ राजधानी दिल्ली प्यासी है तो दूसरी तरफ यहां पानी की बर्बादी का सिलसिला थम नहीं रहा है। हजारों लीटर पानी पाइपों की लीकेज की वजह से बर्बाद हो जा रहा है। हिमाचल पानी देने के लिए तैयार है, लेकिन समस्या यह है कि हिमाचल का पानी हरियाणा से होकर जाता है, इसलिए इस मामले में दिल्ली सरकार को ही हरियाणा सरकार के साथ सहमति बनानी होगी। बहरलाल, सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद यह मामला जल्द से जल्द सुलझने की उम्मीद की जानी चाहिए। बात थोड़े दिनों की है फिर तो बरसात वैसे भी शुरू हो जानी है, इसलिए इस गंभीर मसले का हल तीनों राज्यों दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल को साथ बैठकर समय रहते निकाल लेना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अभिनेत्री और गायिका

'वो पास रहें या दूर रहें', 'नुक्ताचीं है गमे दिल' और 'दिल ए नादां तुझे हुआ क्या है' जैसे गीत सुनकर आज भी जहन में सुरैया की तस्वीर उभर आती है। गुजरांवाला, पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) में जन्मी सुरैया अपने माता-पिता की इकलौती संतान थीं। नाजों से पली सुरैया ने हालांकि संगीत की शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन आगे चलकर उनकी पहचान एक बेहतरीन अदाकारा के साथ-साथ एक अच्छी गायिका के रूप में भी बनी। 40वें और 50वें दशक में इन्होंने हिंदी सिनेमा में अपना योगदान दिया। अदाओं में नजाकत, गायकी में नफासत की मलिका सुरैया जमाल शेख ने अपने हुस्न और हुनर से हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक नई इबारत लिखी। सुरैया के फिल्मी करियर की शुरुआत बड़े रोचक तरीके से हुई। गुजरे जमाने के मशहूर खलनायक जहूर सुरैया के चाचा थे और उनकी वजह से 1937 में उन्हें फिल्म 'उसने क्या सोचा' में पहली बार बाल कलाकार के रूप में भूमिका मिली। 1941 में स्कूल की छुट्टियों के दौरान वह मोहन स्टूडियो में फिल्म 'ताजमहल' की शूटिंग देखने गईं तो निर्देशक नानूभाई वकील की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने सुरैया को एक ही नजर में मुमताज महल के बचपन के रोल के लिए चुन लिया। इसी तरह संगीतकार नौशाद ने भी जब पहली बार ऑल इंडिया रेडियो पर सुरैया की आवाज सुनी और उन्हें फिल्म 'शारदा' में गवाया। 1947 में भारत की आजादी के बाद नूरजहां और खुर्शीद बानो ने पाकिस्तान की नागरिकता ले ली, लेकिन सुरैया यहीं रहीं। देव आनंद के साथ उनकी 'जीत' (1949) और 'दो सितारे' (1951) फिल्में खास रहीं। ■



**सुरैया**
**जन्म :** 15 जून, 1929
**मृत्यु :** 31 जनवरी, 2004

## अपनी बात

**युवा** पीढ़ी को नशा खोखला करता जा रहा है। आज के समय में नशे से होने वाले नुकसान के बारे में हर कोई जानता है, फिर भी इसे बड़े शौक के साथ नशे का सेवन करता है। युवा शराब, सिगरेट, ड्रग्स सहित न जाने कितनी जहरीली चीजों का सेवन करते हैं। वे इन चीजों के इतने ज्यादा आदी हो जाते हैं कि इनके बिना रह नहीं पाते हैं। इस कारण वे चोरी-चकारी या अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल हो जाते हैं। इसलिए युवाओं को हमेशा नशे से बचके रहना होगा। मादक द्रव्य का दुरुपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह एचआईवी, हेपेटाइटिस, तपेदिक जैसे गंभीर रोगों का कारण है। इसके अलावा नशे से आर्थिक हानि और असामाजिक व्यवहार जैसे कि चोरी, हिंसा और अपराध एवं सामाजिक कलंक तथा समाज का समग्र पतन कई रूपों के रूप में दुष्प्रभाव भी हैं। हम किसी भी नशे को अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से स्वयं को शिकार बनने से रोक सकते हैं। **–सुरेश कुमार, इच्छी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# इंडिया की आंखों से भारत को मत देखिए!

आजकल राष्ट्रीयता, भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होंगे। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाइयां टूटती हैं।

अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुई है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाइयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं।



**लेखक : प्रो. संजय द्विवेदी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ, वह बात हैरत में डालती है।

आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वत: आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है, पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है।

हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही हमारी राष्ट्रीयता का लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पद्धति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रीयता सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति के विचार से अनुप्राणित है।

भारतीय संदर्भ में भारतबोध को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है 'संतों को सीकरी से क्या काम' और फिर कहता है 'कोई नृप होय हमें क्या हानि'। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था, मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रीयता में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी, इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज-बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे।

भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसलिए तमाम धाराएं, विचार, वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्र का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार।

दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रमण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली, विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोक तत्वों को आदर देना ही यहां भारतबोध है, इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति जगह पाती है।

यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्याग कर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है। संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। 'भारत' को 'इंडिया' की आंखों से देखने से हमें वही दिखाई देगा, जो सत्य से बहुत दूर होगा। आइए हम भारत की आंखों से ही भारत को देखने का अभ्यास करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नजरिया: मोदी सरकार की नई चुनौतियां और लोगों की उम्मीदें

देश में लोकतंत्र का महापर्व यानी चुनाव पर्व पूरी धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें रिकॉर्ड मतदाताओं ने मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभा कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर जनशक्ति सौंपी, लेकिन अब सरकार के गठन का एक और उत्सव देश भर में छा गया है, जिसको लेकर आमजन के मन में कई कयास देखे जा रहे हैं, क्योंकि 10 साल के बाद एक बार फिर देश में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं हुआ है।

ऐसे में गठबंधन की सरकार ने फिर एक बार दस्तक दे दी है, जबकि दूसरी तरफ जिस बात की चर्चा अक्सर भारत में होती थी कि देश में मजबूत विपक्ष का अभाव है तो विपक्ष की मजबूती इस कदर है कि कई मायनों में तो यह सरकार से मजबूत दिखने लगी है, यानी संसद में मुद्दों की आवाज प्रमुखता से उभरेगी, ऐसी आशा है। देश में पुन: राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तीसरी बार लगातार सरकार बनने जा रही है। इससे पहले 10 वर्ष भी एनडीए की ही सरकार थी, मगर बीजेपी के पास स्पष्ट बहुमत प्राप्त था, लेकिन अब स्थिति विपरीत है, अब मिलजुलकर सरकार बनी है, संभवत: आमराय व एकमत कर निर्णय कर आगे बढ़ना होगा तथा सभी दलों को संतुष्ट भी करना होगा।



**लेखक : डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

पहले तो बीजेपी अपने कहे कार्यों को तेजतर्रार फैसलों से पूरा करती हुई नजर आई है, चाहे धारा 370 हो, तीन तलाक हो, राम मंदिर हो, सीएए हो या महिला सशक्तिकरण हेतु आरक्षण हो, लेकिन अब तो सहयोगियों पर निर्भर रहना होगा। देखना होगा कि यूसीसी, एनआरसी, पीओके जैसे मुद्दों पर सरकार में शामिल दलों की एकराय बन पाती है या इन विषयों के लिए जनता को इंतजार ही करना पड़ेगा। सरकार गठन को लेकर भले ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सब कुछ ठीकठाक नजर आ रहा है, मगर भविष्य में यही स्थिति जारी रहने की गारंटी नहीं है। सबसे बड़ी सहयोगी तेदेपा ने भाजपा की विचारधारा के विपरित आंध्र प्रदेश में आरक्षण में मुस्लिम कोटा बहाल करने की घोषणा की है।

सवाल यह है कि जब भाजपा अपने मूल एजेंडे में शामिल यूसीसी, धर्मांतरण विरोधी कानून की राह में आगे बढ़ेगी, तब इन दलों का क्या रुख होगा? जाहिर तौर पर आगाज अच्छा होने के बावजूद भाजपा के सामने इन मुद्दों पर आगे बढ़कर अपने मूल वोट बैंक को साधे रहने और इसके लिए सहयोगी दलों को राजी करने की चुनौती है। अभी तक तो मंत्रिमंडल की सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है, मगर भविष्य की राहें देखनी होंगी आसान होगी या चुनौतियों से भरी। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि दोनों ही प्रमुख बड़े सहयोगी दल केंद्र की बजाए राज्य में प्राथमिकता हेतु तत्पर नजर आ रहे हैं। चाहे केंद्र से राज्य को विशेष दर्जा हो, आर्थिक पैकेज हो या योजनाओं का सीधा लाभ दोनों ही इस राह पर अग्रसर हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### कविता: तौंदी आई



रवि कुमार संख्यान
मैहरी काथला, बिलासपुर

*तौंदी आई तौंदी आई,*
*चमड़िया तत्ते-तत्ते डमके पाई,*
*पारा चढ़ी गया चालियां ते ऊपर,*
*सुकी गए खड्डां-नालू,*
*प्यासे कौये नलके रिया टूटियां ने चोंच लगाई,*
*नी टपकदा एक पाणिये रा टेपा,*
*कियां तरया मटाणी।*
*पंखे देंदे गर्म हवा, कूलर, एसी भी न इसरी दवाई।*
*बड़यां दिनां ते बरखा नी आई,*
*पाऊवो करा कालियां ईटां,*
*मुंह च मला काली स्याही,*
*सड़का किनारे आवारा पशु पाणिये जो तरसते,*
*जंगला दावानल च जीवजंतु स्वाहा हुंदे ।*
*करा लोका जरा ऐड़ा ज्ञान,*
*जीव-जंतुओं पाणी पलाणे रा बणा प्लान।*
*सुणो प्यारे माहणू लोका,*
*जंगला च नी सटणा बीड़ी सिगरटा दा टोटा,*
*जंगल फुणी जाणे,*
*मौसम बदली जाणे।*
*पर्यावरण बिगड़ी जाणा।*
*अगलियां पुस्तां फेरी असां जो बुरा गलाणा।*

# वर्षा जल को सहेजने की होनी चाहिए ईमानदार कोशिश

जीवन में प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है तथा बदले में प्रकृति हमसे थोड़ी-सी कुछ अपेक्षा रखती है। उसमें भी हम मनुष्य शायद खरा नहीं उतर पा रहे हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वर्षा जल को ही सहेज लें। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए समय-समय पर इसका ध्यान रखा। इसके लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। अब कुछ आधुनिकता के चलते हम अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा प्रकृति को अनदेखा करते जा रहे हैं, जिसका परिणाम हम सबको समय-समय पर दिखाई पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग, जल का स्रोत निम्न स्तर पर जाना, गर्मी में अधिक तापमान इत्यादि कारण जो हमें सामने दिखाई दे रहे हैं, इन्हीं में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात आज जल बचाने की है।

देखा जाए तो जन्म से ही मनुष्य अपने आप को बहुत चालाक, चतुर और समझदार समझता था, हर जगह मानो उसकी हुकूमत हो, किंतु प्रकृति इस मनुष्य से भी कई अधिक चतुर, चालाक और समझदार निकली, जिसने दो महत्वपूर्ण काम वायु-जल अपने हाथों में ही रखे और ये दोनों ही चीजें मनुष्य कभी निर्माण (काल्पनिक हो सकती हैं) नहीं कर सकता। इन दोनों के लिए मनुष्य को प्रकृति के साथ रहकर ही कार्य करना पड़ेगा! अधिक पेड़ लगाने होंगे तथा वर्षा का पानी सहेजना होगा जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके, अन्यथा हालात अभी आरंभ ही हुए हैं, नहीं तो दुष्परिणामों और संकट की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा?



**लेखक : अमित राव पवार**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं, जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जल की खपत लगातार जनसंख्या वृद्धि के कारण बढ़ती जा रही है, वहीं इसकी उपलब्धता में कमी दिखाई पड़ती है।

पानी की कमी को पूरा करने के लिए शासन-प्रशासन सरकारें सब अपना काम कर रहे हैं, लेकिन इतने भर से काम चलने वाला नहीं है। वास्तव में यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल का अपव्यय न करे, इसे सहेज कर रहे। कोई भी सरकार आ जाए, कितने ही कानून बन जाएं, पर हम जल को उत्पन्न नहीं कर सकते हैं, इसलिए यह ध्यान में रखकर ही हम जल का अपने जीवन में सही उपयोग करेंगे और भूजल स्तर को बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

इसके लिए जो कार्य आज से ही शुरू करने हैं, वह है जल को बचाएं, पेड़ लगाएं, हमारी छतों से हर वर्ष लाखों-करोड़ों लीटर पानी बह जाता है, इस बहते पानी को हम सहज सकते हैं दो या तीन तरह से। छत पर आने वाले वर्षा जल को एक फिल्टर के माध्यम से सीधे नलकूप में उतारकर, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट बनाकर या अन्य किसी विधि द्वारा। आसानी पूर्वक जैसा हम कर सकते हैं जिससे जल बहकर न जाते हुए भूमि के अंदर जाए जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके। इस तरह से हम सभी जल को सहेज सकते हैं।

सच यही है कि वर्षा और पेड़ों से ही भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। आज देश के कितने ही नगरों में जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, विकास के नाम पर सीमेंट का जाल बिछाया जा रहा है। दूर-दूर तक पेड़-पौधों का नाम तक नहीं है, जल होगा तो सप्लाय होगा या जल की व्यवस्था होगी तभी शासन-प्रशासन सरकारें कुछ कर पाएंगी, अन्यथा हम कितने ही आंदोलन करें, कितने ही ज्ञापन दें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हम भूमि से जल निकाल ही रहे हैं उसे दे कुछ नहीं रहे। नदियां सिकुड़ रही हैं, तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियां अब पोस्टरों पर दिखाई देती हैं। इसलिए अभी समय रहते हम सबको संभलना होना, अन्यथा आने वाले समय में जल के लिए भीषण लड़ाइयां और युद्ध तय हैं।

वस्तुत: हम सभी को यह ध्यान रखना होगा कि जल को हम बना या निर्माण नहीं कर सकते, इसलिए वर्षाकाल में हम सभी मिलकर यह प्रयास करें कि जल को सहेजेंगे, इसे सहेजने की, भूमि के जलस्तर बढ़ाने की और अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसे सुरक्षित रखते हुए पौधे से पेड़ बनने तक रखरखाव की जिम्मेदारी लेंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ी को कुछ देकर जा पाएंगे, अन्यथा आज जो हम वायु-जल उपयोग कर रहे हैं, यह तो हमें हमारे पूर्वजों के कारण मिला है। हमारा इस प्रकृति में फिर क्या योगदान है? इस पर भी हम सभी गहनता से विचार करेंगे ही ताकि आने वाली पीढ़ियों को पानी के लिए मारामारी न करनी पड़े और पड़ोसी राज्य एक-दूसरे के पानी को लेकर न कानूनी लड़ाइयां लड़ें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग की दिशा में भारत तेजी से कर रहा प्रगति

**वैश्विक पवन दिवस पर विशेष**

प्रतिवर्ष 15 जून को मनाया जाने वाला वैश्विक पवन दिवस, पवन ऊर्जा के महत्व और दुनिया को प्रभावित करने की इसकी क्षमता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। यह दिन पवन ऊर्जा के उपयोग को एक स्थायी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में बढ़ावा देता है। हर साल, पवन ऊर्जा दिवस को एक अनूठी थीम के साथ मनाया जाता है, जिसमें ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में ध्यान देने की आवश्यकता वाले विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। प्राचीन काल से ही पवन ऊर्जा का उपयोग किया जाता रहा है, पहली पवन चक्कियां लगभग 1000 ई. के आसपास मध्य पूर्व में दिखाई दीं। मध्य युग के दौरान, यूरोप में यांत्रिक पवन ऊर्जा उपकरणों का उपयोग किया जाने लगा।

पारंपरिक पवन चक्कियों की तरह, पवन ऊर्जा ब्लेड को घुमाने के लिए हवा की शक्ति का उपयोग करती है, जबकि पुरानी पवन चक्कियां इस गति का उपयोग आटा पीसने के लिए करती थीं, आधुनिक टर्बाइन इसका उपयोग जनरेटर को चलाने और बिजली पैदा करने के लिए करते हैं। ऊर्जा के लिए पवन चक्कियों का उपयोग लगभग 700 साल पहले शुरू हुआ था और इसका पहली बार उपयोग 1595 में रूस में बिजली उत्पादन के लिए किया गया था। शुरू में सिंचाई के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पवन चक्कियों की दक्षता सौर ऊर्जा मशीनों की तुलना में कम होती है। पवन ऊर्जा का उपयोग करने की प्रक्रिया में प्रोपेलर का निर्माण, यह सुनिश्चित करना कि सामग्री संरचनात्मक रूप से मजबूत है, जो प्रति वर्ग मीटर लगभग 25 वाट ऊर्जा का उत्पादन करती हैं। हालांकि, पवन ऊर्जा बिजली का निरंतर प्रवाह प्रदान करती है, जिससे ऊर्जा भंडारण की आवश्यकता नहीं होती है, अर्थात औसतन करीब 40 प्रतिशत कम ऊर्जा मिलती है।

पवन ऊर्जा में, सौर ऊर्जा के मुकाबले निरंतर प्रवाह होता रहता है, अत: इससे उत्पन्न विद्युत को स्टोर (चार्ज) करने की परेशानी नहीं है। यदि पवन चक्की नदी, समुद्र के किनारे लगाई जाए तो ज्यादा अच्छा परिणाम मिलता है, क्योंकि वहां हवा की गति तीव्र होती है। वैसे हवा तो निरंतर बहती रहती है, जिसे आप सांस द्वारा लेकर ऊर्जा लेते रहते हैं, लेकिन पवन चक्की चलाने हेतु इसकी गति में तीव्रता चाहिए। पवन ऊर्जा उत्पन्न करने के मामले में भारत चौथे नंबर पर पहुंच गया है। भारत के बाद क्रमश: स्पेन, इंग्लैंड और फ्रांस का नाम आता है। वैश्विक रैंकिंग के दृष्टिकोण से चीन सर्वाधिक पवन ऊर्जा उत्पादक देश है, इसके द्वारा स्थापित कुल क्षमता 23 गीगावाट है। वहीं, दूसरे स्थान पर संयुक्त राज्य अमेरिका जो कि दूसरा बड़ा उत्पादक देश है, जिसकी क्षमता 974 गीगावाट है। विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पवन ऊर्जा उत्पादक देश जर्मनी है, जिसकी स्थापित क्षमता 59.3 गीगावाट है।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऊर्जा उत्पन्न करने के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग की दिशा में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। जिस गति से भारत में इस ओर ध्यान दिया जा रहा है, उससे साल 2050 तक बिजली के अन्य स्रोतों पर निर्भरता काफी कम होने वाली है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी की रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय ऊर्जा के विकास के लिए देश के सभी राज्य भरसक प्रयास कर रहे हैं। 2024-25 तक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के 1,95,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2019 तक देश की नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 78,000 मेगावाट थी, जो सितंबर 2023 में बढ़कर 85,580 मेगावाट हो गई है और 31,150 मेगावाट की क्षमता स्थापित करने के लिए प्रयास विभिन्न चरणों में हैं। भारत सरकार ने 2025 के आखिर तक 98 गीगावाट पवन ऊर्जा से, 120 गीगावाट संस्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

स्वदेशी नवीकरणीय संसाधनों में पवन ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से महंगे आयातित जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता में कमी आने की उम्मीद है। पवन चक्की से प्राप्त ऊर्जा में खर्चों का आकलन किया जाता, तो कोयले से प्राप्त ऊर्जा की तुलना में करीबन बराबर ही है। सिर्फ 5 प्रतिशत का अंतर है, जो उसके रखरखाव व नियंत्रण पर होने वाले व्यय में कमी के कारण बच जाता है। पवन ऊर्जा केवल तभी अप्रत्यक्ष रूप से ग्रीनहाउस गैसों को छोड़ती है, पवन ऊर्जा का उपयोग घरों और व्यवसायों को असीमित ऊर्जा से रोशन करने के लिए किया जाता है, क्योंकि पवन टर्बाइनों का निर्माण, परिवहन और स्थापना नवीनतम तकनीकी प्रगति के साथ की जाती है, ताकि दक्षता और बिजली उत्पादन में वृद्धि हो सके। टर्बाइन विभिन्न आकारों में आते हैं, जिससे आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए उनका उपयोग बढ़ रहा है, और जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ रही है, संरचनाएं और भी अधिक कुशल हो रही हैं, कम रखरखाव की आवश्यकता होती है और सुरक्षित रूप से संचालित होती हैं। वर्तमान में, पवन ऊर्जा संयंत्र संयुक्त राज्य अमेरिका में 1.5 प्रतिशत से भी कम भूमि का उपयोग करते हैं। हालांकि पवन ऊर्जा परमाणु ऊर्जा से अधिक महंगी है, लेकिन इसके लिए किसी रखरखाव या नियंत्रण व्यय की आवश्यकता नहीं होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान दिवस पर बच्चों को किया जागरूक



मंडी। जिला स्तरीय विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन किशन चंद प्रिंसिपल त्रि संगम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिवालसर में संपन्न हुआ, जिसमें रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जानकारी प्रदान की गई। रक्तदान के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में अदिति शर्मा ने प्रथम व मृदुल शर्मा द्वितीय व तथा लक्षिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में महक प्रथम अंशिका दूसरे व कर्ण तीसरे स्थान पर रहे तथा स्लोगन प्रतियोगिता में राशि ठाकुर प्रथम भवानी गर्ग दूसरे व विनायक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे।

### रमेश चंद बने फंग्वास स्कूल एसएमसी के प्रधान



सुंदरनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फंग्वास में विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुए। इन चुनावों में रमेश कुमार कश्यप को अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके साथ ही सदस्यों के रूप में ममता, विद्या, शीला, तुलसी, कौशल्या, द्रोमती, रूमति, रीना, लीला, पेशावर, रमेश, गुरुदेव, हुस्न, पुष्पराज और लोकराज को चुना गया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य दया राम ठाकुर ने नव निर्वाचित प्रधान और सदस्यों को बधाई दी।

### ग्रामीण बैंक ने दी दो लाख की बीमा राशि



गोहर । प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृतक के बेटे को ग्रामीण बैंक शाखा बगस्याड़ से दो लाख रुपए की बीमित राशि मिली है। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक बगस्याड के शाखा प्रबंधक संतोष राणा ने बताया कि जिला मंडी के तहसील थुनाग के गांव रहिधार डाकघर बगस्याड निवासी मोहन सिंह पुत्र श्री बेसर राम की मृत्यु हो गई थी। जिसके तहत उनके पुत्र टोपेन्दर कुमार को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

### जोगिंद्रनगर स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन

जोगिंद्रनगर । राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में पुरानी स्कूल प्रबंधन समिति को भंग किया गया और आगामी 3 वर्षों के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी में मोनू देवी को पुनः सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया। जबकि अनीता देवी, सावित्री देवी, मीनाक्षी, संतोष कुमारी, अनिता कुमारी, निशा कुमारी, सुनीता देवी, माया देवी, शीला देवी, ज्योति, दौलत राम, भगत राम, हेमलता ठाकुर, अनिता, मीना देवी, रचना कौर, सुनीता देवी, नेक राम शास्त्री और संतोषी देवी को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापकों व अभिभावकों को संयुक्त रूप से सकारात्मक प्रयास करने चाहिए।

### सैन बेहल स्कूल में नई कार्यकारिणी का गठन



पंडोह। राजकीय माध्यमिक पाठशाला सैन बेहल में स्कूल प्रबंधन समिति की अगले तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के लिए अभिभावकों की आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन करना है। इस बैठक में सर्वसम्मति से हेमलता को स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सदस्यों में हंसा देवी, सुनीता देवी, रौशनी देवी, सरस्वती तथा पदेन सदस्य के रूप में वार्ड मेंबर शांता देवी को शामिल किया गया। इस बैठक में अभिभावकों में नीलम देवी, नरेश कुमार, सुनीता देवी, रोशनी देवी, सरस्वती, हेमलताहंसा देवी सहित आदि उपस्थित रहे।

### सीमा बनी सरकाघाट गर्ल्स स्कूल एसएमसी की प्रधान



सरकाघाट। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में प्रधानाचार्य अविनाश ठाकुर की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सीमा देवी को प्रधान चुना गया, कल्पना मोनू देवी, शालू देवी, रंजना देवी, रशीदा खातून, वीना देवी, प्रेम देवी, अंजना कुमारी, कमलेश कुमारी, सपना देवी, नरेश कुमार, कल्पना देवी, अति देवी और रामबदन को सदस्य चुना गया। इसके अतिरिक्त गगन गुप्ता, मंजू कुमारी और विपिन को अध्यापक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।

### एसबीआई ने दिए 18 लाख के मेडिकल इक्विपमेंट

मंडी । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य विभाग को अठारह लाख बीस हजार रुपए के मेडिकल इक्विपमेंट प्रदान किए गए। देर से शाम राजकीय क्षेत्रीय अस्पताल के परिसर में बैंक के अधिकारियों द्वारा ये इक्विपमेंट्स चिकित्सा अधिकारियों को सौंपे। इस मौके पर स्टेट बैंक ऑ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र राणा और शाखा प्रबंधक अमित भट्टी द्वारा इक्विपमेंट मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज, चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉक्टर दिनेश ठाकुर व डॉ. दुष्यंत ठाकुर को सुपुर्द किए गए। यह इक्विपमेंट सरकाघाट क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर और जमणी के लिए प्रदान किए गए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र राणा ने बताया कि बैंक द्वारा यह कार्य सीएसआर गतिविधि के तहत किया गया है।

# एचआरटीसी मंडी डिपो में आई ऑनलाइन किराया भुगतान मशीनें, परिचालकों के लिए समस्या

**पुष्पराज, मंडी**

जहां जमाना डिजिटल होता जा रहा है और हर जगह ऑनलाइन पेमेंट की बात की जाती हैं और आज के समय में लोग जेब में पैसा रखना भी कम ही पसंद करते हैं और लोगों भी ऑनलाइन ही पैसों का भुगतान करना ही सही समझते हैं।

इसी कड़ी में अब एचआरटीसी भी पीछे नहीं हैं आपको बता दें की एचआरटीसी मंडी डिपो में अब आधुनिक और किराए के ऑनलाइन भुगतान के लिए करीब 80 मशीनें आ चुकी है। यह मशीनें दो चरणों में मंडी डिपो में भेजी गई जिसमें 40 मशीनें 23 अप्रैल को और 40 मशीनें 24 मई को मंडी डिपो में पंहुची। यह मशीनें पूर्णतया ऑनलाइन सुविधा से परिपूर्ण हैं और मशीन में एयरटेल कंपनी की सिम को लगाया गया है जिससे ऑनलाइन नेटवर्क के जरिए कार्य हो सके और मशीन में यूपीआई पेमेंट, और डेबिट कार्ड से भी किराए का भुगतान किया जा सकता हैं।

अड्डा प्रभारी पवन गुलेरिया ने बताया कि मशीनों को सभी परिचालकों को वितरित कर दिया गया हैं और फील्ड में सुचारु रूप से कार्य कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### कुछ मशीनों में आ रही समस्या

कंडक्टर यूनियन के प्रधान रूपलाल नेगी, केशवराम जनरल सेक्रेटरी, आशीष कुमार और समस्त कंडक्टर यूनियन का कहना हैं कि मशीन ऑनलाइन सुविधा के लिए तो ठीक हैं लेकिन बस में भीड़ होने के दौरान ऑनलाइन टिकट के पैसों का भुगतान कोई सवारी करना चाहे उसमें करीब 3 से 4 मिनट का समय लग जाता हैं और उतने समय में बस 2 से 3 किलोमीटर का सफर तय कर लेती हैं। जब यूपीआई और कार्ड से कोई किराए का भुगतान करता हैं तो उसमें काफी समय लग जाता हैं।

### मशीन का बैटरी बैकअप कम



नई ऑनलाइन किराया भुगतान की मशीन।

परिचालकों का कहना है कि नई मशीनों को बैटरी बैकअप कम हैं और कई बार परिचालक ऐसे इलाकों में भी बस में जाते है जहां बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं होती हैं और कई बार बस में ही सोना पड़ता हैं जिसके कारण मशीन को चार्ज करने में भी समस्या होती हैं।



मंडी बस अड्डा कंडक्टर यूनियन के लोग सामूहिक चित्र में

### मशीन में कॉलेज पास, दिव्यांगता बस पास और पुलिस आई कार्ड का ऑप्शन नहीं

परिचालकों ने बताया कि मशीन में कॉलेज पास एंटर करने, दिव्यांगता बस पास, पुलिस आई कार्ड का ऑप्शन उपलब्ध ही नहीं हैं। मशीन में जिनका टिकट बनना है सिर्फ वही ऑप्शन हैं जिससे बस में यदि 100 सवारियां बैठी है जिनमें कॉलेज छात्र, दिव्यांग व्यक्ति या कोई पुलिसकर्मी बैठा हो उनमें से सिर्फ 30 ही लोगों की टिकट मशीन दिखाती है और बाकी 70 लोगों की टिकट शो नहीं करती हैं। प्रबंधन से मशीन को अपडेट और पेश आ रही समस्या पर कार्य करने की गुहार लगाई हैं।


### कमरूनाग के सरानाहुली मेले के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

# बकरों की बलि की जगह चढ़ा नारियल

**सुनील शर्मा, गोहर**

मंडी जनपद के अराध्य बड़ा देव कमरुनाग का प्रसिद्ध सरानाहुली मेला धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। दो दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने बड़ा देव कमरुनाग के दर्शन कर अपनी आस्था व्यक्त की।

देशभर से आए श्रद्धालुओं ने बड़ा देव कमरूनाग के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान कर दिया। भक्तों ने देवता को सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और सिक्के चढ़ा कर हजारों श्रद्धालुओं ने कमरूनाग झील में स्नान कर आशीर्वाद लिया। कुछ श्रद्धालुओं ने झील में सोने-चांदी के सिक्के भी डाले।मेले में कई बच्चों के मुंडन संस्कार भी किए गए। इस वर्ष मेले में बकरों की बलि पर रोक लगाई गई थी। ऐसे में श्रद्धालुओं ने नारियल चढ़ाए।



देव श्री कमरूनाग जी के मंदिर में लगी भक्तों की भारी भीड़ ।

गोहर पुलिस थाना प्रभारी लाल चंद ने बताया कि मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सुरक्षा के लिए पुलिस के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। यह मेला हर साल आषाढ़ संक्रांति के अवसर पर मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन भगवान कमरुनाग धरती पर अवतरित हुए थे। कमरूनाग का सरानाहुली मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह विभिन्न संस्कृतियों के मिलन का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह मेला प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है।

### नौबाही देवी में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

मंडी। नौबाही देवी मेले के अवसर पर आषाढ़ संक्रांति को अधिष्ठात्री नौबाही देवी का प्रकटोत्सव मनाया गया। सुबह चार बजे देवी की पूजा और आरती की गई, तदोपरांत देवी को विविध प्रकार के भोग अर्पित किए गए। विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 देवी-देवता मौजूद रहे। दोपहर 12 बजे पुनः देवी की आरती की गई। दिनभर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने देवी के दर्शन कर छमाही प्रदान की।

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सरनाहुली मेले का किया शुभारंभ



मंडी । शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पराशर ऋषि की तपोस्थली पराशर झील में आयोजित जिला स्तरीय सरनाहुली मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त द्रंग विधानसभा के चार स्कूलों घ्राण, देयोरी, बागी कटौला और कथोग स्कूल के भवनों का शिलान्यास किया। इन पर 17 करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घ्राण के निर्माण पर 5.41 करोड़ रुपए, दियोरी स्कूल के निर्माण पर 4.24 करोड़ रुपए, बाग्गी कटौला स्कूल भवन पर के निर्माण पर 3.87 करोड़, कथोग स्कूल के निर्माण के लिए 3.53 करोड़ खर्च होंगे। 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्वाड़ स्कूल भवन का उद्घाटन भी किया। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलों को 15-15 हजार रुपए भी स्वीकृत किए। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव सोहल लाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान वामन देव ठाकुर, चोहार मंडल के घनश्याम, बडार के दलीप सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## द्रंग मसेरन की देवी मां चामुंडा के लोगों ने किए दर्शन



चौहटा बाजार से रवाना होता माता चामुंडा भगवती का दिव्य रथ और देवलु।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

द्रंग मसेरन की देवी मां चामुंडा भगवती जब मंडी शहर में अपने मूल स्थान द्रग मसेरन से पहुंची तो भक्तों का शहर में जनसैलाब सा उमड़ उठा। माता रानी भक्त की मनोकामना पूर्ण होने पर इलाका तुंगल गांव सिहली की ओर रवाना हो रही थी। माता रानी जब भी अपने मूल स्थान से रवाना होती हैं तो मंडी शहर के भूतनाथ मंदिर और सिद्ध काली मंदिर में भी हाजिरी भरती हैं।

वरिष्ठ गुर पुजारी दिनेश शर्मा ने बताया कि भक्त की मनोकामना पूर्ण होने पर प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते हुए माता भक्त के बुलावे पर उनके निवास की ओर रवाना हो रहीं हैं। उन्होंने बताया कि माता रानी दूर दराज से आये लोगों का भी कष्ट निवारण करती हैं और राजदरबार के कार्य में संतान प्राप्ति के कार्य में महामाई का आशीर्वाद रहता हैं।

## अस्पताल में व्यवस्था सुधारने पर सिटीजन काउंसिल खुश

मंडी । तीन दिन पूर्व सिटीजन कॉउंसिल मंडी और हेल्प पोस्ट मंडी द्वारा ओपीडी रजिस्ट्रेशन को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए व रजिस्ट्रेशन हेतु समय अवधि कम करने के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था के अंतर्गत एक टोकन जनरेटिंग मशीन स्थापित की गई जिसके परिणाम काफी अच्छे रहे। सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष आप कपूर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि तीसरे दिन तो यह व्यवस्था बहुत ही सफल रही। उन्होंने इस कार्य के लिए मेडिकल सुपरिंटेंडेंट और महापौर का आभार व्यक्त किया। काउंसिल के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया कि दो और टोकन मशीनें शनिवार को स्थापित कर दी जाएंगी और अगले हफ्ते से वे सुचारु रूप से काम करना शुरू कर देंगी।

## हर बार विकास कार्यों को रोकने के लिए रचा षड्यंत्र: ज्योति

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद उपाध्यक्ष द्वारा की जा रही बयानबाजी पर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा की नगर परिषद उपाध्यक्ष अखबारों के माध्यम से जो बयान दे रहे की उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया क्यों की अध्यक्ष विकास कार्य करवाने में असमर्थ रही हैं।

उन्होंने कहा की अपने कार्यकाल में उनके द्वारा बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए गए हैं। सातों वार्डों की जनता के विकास कार्यों के लिए निस्वार्थ भाव से निरंतर कार्य करती रहीं हैं। किसी पर गलत आरोप लगाने से पहले स्वयं के गिरेबान में झांक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित होकर लाया गया है।

उन्होंने जारी बयान में कहा की उनके द्वारा अपने कार्यकाल में विकास कार्यों में तेजी लाने का काम किया गया ताकि नगर परिषद जोगिंद्रनगर को आदर्श नगर परिषद बनाया जा सके, परंतु हर बार जोगिंद्रनगर में हो रहे विकास कार्यों को रोकने के लिए षड्यंत्र रचा गया।

## अमरजीत ने 51वीं बार किया रक्तदान

मंडी । जोनल अस्पताल मंडी में विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष पर हिमालय ब्लड डोनर संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र भारद्वाज ने रक्तदान के प्रति जागरूक किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ मंडी के प्रधान अमरजीत शर्मा ने 51वीं बार रक्तदान किया।




## सैंठी गांव में चोरों ने दो घरों में लगाई सेंध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत ममाण-बनांदर के गांव सैंठी में दो घरों में चोरों ने सेंध लगाकर हजारों की नकदी और सामान को चुरा ले गए हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सैंठी निवासी जगदीश चंद के घर से देर रात चोरों ने ताले तोड़कर कमरे में रखी अलमारियों और अन्य स्थानों में रखे हुए घरेलू सामान को उथल-फुथल कर घर में रखे कई चीजों को उड़ा कर ले गए हैं।

जबकि मकान मालिक के भाई ज्ञान चंद राणा ने शुक्रवार को कहा कि उनका भाई जगदीश चंद अपने परिवार के साथ लुधियाना में अपने परिवार के साथ रहते हैं और वह दोनों भी बीमार है और लुधियाना में उपचारधीन है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस चोरी की घटना की जानकारी अपने भाई को दी। उनके भाई जगदीश के मुताबिक घर से सोने के गहने और चांदी सहित पांच हजार की नकदी चोर उठा ले गए हैं।



चोरी की वारदात के स्थान के चित्र।

ज्ञानचंद ने बताया कि उनके घर के ताले तोड़कर सामान को उथल-फुथल कर बर्तन और घर में रखी गई गिफ्ट को भी कर उड़ा ले गए हैं। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस चौकी लडभड़ोल को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी लडभड़ोल टीम के प्रभारी अनिल कटोच ने मौके का जायजा लिया और चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि चोरों की धर पकड़ की जा रही है और जल्द चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## 'गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र लेखन' पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में शुक्रवार को गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र तैयार करने और शोध प्रस्ताव लिखने पर एक-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रोफेसर हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान दीप प्रज्वलित करते गणमान्य।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से प्रोफेसर सुशील कुमार कंसल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी से प्रोफेसर वेंकट कृष्णन और भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर से डॉ. विकास कुमार संसाधन व्यक्ति थे जिन्होंने वैज्ञानिक लेखन पर प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि कार्यशाला विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित की जा रही है। प्रो. अवस्थी ने बताया कि उत्कृष्ट शोध पत्र और अच्छा शोध प्रस्ताव लिखने का पहलू काफी हद तक समान है। इस अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक इंजीनियर सुनील कुमार वर्मा, सभी डीन और विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

## हिमाचल प्रदेश कॉलेज टीचर एसो. ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश कॉलेज टीचर एसोसिएशन की अध्यक्षा बनिता सकलानी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को एक ज्ञापन प्रोफेसरों की मांगों को लेकर मंडी में सौंपा गया। इस मांग पत्र में प्रमुख मांग उच्च न्यायालय हि प्र के कर्मचारियों के हित में आए निर्णय को लागू करने की है।

कॉलेज के बहुत से प्रोफेसर आठ, छह, पांच, तीन वर्ष का अनुबंध कटाकर नियमित हुए है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने अनुबंध की प्रथम नियुक्ति से नियमित कर्मचारी की तर्ज पर सारे वित्तीय और पदोन्नति लाभ देने की बात की है। उन्होंने मांग की हैं कि सरकार जल्द कोर्ट के निर्णय को प्रोफेसरों के हित में लागू करें।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रोफेसर बनिता सकलानी

## बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

जोगिंद्रनगर। हर्बल गार्डन के साथ लगते आयुष विभाग के कार्यालय में बिजली आंख मिचौनी खेल रही हैं। पंकज कुमार ने बताया कि कार्यालय में पिछले कल दो बजे से बिजली बंद थी तो शुक्रवार को बिजली आई और जून महीने में पिछले पांच दिनों से बिजली का कट लग रहा है, जिसके कारण दवाई के सैंपल भी खराब हो रहे हैं।

विद्युत बोर्ड जोगिंद्रनगर से उप विभागीय अधिकारी रमेश सकलानी ने कहा कि बिजली बंद होने के कारणों का पता लगा कर इसे जल्द ठीक किया जाएगा।

**रिहर्सल**

### प्रशासन ने जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, गोहर, करसोग और पधर में की आपदा पर मॉकड्रिल

# आपदा से प्रभावित लोगों का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

दुल गांव में नाले में पानी बढ़ने के कारण हुए भूस्खलन पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जोगिंद्रनगर में आयोजित इस मॉकड्रिल को एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष की निगरानी में आयोजित किया गया। एसडीएम ने बताया कि राज्य व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित टास्क भूस्खलन को लेकर अभ्यास आयोजित किया गया।



### भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र से बचाई 40 जानें

सरकाघाट । जवाली में मॉकड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया मॉकड्रिल के लिए सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के जवाली गांव को चुना गया था क्योंकि यह आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है। इस दौरान अग्निशमन विभाग, गृह रक्षक व आपदा मित्रों व टास्क फोर्स के स्वयं सेवकों ने आपदा में घायल व फसे 40 लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थल व मेडिकल कैंप पहुंचाया जिनमें 30 व्यस्क, 10 बच्चे शामिल थे।



बाढ़ प्रभावित को अस्पताल ले जाते एसडीआरएफ के जवान।

### भू-स्खलन की घटना में प्रशासन ने सबको बचाया सुरक्षित

करसोग । करसोग बाइपास पर भूस्खलन की घटना पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में भूस्खलन की आपदा आने पर घटनास्थल पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, उन्हें प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही राहत और बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई।

**मॉकड्रिल से आपदा में हुई क्षति को कम किया जा सकता है**



### भू-स्खलन के चलते लोगों का किया बचाव

गोहर । गांव दाण में भूस्खलन पर मॉकड्रिल का किया गया। स्थानीय प्रशासन को गांव दाण एक घर भूस्खलन से दबने तथा सड़कों के ब्लॉकेज की सूचना मिलने पर प्रशासन ने तेजी से अपना राहत कार्य करना शुरू किया। वहीं अन्य गतिविधियां भी करवाई गई। इस दौरान एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल करवाने का उद्देश्य आपदा की स्थिति में बचाव व राहत कार्य का है।

पधर । कोटरोपी में भूस्खलन पर मॉकड्रिल की। इस दौरान एसडीएम पधर सुरजीत सिंह कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल करवाने का उद्देश्य आपदा की स्थिति में बचाव व राहत कार्य के संबंध में किस तरह से कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आपदा से हुए नुकसान कम से कम किया जा सके। वहीं आपदा से हुए जान माल की क्षति को कम से कम किया जा सके।

## वल्लभ कॉलेज के छात्रों को नहीं पर्याप्त हॉस्टल सुविधा : विशाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर ने बताया कि मंडी महाविद्यालय में दिन-प्रतिदिन बढ़ती हुई समस्याओं का छात्रों को सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर मंडी महाविद्यालय को प्रदेश के सबसे बड़े और पुराने महाविद्यालयों में माना जाता है वहीं इसकी समस्याएं भी इतनी ही बड़ी और पुरानी हैं।

हाल ही पिछले वर्ष नैक का सर्वे जब महाविद्यालय में हुआ तो महाविद्यालय का ग्रेड ए से ग्रेड बी कर दिया गया। इसका सबसे मुख्य कारण महाविद्यालय प्रशासन है, परंतु अभी तक महाविद्यालय में किसी भी तरह के कार्य इन कमियों को पूरा करने के लिए नहीं किए गए। वर्ष 2023-24 सेशन के मध्य में पीटीए फंड को बढ़ा दिया जाता है, परंतु छात्रों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से उनको वंचित रखा जाता है।

आज के समय में इतनी भीषण गर्मी होने के बावजूद भी छात्रों को पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। इस तरह महाविद्यालय परिसर में कूड़ेदान की व्यवस्था, शौचालय की सुचारु रूप से सफाई व मरम्मत, कक्षा में छात्रों के बैठने के लिए बेंच व पंखे और लाइट इस तरह की सुविधाएं छात्रों को नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही छात्रों के लिए पर्याप्त हॉस्टल सुविधा नहीं है, जिससे अधिकतर छात्र परेशान हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान के लिए जागरूक किए लोग



विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर रैली निकालते हुए छात्र

**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में उपप्रधानाचार्य पूनम देवी की अध्यक्षता में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा जागरूक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। उपप्रधानाचार्य ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और आपका एक रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि रक्तदान के बारे में जागरूकता फैलाएं और अपने दोस्तों और परिवार को भी रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, सुलोचना राणा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, लेख राज, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, प्रशांत कुमार, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

### आपदा से बचाव के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित


छात्रों को आपदा संबंधित जानकारी देते गणमान्य।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, रोवर रेंजर इकाई बंगाणा के तत्वावधान में राज्य आपदा भारत सरकार आकस्मिक बाढ़ पर राज्य स्तरीय मैगा मॉक अभ्यास के आठवें संस्करण बाढ़ और भूस्खलन से बचाओ के संदर्भ में एकदिवसीय कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर बंगाणा अस्पताल से आए काउंसलर ऋषी भट्टी ने आपदा से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने आपदा के दौरान फर्स्ट एड और सीपीआर की भी जानकारी दी। अगर किसी कारण कोई व्यक्ति बेहोश हो गया हो, दिल की धड़कन बंद हो गई हो या पल्स नहीं चल रहा हो, तो ऐसी स्थिति में सीपीआर ही दी जाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, रेडक्रॉस सोसायटी के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर किरण कुमारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, एनसीसी ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार, रोवर के हेड कमलेश महाजन, प्रो. नंद लाल, प्रो. संजय शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कैप्टन विशाल सोनी हेड ब्वॉय तीक्षण आदि मौजूद रहे।

### बंद पड़े कारखाने को शुरू करने की मांग



**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड़ जगतराम शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व प्रदेश के उद्योग मंत्री को एक पत्र लिखकर मैहतपुर के बंद पड़े आरबीएल शराब कारखाने को फिर से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस उद्योग के 2 साल से बंद होने से स्थानीय कामगारों पर बुरा प्रभाव पड़ा है और नजदीकी गांवों के करीब 150 से भी ज्यादा कामगार बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने राज्य सरकार से इस उद्योग को फिर से शुरू करने के लिए सिफारिश की है।बताया जा रहा है कि इस उद्योग को चलाने के लिए प्रबंधन तैयार है, लेकिन कुछ तकनीकी अड़चनों की वजह से इसको बंद रखा गया है। मैहतपुर औद्योगिक क्षेत्र में यह उद्योग सबसे अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा था।

### बाबा नाहर सिंह पर आधारित भजन रिलीज


राजू अपने प्रशंसकों के साथ गाने के रिलीज के मौके पर।

**हरोली।** विधानसभा हरोली के तहत पड़ते गांव सेंसोवाल निवासी राजकुमार राजू ने अपना नया भजन रिलीज किया है। राजू अपनी आवाज से पहले भी कई धार्मिक ट्रेक निकाल चुके हैं। उसी कड़ी को जोड़ते हुए शुक्रवार को नया भजन वीर नाहर सिंह केहन्दी दुनिया का सिंगल ट्रेक व पोस्टर रिलीज किया है। यह गाना बाबा नाहर सिंह मंदिर बाथू में रिलीज किया गया। गाने का राग पर्व म्यूजिक, संगीत संजू वीनेवल, गीतकार गद्दीनशीन कालू वालीवाल, वीडियो अंकुश राणा कलेबाल द्वारा बनाया गया। इस अवसर पर केवल कृष्ण, नरेश ठाकुर, नरेश जेलदार, सुभाष चंद, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार, सुनील देवी, आशा देवी, सुदेश रानी, मनजीत सिंह, हरि सिंह, पंकज ठाकुर, मुनीश कुमार, निरंजन राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

### रक्तदाता दिवस पर 72 यूनिट रक्त दिया दान


रक्तदाता दिवस पर महादान करते युवा।

**बंगाणा।** हिमाचल हेल्पिंग हेंड्स संस्था द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर थानाकलां अस्पताल में छठा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन संस्था के संस्थापक नीरज ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें संस्था के अध्यक्ष सुमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुबह से दोपहर बाद तक चले शिविर में 72 लोगों ने रक्तदान देकर पुण्य कमाया। संस्था के संस्थापक नीरज ठाकुर ने कहा कि लोगों को रक्तदान कर मानवता के हित में काम करना चाहिए। इस अवसर पर अंकित कौशल, दिनेश शर्मा, नवीन कौंडल, अनिल कौशल, अनमोल शर्मा, रोहित धीमान, मोहित शर्मा, अरुण, विजय ठाकुर, गोपाल चंद, वांटी सिंह, विशाल राणा, कृष्ण कुमार, कुष बरमौता, अर्नव बैंस, रोहित टाकुर, नितिन शर्मा, शुभम शर्मा, रेषम और अक्षय ठाकुर मौजूद रहे।

### मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को किया जागरूक


आपदा में फंसे व्यक्ति का रेस्क्यू किया गया।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा प्रशासन की ओर से लठियाणी-बडसर रोड के साथ लगते नलूट गांव में भू-स्खलन पर आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया। मॉकड्रिल में रीयल हादसे जैसा दृश्य तैयार किया गया। प्रशासन के पास स्थानीय लोगों से सूचना पहुंची कि लोगों से भरा एक ट्राला भू-स्खलन की चपेट में आ गया है और मलबे में दब गया है। सबसे पहले स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभाला। तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार ने बताया कि मॉकड्रिल आपदा की तैयारियों को जांचने का सबसे बेहतरीन तरीका है और इससे ही हमें कमियों का पता भी चलता है। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 8 बजे से मॉकड्रिल शुरू की गई थी जो दोपहर 11 बजे तक जारी रही। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री, थाना प्रभारी अनिल कुमार, बीएमओ नरेश शर्मा, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह ठाकुर व होमगार्ड, अग्निशमन विभागों से आए कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ऊना में आज होगा ड्राइविंग टेस्ट

**ऊना।** क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण ऊना के तहत गाड़ियों का ड्राइविंग टेस्ट शनिवार 15 जून को होगा। यह जानकारी एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने दी। इससे पहले यह ड्राईविंग टेस्ट 6 जून को होना था, जोकि प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिया गया था।

# पिपलू में शराब ठेका खुलने पर ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## किया रोड बंद, तहसीलदार के आश्वासन के बाद वाहनों की आवाजाही हुई शुरू


ठेका खुलने के विरोध में सड़क पर बैठे ग्रामीण (दाएं) ग्रामीणों को समझाते तहसीलदार जिसके बाद लोगों ने अपना प्रदर्शन बंद किया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले के तहत पंचायत पिपलू में देर रात शराब की सब ब्रांच खोलने की तैयारी की गई और सुबह दुकान खोल दी गई थी। शराब ठेका पिपलू बाजार में खोला जा रहा था, जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया।

ग्रामीणों का कहना है की पिपलू देव स्थान है यहां मंदिर और मस्जिद दोनों ही हैं, इसके अलावा स्कूल भी नजदीक है। मिली जानकारी से पता चला है की जो एनओसी दी गई है, उसमें डाकघर और लोकमित्र केंद्र को टी स्टॉल बताया गया था, जोकि बिलकुल गलत है। लोगों ने कहा कि जहां ठेका खुल रहा था, वहां पास में डाकघर और लोकमित्र केंद्र, पटवार केंद्र, साथ में सोसायटी है।

शुक्रवार सुबह ग्रामीण महिला, पुरुष पिपलू पहुंच गए और शराब की दुकान बंद करवा दी। वहीं, प्रशासन से मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लेने की बात कहने लगे, लेकिन जब दोपहर तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा तो ग्रामीणों ने रोड बंद कर दिया। जहां स्थानीय प्रशासन मुर्दाबाद और हिमाचल सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

पुलिस विभाग ने फिर मौके पर पहुंचकर रोड खुलवाया और लोगों को आश्वासत किया। इसके बाद तहसीलदार बंगाणा अमित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की और मौके पर ही शराब के जखीरे को वहां से वापस भेज दिया और कहा कि जैसा लोग कह रहे हैं, वैसा ही होगा। पिपलू में ठेका नहीं खोला जाएगा।

इस संबंध में जब पंचायत उपप्रधान अवनीत और बीडीसी राज कुमार मनकोटिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हम ग्रामीणों के साथ हैं और यहां ठेका नहीं खुलना चाहिए।

## शराब का ठेका खोलकर सरकार और विधायक ने जनता को दिया तोहफा : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नर सिंह नारायण मंदिर पिपलू जहां पर तीन दिन बाद तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेला शुरू होने का रहा है, वहां पर राज्य सरकार और कुटलैहड़ के विधायक के आशीर्वाद से शराब का ठेका खोलना यह दर्शाता है कि राज्य सरकार और कुटलैहड़ के विधायक द्वारा उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पिपलू मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बजाए जनता को शराब की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि पिपलू मेले में शांति की बजाए माहौल खराब हो।



कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि हाल ही में हुए उपचुनाव में पिपलू पंचायत की जनता द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बढ़त दी गई थी और उइसका विधायक महोदय ने पिपलू में शराब की दुकान खोल कर बड़ा इनाम दिया है। भुट्टो ने कहा कि एक तरफ प्रसिद्ध धार्मिक मंदिर और दूसरी तरफ बच्चों की शिक्षा यानी पढ़ाई का स्कूल और उनके मध्य शराब का ठेका खोलकर को विधायक ने उक्त पंचायत की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

यह सबसे बड़ा और दर्दनाक है। भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार शराब की दुकानों को खोलने के लिए इतनी उत्सुक है कि न स्कूल देख रही है और जहां दिल कर रहा है वहां पर शराब की दुकानें खोली जा रही है। भुट्टो ने कहा कि पिपलू बाजार में शराब के ठेके का जो स्थानीय जनता विरोध कर रही है, हम भी उसके साथ हैं। प्रशासन ने अगर ठेके को बंद करने की कार्रवाई नहीं की तो हम सड़कों पर बड़ा आंदोलन करेंगे। जनता के विरोध के बावजूद कई घंटों तक प्रशासनिक अधिकारियों का मौके पर न पहुंचना यह दर्शा रहा है कि उपमंडल बंगाणा प्रशासन भी सरकार और विधायक की कठपुतली बना हुआ है।

# ऊना जिला प्रशासन ने मॉकड्रिल से परखी आपदा प्रबंधन की तैयारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बाढ़-भूस्खलन और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि दुर्घटना जैसी किसी आपदा के समय बेहतर प्रबंधन और पूर्व तैयारी के आकलन के लिए ऊना जिला प्रशासन ने मेगा मॉकड्रिल की। इस दौरान जिले में चिन्हित पांच स्थलों पर बाढ़, भूस्खलन, औद्योगिक आपदा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर राहत-बचाव कार्य किए।

जिला प्रशासन ने पूरी मॉकड्रिल को वास्तविक घटना की तरह लेकर ही अपनी प्रतिक्रिया की। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र पॉल गुर्जर खुद मोर्चे पर डटे रहे। उन्होंने असल घटना की तरह ही आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी देखी। बता दें कि यह एक प्रदेश व्यापी मॉकड्रिल थी, जिसमें ऊना समेत प्रदेश के सभी जिलों ने भाग लिया।




**ये पांच जगहें आपदा प्रभावित**

ऊना में भारी बारिश के चलते आपदा की सूचना और प्रतीकात्मक नुकसान मानकर जिले में पांच स्थानों पर मॉकड्रिल की गई। इसके तहत गगरेट के टटेहड़ा गांव में स्वां नदी के समीप बाढ़ के खतरे को देखते हुए एहतियातन लोगों को वहां से निकालने का कार्य किया गया, वहीं बंगाणा उपमंडल में नलूट गांव के पास लठियाणी-बड़सर रोड पर भूस्खलन की सूचना मिलने पर सड़क बहाल करने तथा मलबे में दबे वाहनों और वहां फंसे लोगों को निकालने की ड्रिल की गई। टर्मिनल के पेखूबेला में तेल रिसाव से आग लगने की दुर्घटना तथा उसमें करीब 50 कामगारों के फंसे होने के काल्पनिक परिदृश्य के साथ राहत बचाव कार्य किए गए। पोलियां बीत में भूस्खलन से बच्चों और अध्यापकों के फंसे होने और नेत्र चिकित्सालय अंब में मरीजों और स्टाफ के फंसे होने जैसी स्थितियों को लेकर मॉकड्रिल आयोजित की गई।

### यह रहा मॉकड्रिल का घटनाक्रम

मॉकड्रिल में शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे जिला आपदा प्रबंधन केंद्र में जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण विकट परिस्थिति उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त होते ही ऊना प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वाट्सऐप ग्रुप में संदेश प्रसारित होते ही तमाम अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने दायित्व के मुताबिक कार्यों में जुट गए। कमांड पोस्ट में भारी बारिश के चलते जिले में पांच जगहों के आपदा प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हुई। इसके साथ ही उपमंडल स्तर पर गठित त्वरित प्रतिक्रिया टीमें सक्रिय हो गईं।

### मॉकड्रिल के बारे में ली फीडबैक

मॉकड्रिल पूर्ण होने के उपरांत राज्य मुख्यालय शिमला से राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से इस अभ्यास से प्राप्त सीख और अनुभव पर सभी जिलों से फीडबैक ली। इस दौरान एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान ने जिले में मॉकड्रिल के सकारात्मक व विचारणीय बिंदुओं की जानकारी दी।

### व्यवहारिक समस्याएं पहचानीं

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इस मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय में जिला प्रशासन की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना था। इसमें प्रतिक्रिया में लगने वाले समय, समन्वय में गैप समेत अन्य कमियों को जांचा गया, जिससे आगे सुधारात्मक कदम उठा कर आपदा प्रबंधन योजना को और कारगर बनाने में मदद मिलेगी। बरसात का मौसम आने को है और इसमें संभावित बारिश, बाढ़, भूस्खलन और नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से आपदा की स्थिति बनती है, वहीं औद्योगिक इकाइयों में जलभराव, गैस रिसाव या आग लगने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में जन सुरक्षा तय बनाने और आपदा से होने वाले संभावित नुकसान को कम करने के लिए अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अपने दायित्वों की जानकारी, विभागों की आवश्यक पूर्व तैयारी और मुस्तैदी बहुत आवश्यक है।

## मॉकड्रिल में आपदा मित्रों ने भी लिया बढ़-चढ़कर भाग

**ऊना।** ऊना जिले में बाढ़-भूस्खलन और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि दुर्घटना जैसी आपदा के बेहतर प्रबंधन की दृष्टि से तैयारी परखने के लिए 14 को आयोजित मेगा मॉकड्रिल में आपदा मित्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न सरकारी एजेंसियों को सक्रिय करने के साथ-साथ राहत बचाव कार्यों में सामाजिक सहभागिता भी सुनिश्चित की।

इस दौरान जिले में चिन्हित पांच स्थलों पर बाढ़, भू-स्खलन, औद्योगिक आपदा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर राहत-बचाव कार्य किए गए। इनमें प्रशिक्षित आपदा मित्रों ने भी पूरी सक्रियता से भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि मॉकड्रिल में आपदा मित्रों को सम्मिलित कर समन्वय और तत्काल प्रतिक्रिया को लेकर अभ्यास किया गया।

# सोमभद्रा नदी में फंसे 22 लोगों का प्रशासन ने किया रेसक्यू


गगरेट में मॉकड्रिल के दौरान घायलों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते सुरक्षाकर्मी।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

बरसात के मौसम में सोमभद्रा नदी में बाढ़ आ जाने की सूरत में बाढ़ की चपेट में आए लोगों को सुरक्षित कैसे बाहर निकाला जाएगा, इसे लेकर शुक्रवार को प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल करके तैयारियों का जायजा लिया।

उपमंडल गगरेट में सोमभद्रा नदी में बाढ़ आ जाने की सूरत में सोमभद्रा नदी व इसके आसपास के इलाकों में बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की रिहर्सल की गई। मॉकड्रिल के दौरान एसडीएम सौमिल गौत्तम, तहसीलदार कुलताज, नायब तहसीलदार जागृति, डीएसपी डॉ. वसुधा सूद सहित कई विभागों के अधिकारी भी मौका पर डटे रहे।

इस दौरान सोमभद्रा नदी में बाढ़ जैसे सीन क्रिएट किए गए। जिसमें बाढ़ में फंसे लोगों को अग्निशमन विभाग, होमगार्ड व एसडीआरएफ जवानों ने सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान 22 लोगों को रेसक्यु किया गया। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि बरसात का मौसम देखते हुए उपमंडल आपदा प्रबंधन समितियां गठित कर ली गई हैं और एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा जो आपदा आने पर त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

## हमने नहीं दिया ठेके का तोहफा : राम आसरा



**बंगाणा।** कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा है कि आज विवेक के विधायक बनते ही लोग आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस सरकार ने ठेके का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि जो ठेके नए खोले गए, वे भुट्टो ने विधायक रहते खुलवाए। आप आज ये कह रहे हैं कि विवेक ने ठेके का तोहफा दिया तो जो कुछ लोग आज विरोध में बैठे हैं, वही तो ठेके का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिपलू में जब पूर्व में ठेके खोलने का प्रस्ताव रखा था तो हमने मना किया था, लेकिन पता नहीं क्यों ये कार्य किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग आज विवेक के ऊपर आरोप लगा रहे हैं वे शायद भूल गए कि वे भी यही से कमा खा कर बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप निराधार हैं और हम इसका खंडन करते हैं।

# नगर पंचायत गगरेट का अध्यक्ष बनकर अनिल ने कायम रखी भाजपा की परंपरा : राजेश


अनिल कुमार नीलू को बधाई देते पूर्व विधायक राजेश ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

नगर पंचायत गगरेट के भाजपा अध्यक्ष द्वारा त्याग पत्र देने के बाद फिर से नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षद अनिल कुमार नीलू के काबिज होने के बाद शुक्रवार को प्रदेश भाजपा सचिव व पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने अनिल कुमार नीलू को उनके घर पहुंच कर बधाई दी।

राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले लंबे समय से नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा है और फिर से अनिल कुमार नीलू ने अध्यक्ष पद पर काबिज होकर इस परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने अनिल कुमार नीलू को नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देने के साथ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया ताकि जनता में उनकी छवि अध्यक्ष से ज्यादा सेवक की जा सके। उन्होंने नीलू का आह्वान किया कि नगर पंचायत गगरेट में ज्यादा से ज्यादा पात्र लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले सकें, इसके लिए पात्र लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए।

उन्होंने अन्य पार्षदों का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने भाजपा समर्थित अनिल कुमार नीलू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया।

**धार्मिक** क्षेत्र में धार्मिक स्थल और हर साल मेलों का होता है आयोजन

# आप छबीलों के शहर ऊना में हैं जनाब

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश का ऊना जनपद छबीलों और बड़े दिल वालों का शहर है। जनपद के चारों दिशाओं में धार्मिक स्थलों पर अटूट लंगर तो चलते ही हैं, साथ ही रोजाना सेवा भाव से भंडारों और शीतल पेय की छबीलों में श्रद्धालुओं और राहगीरों की सेवा में भी पीछे नहीं है।

ऊना जनपद को छबीलों का शहर कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ग्रीष्म काल में ऊना जिले में हजारों ही धार्मिक संस्थाएं और स्थानीय लोग शीतल पेयजल की छबीलें लगाकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। यह परंपरा इस जिले में कोई नहीं नहीं है, यह बहुत पुरानी है। ऊना जिले के हर क्षेत्र में धार्मिक स्थल हैं और यहां साल भर कई तरह के मेलों का आयोजन होता रहता है। ऐसे में ऊना जिले के धार्मिक प्रवृत्ति के लोग श्रद्धालुओं और राहगीरों की सुविधा के लिए ग्रीष्म काल में छबीलों और भंडारों का आयोजन करते हैं। यह सिलसिला हर वर्ष अप्रैल महीने से शुरू होकर अगस्त महीने तक निरंतर जारी रहता है। इसमें खास कर देखा जाए, तो ऊना जिला मुख्यालय जो धार्मिक गुरु श्री नानक देव जी के वंशज साहिब सिंह बेदी जी का नगर है यहां साल भर धार्मिक आयोजन चले रहते हैं और धार्मिक आयोजनों में लंगर, भंडारों तथा छबीलों का महत्व एक अलग ही रहता है।



### ग्रीष्म ऋतु में छबील लगाने से प्राप्त होता है पुण्य

अधिकांश छबीलों का आयोजन मुख्य मार्गों के आसपास किया जाता है और यह ग्रामीण और गांव की धार्मिक संस्थाओं की ओर से संयुक्त रूप से किया जाता है। शीतल पेयजल की छबीलों में काम करने वाले स्वयंसेवी होते हैं। यहां बच्चे, युवा, पुरुष और महिलाएं सामूहिक श्रमदान करके ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि ग्रीष्म ऋतु में छबील लगाने से पुण्य प्राप्त होता है। यहां सरदार सुरजीत सिंह, अश्वनी कुमार, मोहन लाल मोहणी, कुलदीप सिंह और ज्ञान सिंह आदि समाज सेवक ऐसे आयोजन करते हैं।

इसके अलावा यहां डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम की ओर से भी कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में कई धार्मिक संस्थाएं इन आयोजनों के अवसर पर शीतल पेयजल की छबीलों और भंडारों का आयोजन करते हैं ऐसे ही यहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में भी साल भर धार्मिक समारोह चले रहते हैं और इन आयोजनों में हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित होते हैं। डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी, पीर बाबा मंदिर पीर निगाहा के अलावा ब्रह्मा जी का मंदिर ब्रह्मोती भी स्थित है। सैकड़ों की संख्या में गुरुद्वारा मंदिर और अन्य धर्म के धार्मिक स्थल होने के कारण यहां धार्मिक पर्यटन सालभर चले रहते हैं, ऐसे में इस जिले को धार्मिक गुरुओं की नगरी भी कहा जाता है। हाल ही में इस जिले में अगर 1 महीने में लगे भंडारों और छबीलों के आंकड़ों को लेकर गणना की जाए, तो करीब आधा दर्जन से भी अधिक पेयजल की छबीलों और भंडारों का आयोजन हुआ है। (अनंत ज्ञान)



# मानतलाई ग्लेशियर के टूटने से पार्वती नदी में आई बाढ़

## कुल्लू में प्रत्येक उपमंडल में मॉकड्रिल की गई आयोजित, आपदा से बचाव के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से 8वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक अभ्यास का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्लेशियर झील बाढ़, भूस्खलन और अचानक बाढ़ जैसी आपदाओं के लिए तत्परता और प्रतिक्रिया को बढ़ावा देना है। कुल्लू में भी प्रत्येक उपमंडल में यह मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस आयोजन के अंतर्गत, हिमाचल के सभी शैक्षणिक संस्थानों (सरकारी एवं निजी) में शुक्रवार प्रात: 11 बजे निष्कासन ड्रिल और हेड काउंट अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के स्टाफ को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना तथा छात्रों को आपात स्थिति के प्रति तैयार रहने और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के महत्व के बारे में जागरूक करना है। सभी सरकारी कार्यालयों में भी यह निष्कासन ड्रिल आयोजित की गई। इस मॉकड्रिल के दौरान आपदा राहत अभियान को को जिला स्तर दिशा-निर्देश एवं समन्वय स्थापित करने के लिए कुल्लू के ढालपुर मैदान में स्टेजिंग एरिया स्थापित किया गया, जिसमें इंसीडेंट कमांड पोस्ट, ऑपरेशन अनुभाग, प्लानिंग, लॉजिस्टिक, मेडिकल अनुभाग तथा सूचना एवं मीडिया अनुभाग स्थापित किए गए, जो पूरे जिले की गतिविधियों को समन्वित कर रहे थे।


कुल्लू में 8वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक अभ्यास के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

इंसीडेंट कमांड पोस्ट में जिला पुलिस की ओर से वायरलेस संचार के माध्यम से भारी वर्षा से विभिन्न स्थानों में आए बाढ़ व भूस्खलन की हर घटना की सूचनाओं की जानकारी दर्ज की जा रही थी, वहीं पर घटना स्थल पर हुई क्षति आदि तथा रहत कार्य की स्थिति पर भी नज़र रखी जा रही थी। उपमंडल कुल्लू में मॉकड्रिल के परिदृश्य में प्रात: जब यह सूचना मिली कि मणिकर्ण घाटी की मानतलाई ग्लेशियर के टूटने से पार्वती नदी में बाढ़ आई है, जिससे भुंतर में लगते जिया गांव में बाढ़ का खतरा हो गया। परंतु प्रशासन ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों को समय रहते आगाह करते हुए प्रभावित क्षेत्र के सभी घर खाली करवा दिए। फोरलेन जिया पुल के साथ ही सुरक्षित स्थान पर राहत शिविर स्थापित कर प्राथमिक उपचार की सुविधा, खाने व रहने का प्रबंध किया गया।

स्थानीय आपदा मित्रों व पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से सही समय पर गांव खाली कर दिया गया, जिसमें जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इसमें कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं, जिनको निकाल कर तेगुबेहड अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती किया गया। आईटीबीपी, एसएसबी, होमगार्ड आपदा मित्र, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। मॉकड्रिल के समापन पर स्टेजिंग एरिया में मॉकड्रिल के पूरे अभियान बारे सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी ने सभी क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में सभी विभागों को धन्यवाद किया।

# बाढ़ से प्रभावित हुए 90 लोग, 10 फंसे

**अनंत ज्ञान, आनी**

प्रदेश भर में आयोजित मेगा मॉकड्रिल के तहत उपमंडल आनी के सिविल अस्पताल में शुक्रवार को उपमंडल स्तर की मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान अस्पताल में अचानक आई बाढ़ के कारण 90 लोग प्रभावित हुए। इसमें अस्पताल के 50 कर्मी, 20 मरीज और 20 तीमारदार शामिल थे। बाढ़ के कारण मची अफरा-तफरी में 80 लोग सुरक्षित निकाले गए, लेकिन प्रशासन को 10 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। करीब 10.15 बजे इन लोगों को बचाने के लिए प्रशासन ने रेस्क्यू आपरेशन चलाया। मॉकड्रिल के दौरान सुबह 10:45 तक 5 फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया और 12 बजे तक रेस्क्यू आपरेशन को समाप्त कर दिया गया। इसके साथ-साथ राहत कार्य भी जारी रहे। फंसे हुए लोगों में से एक की मृत्यु हुई और दो अन्य घायल हुए। उनका उपचार प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।


मॉकड्रिल के दौरान मरीज को एंबुलेंस से उपचार के लिए ले जाते हुए।

इसमें से एक मरीज को आईजीएमसी शिमला और एक को रामपुर के खनेरी अस्पताल को रेफर कर दिया गया। मॉकड्रिल के आयोजन के दौरान मृतकों के परिजनों को 25 हजार और घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई। इंसिडेंट कमांडर तहसीलदार आनी भीम सिंह की अगुवाई में प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया। इस कार्य में सहायक आयुक्त (विकास) एवं बीडीओ आनी अमनदीप सिंह भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. भागवत मैहता की अगुवाई में उपचार कार्य शुरू किया गया। आपदा की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया।

## मेगा मॉक एक्सरसाइज से किया बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी ग्लेशियरों की झीलों के टूटने से आई बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदा से बचाव एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के अभ्यास को लेकर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की निगरानी में मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। मेगा मॉक एक्सरसाइज के लिए पूर्व निर्धारित परिदृश्य के अनुसार सुबह करीब नौ बजे विभिन्न चिन्हित स्थलों पर बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद जिले के तीन उपमंडलों में पिघलते हुए ग्लेशियरों से नदी के किनारों पर स्थित कई गांव में बाढ़ एवं भूस्खलन में लोगों के फंसने की सूचनाएं प्राप्त हुई। बाढ़ एवं भूस्खलन के खतरे और वहां लोगों के फंसने की सूचनाएं मिलते ही जिला एवं उपमंडल स्तर पर इंसीडेंस रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) तुरंत हरकत में आ गया। बचाव एवं राहत कार्यों को सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए उदयपुर, काजा व सिस्सू में स्टेजिंग एरिया बनाए गए।

# हेल्थ मेले में जांचा लोगों का स्वास्थ्य, किए टेस्ट


सेउबाग गांव में आयोजित हेल्थ मेले के दौरान ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेउबाग के साथ मिलकर गांव वासियों का स्वास्थ्य की जांच की गई।

इस हेल्थ मेले का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेउबाग में किया गया। यह शिविर एएनएम नीलम पंडित, आशा कार्यकर्ता किरन अरोड़ा के योगदान से संपूर्ण हुआ। शिविर में लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच के साथ निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। सेउबाग गांव के रेगुलर ओपीडी के साथ-साथ हेल्थ मेले में 50 से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं साथ ही निशुल्क औषधियां वितरित करवाई गईं और लैब टेस्ट भी किए गए। हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्मिता शर्मा ने सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की।

# अपराधियों, खनन और नशा माफिया के दबाव में कार्य कर रहे सुक्खू : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधिक मामलों पर भाजपा ने प्रदेश सरकार के रवैए पर तीखा हमला बोला है और सुक्खू सरकार को इस मामले में पूरी तरह से फेल करार दिया है।

पिछले कुछ दिनों में सिरमौर जिले के पुलिस विभाग के कर्मचारी द्वारा सोशल मीडिया में डाली गई वीडियो और उसके बाद उस कर्मचारी के लापता होने पर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब जनता की सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली पुलिस ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की स्थिति क्या होगी। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं, चंबा में पुलिस कर्मचारी की थाने से कुछ दूरी पर हत्या बताती है कि कांग्रेस राज में कानून व्यवस्था का कितना दिवालिया निकल चुका है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू जिनके अधीन ही गृह मंत्रालय है माफियाओं के दबाव में काम कर रहे हैं और जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। सिरमौर पुलिस के जवान का वीडियो स्पष्ट बताता है कि सरकार किस प्रकार से अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस विभाग पर दबाव बना रही है।

## भाजपा खड़ी है प्रदेश की जनता के साथ



व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाले मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का वातावरण बना दिया है और प्रदेश में लगातार हत्याएं, बलात्कार और अन्य अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में हर जगह खनन और नशा माफिया बिना डर के कार्य कर रहा है और मुख्यमंत्री मौन हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब सरकार से इसका जवाब मांगा जाता है, तो वे इसे कानून व्यवस्था से अलग साधारण घटनाएं बताते हैं, जो इस सरकार की गंभीरता को बताने के लिए काफी है। भाजपा प्रदेश की जनता के साथ खड़ी है और प्रदेश में हो रही कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करती है और यदि हालात नहीं सुधरे, तो भाजपा कांग्रेस सरकार का हर जगह घेराव करेगी।

# 9 जून से लापता है उत्तर प्रदेश का व्यक्ति

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल थाना के अंतर्गत गुमशुदगी का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी नौ जून से लापता है। पुलिस थाना पतलीकूहल के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी शिवकुमार पुत्र राजदेव ग्राम दिल मनपुर डाकखाना वेलघाट जिला गोरखपुर उम्र 40 कद 5 फुट 6 इच रंग सांवला दिनांक 9 को पतलीकूहल कुल्लू से अपने पिता राजदेव जो ऊना में काम करता है, उनसे मिलने के लिए निकला था, लेकिन आज दिन तक ऊना नहीं पहुंचा। वहीं, उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति अपने चाचा के साथ पतलीकूहल में बन रही नई सब्जी मंडी में काम करता था। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुलचंद्र कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है और सभी थाना व चौकियों को लापता व्यक्ति के बारे में सूचित किया गया है ।

# सैंज के राण गांव में पांच शेड में लगी आग, 30 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, सैंज**



सैंज घाटी के राण गांव में वीरवार शाम पांच किराये के शेडों में भयंकर आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयानक थी कि कुछ बचाने से पहले सब कुछ नष्ट हो गया।

राण गांव के खेवा राम, दिला राम, हीरा सिंह, टेक सिंह के किराए के पांच शेडों में नेपाली मूल के पांच परिवारों के लगभग 30 सदस्य रहते थे। वीरवार दोपहर लगी आग के चलते यह सभी किरायेदार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गए हैं। आगजनी की घटना का जैसे ही प्रशासन को पता लगा रेस्क्यू टीम के साथ दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची, अंत समय तक आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना का फिलहाल कोई भी पता नहीं लग पाया है। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार सैंज हीरालाल नलवा ने बताया कि कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। इन पांच शेडों में नेपाली मूल के पांच परिवारों के 30 सदस्य किराये पर रहते थे, जो इस आगजनी की घटना से प्रभावित हुए हैं। प्रशासन की ओर से उक्त सभी के व्यक्तियों को रहने की व्यवस्था की गई है और उनके रात्रि भोजन की भी पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस आगजनी की घटना में तकरीबन 30 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## आनी पंचायत की पार्किंग में दीवार तोड़ने का मामला

# अज्ञात पत्र ने किया मामला उजागर

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी पंचायत के खोबड़ा पुल के साथ पंचायत की पार्किंग में दीवार तोड़ने का मामला किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्र बम के माध्यम से उजागर किया है।

ऐसा ही पत्रबम करीब 8-9 सालों पहले आनी पुलिस की आनी में हो रही चोरियों को रोकने में नाकामी को लेकर उजागर किया था, जिसके बाद आनी पुलिस हरकत में आई थी और चोरों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। आनी में फिर से एक बार किसी शख्स ने चिट्ठी लिखकर आनी पंचायत की अव्यवस्थित कार पार्किंग का मामला उजागर किया है। काफी



समय बाद फिर से एक रामलाल नामक व्यक्ति ने आनी की कार पार्किंग के मुद्दे को उजागर करते हुए आनी के प्रधान को चिट्ठी लिखी है, जिसकी प्रतिलिपि एसडीएम, बीडीओ और प्रेस क्लब आनी को की है। आनी में पंचायत की ओर से तैयार की गई कार पार्किंग की सुरक्षा दीवार को कुछ दिनों पूर्व किसी शख्स ने गिराया और वहां घरों के निर्माण की सामग्री भी रखी गई, जिसपर रामलाल के व्यक्ति ने चिट्ठी में लिखा है कि कार पार्किंग का उद्देश्य क्या है? यदि कार पार्किंग ठेके पर दी है तो क्यों दी है? कार पार्किंग की सुरक्षा दीवार और पीलर तोड़ा गया, तो उसपर पंचायत ने क्या कार्रवाई की? प्रधान को दो चिट्ठी में दो टूक लिखा है कि आनी की संपत्ति को बचाकर नहीं रख पा रहे हैं। सहायक आयुक्त एवं बीडीओ आनी अमनदीप सिंह का कहना है कि उन्होंने कार्रवाई के आदेश आनी पंचायत के प्रधान को दिए हैं और कार्रवाई के बाद रिपोर्ट भी मांगी गई है।

# मनाली से बाहर का कचरा लेना बंद किया जाए : मुकेश

**अनंत ज्ञान, मनाली**

नगर परिषद मनाली के 21 जून के बाद सात वार्डों से बाहर का कचरा नहीं लेने के फरमान के बाद बवाल मच गया है।

होटलियर एसोसिएशन ने बैठक कर मामले पर तल्खी जताई है। चेतावनी दी कि यदि ऐसा किया गया, तो एसोसिएशन आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश हो जाएगी। होटलियर एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष मुकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर परिषद की ओर से जारी पत्र पर मंथन किया गया। बैठक में कहा गया कि नगर परिषद का रांगड़ी कूड़ा संयंत्र मनाली के लिए बना हुआ है। इसमें कुल्लू के अलावा लाहौल-स्पीति का कचरा भी लिया जा रहा है। नगर परिषद ने साफ किया है कि क्षेत्र के अलावा कहीं का कूड़ा नहीं लिया जाएगा। मनाली से बाहर का कचरा लेना तुरंत बंद किया जाए तथा मनाली और आसपास के इलाकों का कचरा यथावत लिया जाए, अन्यथा होटलियर एसोसिएशन विरोध करेगी। मुकेश ने कहा कि मनाली से बाहर का कचरा लेना बंद किया जाए।

# दो किलो चरस मामले में एक महिला व पुरुष गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के रायसन स्थित छाटनसेरी में नेपाली मूल के एक व्यक्ति के कब्जे से दो किलोग्राम चरस बरामद हुई है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर कुल्लू की टीम ने गश्त के दौरान छाटनसेरी में विजय तामंग (40 वर्ष) पुत्र खांबा तामंग निवासी नेपाल के कब्जे से दो किलोग्राम चरस बरामद की है। आरोपी को पुलिस थाना कुल्लू में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

इसके पश्चात पुलिस की ओर से आरोपी विजय तामंग से गहनता से पूछताछ की गई, तो एक अन्य महिला की संलिप्तता का होना भी पाया गया, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त महिला को भी धारा-29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत नियमानुसार गिरफ्तार किया है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

# नहीं रहे लेखक कमल विद्रोही

**कुल्लू।** साहित्यकार, लेखक, कवि, समीक्षक एवं शिक्षाविद कलम कांत विद्रोही हमारे बीच में नहीं रहे। कमलकांत विद्रोही की जीवंत रचनाएं हमेशा उनकी याद दिलाती रहेंगी। साहित्य समाज के लिए यह बहुत बड़ी क्षति है, जिसकी पूर्ति असंभव है। प्रदेश के साहित्य में कमलकांत विद्रोही का नाम हमेशा अमर रहेगा। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे कि आज परलोक सिधार गए।

# हेड ब्वॉय निश्चल, हेड गर्ल बनी ओजस्वी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। केएस गुलेरिया (एआरओ एचपी जोन- सी) ने बतौर मुख्यातिथि इस समारोह में शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्या चंद्रिका मल्होत्रा, स्कूल वाइस चेयरमैन नरेश कटोच, स्कूल मैनेजर आरएस राणा, एलएमसी मेंबर मोहिंदर कटोच, डॉक्टर संदीप दतवालिया, राकेश राणा, पीटीए प्रेसिडेंट नतीश उपाध्याय व अन्य की उपस्थिति में अलंकरण समारोह की शुरुआत ध्वज फहरा व दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में कैबिनेट के चुने गए सदस्यों को सम्मानित किया गया



और स्टूडेंट्स ने परेड प्रस्तुत की। मुख्यातिथि केएस गुलेरिया, प्रधानाचार्या महोदया एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने चुने हुए कैबिनेट सदस्यों को सेश पहनाकर अपने कर्तव्यों का पालन करने व विद्यालय के प्रति उनके कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई। कैबिनेट में हेड ब्वॉय निश्चल, हेड गर्ल ओजस्वी को चुना गया।

# 16 को बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**कुल्लू।** 11 केवी सरवरी फीडर व 11 केवी अखाड़ा में मानसून से पहले आवश्यक रखरखाव व लाइन के साथ लगते वृक्षों की कटिंग इनर सरवरी, लोरन, फील्ड हॉस्टल, शीतला माता शीशमाटी, शीशमाटी पानी की टंकी, चामुंडा नगर, गुगा मंदिर, शेताफाट, जीएम इंडस्ट्रियल, देवधार के साथ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। आसपास के ईलाकों में 16 जून को प्रात: 10 बजे से सायं सात बजे तक बिजली आपूर्ति बधित रहेगी व अखाडा फीडर के अंतर्गत हनुमानी बाग मिनी सेक्टरिओट के आस-पास एसटीपी प्लांट भूतनाथ, तीबतियान मार्केट, ब्यासा मोड समस्त अखाड़ा बाजार रामशीला चीमबा बौरी, दुर्गानगर, मठ, सुल्तानपुर, गर्ल्स स्कूल व आसपास के इलाकों में 16 जून को प्रात: 10 बजे से सायं दो बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

**परेशानी** 25 लाख की स्ट्रीट लाइटें भगवान भरोसे, स्ट्रीट लाइटों को उड़ा ले गए चोर, चारों और गंदगी का आलम

# नगर पंचायत निरस्त होने के बाद आनी में अव्यवस्थाओं का आलम

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

नगर पंचायत आनी को निरस्त हुए पूरे 11 महीने गुजर चुके हैं, जबकि आनी, कुंगश, कराणा, नमहोंग और बखनाओं आदि पांच पंचायतों से क्षेत्रों को काटकर बनाई गई नगर पंचायत के सभी हिस्से वापस उन्हीं पंचायतों में सम्माहित कर दिए गए और नगर पंचायत की सारी प्रॉपर्टी को जनवरी 2024 में संबंधित पंचायतों के हवाले भी कर दिया गया।

भले ही कटे हुए आनी के वार्ड वापस उन्हीं पंचायतों में सम्माहित किए गए हों, लेकिन 11 माह बीत जाने के बाद भी आज कस्बे के सभी वार्ड लावारिस हैं। न तो 11 माह बाद आनी के इन वार्डों में कोई पंचायत सदस्यों के चुनाव हुए, न ही आनी को फिर सेंगर पंचायत बनाने की कवायद ने जोर पकड़ा। हालांकि प्रदेश के शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुछ माह पहले ही आनी को फिर से नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की है, लेकिन अभी तक यह भी सिरे नहीं चढ़ पाई है। वहीं प्रॉपर्टी हस्तांतरित हुए पांच महीने बीत जाने के बाद आनी कस्बे में पटरी से उतरी अव्यवस्था को वापस पटरी पर कैसे लाना है यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। कस्बे में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नगर पंचायत की ओर से आनी को करीब 25 लाख रुपए की लागत से 260 स्ट्रीट लाइटों से जगमग किया गया था, जिनमें 200 बिजली चालित और 60 सोलर स्ट्रीट लाइटें शामिल थीं। रात के अंधेरे में रोपड़ी से किरण बाजार-बराड तक इन स्ट्रीट लाइटों को एक साथ जलाकर कस्बे को रोशन किया जाता था, लेकिन जैसे ही नगर पंचायत को निरस्त कर दिया गया, तो रोशन करने वाली इन लाइटों को भी सारी संपत्ति के साथ ही संबंधित पंचायतों के सचिवों के हवाले भी कर दिया गया था, लेकिन संबंधित पंचायतें इनकी कद्र और देखभाल करने में उदासीन नजर आए, न ही ये कभी फिर जलाई गईं और न ही संभाली गई और लावारिस पड़ी इन स्ट्रीट लाइटों में से अधिकतर चोरों ने एक-एक कर उड़ा ली, यहां तक कि अधिकतर खंभे भी चोर उखाड़ कर ले गए। अब आनी कस्बे में सोलर लाइटों को छोड़ न तो स्ट्रीट लाइटें बचीं और न ही उनके खंभे बच सके हैं।


नगर पंचायत आनी में चारों ओर खुले में फैली गंदगी।

कस्बे वासियों की माने, तो चोरों ने ये सारे खंभे बेच दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद किसी पंचायत सचिव या पंचायत प्रधान ने चोरी हुई स्ट्रीट लाइटों की सूचना या शिकायत तक पुलिस में दर्ज नहीं करवाई है। कस्बेवासियों ने प्रशासन से चोरी हुई इन स्ट्रीट लाइटों की छानबीन करने की मांग उठाई है। इतना ही नहीं कस्बे में गंदगी का आलम है, कस्बे के नदी, नाले इन दिनों गंदगी, प्लास्टिक से सटे पड़े हैं। लोगों ने कहा कि न ही पूर्व में रहे अधिकतर नगर पंचायत सदस्यों और न ही निरस्त करवाने में अहम भूमिका निभाने वालों ने कस्बे की अव्यवस्था को लेकर आवाज उठाई है। नगर पंचायत आनी के पुर सदस्य शशि मल्होत्रा, गुलाब ठाकुर सहित कस्बे वासियों ने प्रशासन से नगर पंचायत को नए सिरे से बनाने की मांग उठाई है साथ ही उन्होंने कहा कि जो प्रॉपर्टी नगर पंचायत ने बना कर दी है उसे संबंधित पंचायतों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है, वहीं पूर्व सचिव एवं वर्तमान में नगर पंचायत निरमंड के सचिव हरिचंद शर्मा का कहना है कि नगर पंचायत की ओर से आनी में करीब 25 लाख की स्ट्रीट लाइटें लगाई थीं, जिसे जनवरी 2024 को संबंधित पंचायत के सचिवों को सौंप दिया गया था, जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित पंचायतों की ही है। (अनंत ज्ञान)



# आचार संहिता हटने से फुटपाथ निर्माण की जगी उम्मीद

## सरकार ने निर्माण को मंजूर किए हैं 20 लाख रुपए, तीन साल से जारी है फुटपाथ निर्माण की मांग

आर मोहन चौहान, सोलन

चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव के चलते जिला सोलन में लगाई गई आदर्श आचार सहिंता अब केवल चुनाव क्षेत्र नालागढ़ में लागू होने के निर्णय से शहर में लंबित कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जगी है।

इससे सपरून में लंबित फुटपाथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव आयोग ने जिला में नालागढ़ विधानसभा के उपचुनाव की तारीख घोषित होने पर आदर्श चुनाव सहिंता लगाई थी पर अब इसे जिले में न लगाकर विधानसभा क्षेत्र में ही लगाने का निर्णय लिया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि आचार संहिता हटते ही फुटपाथ निर्माण की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सपरून में पिछले करीब तीन वर्षों से फुटपाथ निर्माण की मांग की जा रही है। स्थानीय लोग इस कार्य को अविलंब शुरू करने के पक्ष में हैं। (अनंत ज्ञान)



सपरून में फुटपाथ के लिए प्रस्तावित स्थान।

पूर्व डिप्टी मेयर और वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा का कहना है



कि सपरून में पेडिस्ट्रेन बनाने के लिए सरकार से 20 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत है। इस कार्य को प्राथमिकता से करने का प्रयास है। आचार सहिंता हटने से पेडिस्ट्रेन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### पैदल रास्ते की मिलेगी सुविधा

सपरून में स्लिप रोड के साथ फुटपाथ निर्माण को शहरी निदेशालय ने 20 लाख रुपए मंजूर किए हैं। फुटपाथ निर्माण से शहर के चार वार्डों के हजारों लोगों को पैदल रास्ते की सुविधा मिलेगी। साथ ही आसपास के क्षेत्रों से रोज सोलन आने वाले लोगों को भी ट्रैफिक से निजात मिलेगी। निगम ने सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण के लिए 24 लाख की डीपीआर प्रदेश सरकार की मंजूरी को भेजी थी। इस कार्य के लिए वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा ने स्थानीय सामाजिक संस्थाओं की मांग पर फुटपाथ के मामले को बार-बार सरकार और संबंधित विभाग के समक्ष उठाया। पार्षद के अथक प्रयास का नतीजा है कि सोलन शहर के बाइपास पर स्लिप रोड बनने के फुटपाथ का निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया।

### एनएचएआई और रेलवे की भी सहमति

फुटपाथ निर्माण को लेकर निगम के पदाधिकारियों ने रेलवे के अधिकारियों सहित एनएचएआई निगम को फुटपाथ बनाने की सैद्धांतिक मंजूरी ली है। बता दें कि सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों, बुजुर्गों का सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

सपरून फुटपाथ के लिए प्रस्तावित जमीन से अब यहां अवैध रूप से लगी रेहड़ी-फड़ी को भी हटाया गया है। इससे फुटपाथ निर्माण में आसानी होगी। फुटपाथ के अभाव में लोगों का सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड -1 का देउघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मेले हमारी संस्कृति का हिस्साः सुरेश कश्यप

दाड़लाघाट। अर्की उपमंडल का ऐतिहासिक बाड़ीधार स्थल शुक्रवार को पांच पांडवों के मिलन पर वाद्ययंत्रों की मधुर स्वर धुन से भक्तिमय हो गया। सरयांज पंचायत के बाड़ीधार में सारमा, डुग्ला व देवधन से युधिष्ठिर के छोटे भाईयों के रथ पहुंचने पर यहां मेला आयोजित किया जाता है। धार्मिक मेला होने के चलते यहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपना शीश नवाया व बाड़ेश्वर महादेव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बाड़ीधार पहुंचकर बाड़ेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि व सुख-शांति की कामना की। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए सभी को बाड़ी मेले की बधाई देते हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं।

### अर्की में आज बाधित रहेगी बिजली

सोलन। अर्की उपमंडल के अधीन 11 केवी एचटी लाइन के रखरखाव के लिए अर्की बिजली अनुभाग के अंतर्गत मंझयाट, डांगी, घाघर, मांझू, रोड़ी, खनलग, टांगटा, दुकाना नेर, कांडली, बागी और आसपास के क्षेत्र में बिजली 15 जून को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी। किसी कारणवश यह कार्य 15 को नहीं किया गया तो यह कार्य 16 जून को पूरा किया जाएगा। यह जानकारी बिजली उपमंडल के सहायक अभियंता नीरज कुमार कटना ने दी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### फसल कीटों के जैविक नियंत्रण पर कार्यशाला आरंभ

सोलन। फसल कीटों के जैविक नियंत्रण पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 33वीं वार्षिक समूह बैठक डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में शुरू हुई। विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग की ओर से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएआईआर), बेंगलुरु के सहयोग से इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों, राज्य जैविक नियंत्रण प्रयोगशालाओं और उद्योग के 70 से अधिक वैज्ञानिकों और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। पहले दिन आईसीएआर-एनबीएआईआर में जैविक नियंत्रण पर अनुसंधान प्राकृतिक शत्रुओं की जैव विविधता और फसल कीट प्रकोप रिपोर्ट विषय पर महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र आयोजित हुआ।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव की दी जानकारी

दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन प्रधानाचार्य सत्तराज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। विद्यालय की आपदा प्रबंधन प्रभारी अनिता बंसल के नेतृत्व में स्टूडेंट्स को आपदा के प्रकार व आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भूकंप से बचने की मॉकड्रिल का भी अभ्यास किया। प्रवक्ता सुमन बढ़ू ने विद्यार्थियों को भूस्खलन तथा प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी के साथ पहले से ही तैयारी करने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य सत्तराज सिंह ने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण करके आपदा के जोखिम को कम करने के उपायों के बारे में जानकारी दी।

### अर्की के बस स्टैंड में किया साहित्य विक्रय

अर्की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दाड़लाघाट के स्वयंसेवकों की ओर से प्रचार विभाग के साथ मिलकर अर्की खंड के अंतर्गत अर्की के बस स्टैंड में साहित्य विक्रय किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बस स्टैंड में एक स्टॉल लगाया गया। जानकारी देते हुए संघ के दाड़लाघाट जिला के जिला प्रचार प्रमुख लाल चंद ने बताया कि इस स्टॉल पर बहुत से लोगों ने संघ के साहित्य को पढ़ा व खरीदा। इस दौरान सभी लोगों में संघ के साहित्य को पढ़ने की रुचि देखी गई। इसमें प्रबुद्ध जन-समूह, महिलाएं व विशेषकर स्कूली बच्चों ने साहित्य को देखने, पढ़ने व क्रय करने में रुचि दिखाई। लाल चंद ने बताया कि साहित्य विक्रय का कार्यक्रम पूरे प्रांत में व्यापक रूप से चल रहा है।

### सागंना स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने जगदीश

नाहन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सतहन में स्कूल प्रबंधन समिति गठन को लेकर एक सामान्य सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर ने की। बैठक का संचालन करते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंचराम शर्मा ने सामान्य सभा में उपस्थित सभी अभिभावक का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। इसके बाद नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें जगदीश ठाकुर को सर्व सम्मति से स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। कपिल ठाकुर सागंना, रमदेवी सागंना, मधुरा देवी, गुमान सिंह शर्मा सार को स्कूल प्रबंधन समिति का सदस्य चुना गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंचराम शर्मा ने बताया कि जगदीश ठाकुर पहले भी सागंना सतहन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं और इनको दूसरी बार अध्यक्ष बनने का मौका मिला है।

### आपदा प्रबंधन पर किया मॉकड्रिल का अभ्यास

दाड़लाघाट। राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन पर मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। अभ्यास में एक लंबी घंटी का असमय बजना किसी आपदा का संकेत है और स्कूल प्रशासन तुरंत सचेत होकर हरकत में आ जाता है। विद्यार्थी बचाव के लिए खुले मैदान में आना शुरू कर देते हैं। अध्यापक उनकी उपस्थिति लेकर शेष को ढूंढने के लिए अभियान शुरू कर देते हैं।

### लॉरेंस स्कूल के होनहार छात्रों को किया पुरस्कृत

सोलन। लॉरेंस सनावर स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2023 के शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले 100 से भी अधिक छात्रों को पुरस्कारों के साथ-साथ प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि संजय कुमार, आईएएस सचिव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने युवा प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।

### स्टूडेंट्स को आपदा में बचाव के प्रति किया जागरूक

दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बातल में प्रधानाचार्य रचना रछैक की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल का आयोजन आपदा के समय किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए किया गया। मॉकड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन प्रभारी ईश्वर दत्त वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया था। इस मॉकड्रिल के सफल आयोजन के लिए अध्यापकों की अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया था।

### डायरिया के प्रभाव को रोकने के लिए अधिक पानी पिएं

नाहन। जिला सिरमौर में दिन प्रतिदिन बढ़ती भीषण गर्मी के चलते बच्चों से लेकर वृद्धों तक डायरिया, उल्टी व दस्त के मरीजों में बहुत वृद्धि हो रही है और इन बिमारियों से ग्रस्त मरीजों की संख्या जिला अस्पताल के अतिरिक्त अन्य अस्पतालों में भी बढ़ रहे हैं। बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए जहां अस्पताल का स्टाफ परेशान है, वहीं बच्चों के अभिभावक बहुत चिंतित हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने कहा कि बढ़ती गर्मी के चलते इस प्रकार की डिमांड में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अधिक से अधिक पीने के पानी का प्रयोग करना चाहिए।

### आपदा प्रबंधन से जुड़े हितधारकों का जताया आभार

सोलन। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों के दृष्टिगत पूरे प्रदेश सहित सोलन में मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिले में सभी उपमंडलों में पांच स्थानों पर बाढ़, भूस्खलन व अमोनिया गैस रिसाव जैसी आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को बचाने एवं राहत कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया। कंडाघाट उपमंडल में प्रातः 9.23 बजे भारी वर्षा के कारण अश्वनी खड्ड में बाढ़ आने से साधुपुल में लोगों के फंसे होने की परिस्थिति दर्शाई गई और राहत एवं बचाव दलों की ओर से इनके बचाव के लिए पूर्वाभ्यास किया गया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि पूर्वाभ्यास के उपरांत एनडीएमए के साथ डी-ब्रीफिंग के दौरान इस अभियान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस पूर्वाभ्यास के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी स्वयंसेवियों, स्थानीय लोगों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों सहित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जुड़े हितधारकों का आभार व्यक्त किया।

# एससी व एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज, चार आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

पुलिस थाना कसौली ने एससी, एसटी एक्ट के तहत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक रनैल सिंह निवासी तह. कसौली सोलन ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 13 जून को जब यह घर के पास बनी पानी की बावड़ी से पानी लेने के लिए गए थे, तो पड़ोसी गांव टिकटहटटी के रहने वाले करून उर्फ नीनी नामक व्यक्ति ने उन्हें इनकी जाति के कारण वहां से पानी भरने के लिए मना किया तथा इनके साथ गाली-गलौज भी किया। करून व उसके चाचा ने इनके व इनके बच्चों के साथ मारपीट कर इन्हें जाति सूचक शब्द भी कहे तथा इनके बेटे व बेटी के 2 मोबाइल फोन भी छीन कर ले गए, जिस पर थाना कसौली में एससी, एसटी एक्ट मारपीट और छीना झपटी की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना कसौली की टीम ने वारदात में संलिप्त चार आरोपियों करुण कुमार पुत्र रति पाल शर्मा आयु 30 वर्ष, कृष्ण कुमार पुत्र स्व. गीता राम, रोहित शर्मा पुत्र स्व. प्रेम चंद शर्मा व रति पाल पुत्र गीता राम सभी निवासी टिकटहटटी तहसील कसौली को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन आरोपियों से इनके द्वारा छीने गए दोनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी रतिपाल व कृष्ण कुमार पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं, जिनमें रतिपाल के विरुद्ध मारपीट व छेड़छाड़ के तीन तथा कृष्ण के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज आदि के 2 मामले थाना कसौली में दर्ज होने पाए गए हैं। अभियोग की जांच जारी है।



एससी, एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार आरोपी पुलिस की गरिफ्त में।

# दिनेश शर्मा बने वासनी स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष

नाहन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वासनी में एसएमसी की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है, जिसमें पूर्व सैनिक दिनेश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को स्कूल में एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष दिनेश शर्मा के अलावा सत्येंद्र सिंह, केशु बाला, सुनील कुमार, पाल सिंह, नरदेव सिंह, शिशुपाल, कमल कुमार, कृष्ण लाल, अनिता, जयप्रकाश, सुदर्शन सिंह, प्रेम सिंह, सलोचना व कुलदीप सिंह को एसएमसी का सदस्य चुना गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे। स्कूल प्रिंसिपल, शिक्षकों व एसएमसी सदस्यों के साथ मिलकर स्कूल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

# धर्मपुर से गिरफ्तार चोर गिरोह ने अर्की के शियुरी से चुराए थे आभूषण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

**पुलिस ने छानबीन कर आरोपी को न्यायिक हिरासत से ट्रांसफर कर किया गिरफ्तार**

जिला पुलिस ने अर्की के शियुरी में 17 मई को हुई आभूषणों की चोरी के मामले छानबीन कर धर्मपुर से गिरफ्तार चोर गिरोह के एक सदस्य को न्यायिक हिरासत से ट्रांसफर कर किया गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना अर्की में एक महिला शिकायतकर्ता निवासी गांव शियुरी, डा. बातल, तहसील अर्की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 17 फरवरी को सुबह के समय जब वह सोकर उठी, तो इनकी बहू ने इन्हें बताया कि साथ वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है तथा कमरे के अंदर सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है तथा घर के अंदर रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा है, जब उन्होंने अलमारी व घर के अंदर रखे संदूक को चेक किया, तो इनमें रखे सोना/चांदी के गहने जिनकी कुल कीमत 1,88,000 रुपए है गायब पाए, जिस पर थाना अर्की में चोरी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। धर्मपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों में सलिंप्त एक गिरोह को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार किया था। इस गिरोह के सदस्य न्यायिक हिरासत रिमांड पर है। थाना अर्की की पुलिस टीम ने 13 जून को वारदात में सलिंप्त एक आरोपी सागर को न्यायिक हिरासत से उपरोक्त अभियोग में ट्रांसफर कर गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पाया गया कि यह आदतन अपराधी है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि इस आरोपी ने अपने साथियों के साथ करीब 12 लाख रुपए के गहने व नकदी चुराई थी। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

# अवैध तरीके से घोरल का शिकार करने पर तीन लोग गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

पुलिस ने अवैध तरीके से घोरल का शिकार करने पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना बागा में वन परिक्षेत्र अधिकारी विनय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि पिछली रात को यह मट्रैच जंगल में वन कर्मचारियों के साथ गश्त पर रवाना थे, तो मौके पर इन्हें एक घोरल मृत अवस्था में मिला, जिसका किसी ने अवैध तरीके से शिकार किया है। जिस पर थाना बागा में 13 जून को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व आयुध (हथियारों का) अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अंवेषण के दौरान पुलिस थाना बागा की टीम ने वारदात में संलिप्त तीन आरोपियों (1) शुभम चंदेल पुत्र शशी कांत निवासी गांव रिहान डा. जुखाला बिलासपुर उम्र 28 साल (2) प्रदीप कुमार पुत्र सोहन लाल निवासी गांव सिओला डा. जुखाला जिला बिलासपुर उम्र 23 साल (3) केशव कुमार केयर ऑफ धर्मपाल गांव चढ़ाव डा. चकोह जिला बिलासपुर उम्र 23 साल को गिरफ्तार कर लिया है। मौका से तीन बंदूकें, 12 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

इनमें से एक बंदूक गैरकानूनी है और बाकी दोनों का लाइसेंस अभी तक आरोपी ने पेश नहीं किया है। इसके अतिरिक्त इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान आरोपियों की कार को भी कब्जे ने पुलिस में लिया है। इस गाड़ी के निरीक्षण के दौरान गाड़ी में रखा बारूद भी बरामद हुआ है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

# जयदीप ने जीता बड़ी माली का खिताब

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

उपतहसील दाड़लाघाट की पंचायत पारनु के गांव ठेरा में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में पहलवान जयदीप ने बड़ी माली का खिताब अपने नाम किया।

पारनु के लाला स्वर्गीय परस राम कौशल व स्वर्गीय प्रेम लाल कौशल की याद में दंगल का आयोजन कौशल परिवार पारनु के सदस्यों की ओर से किया गया। इस दंगल में हिमाचल सहित बाहरी राज्यों के नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। पहलवानों ने इस दंगल में खूब दमखम दिखाया और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। बड़ी माली के फाइनल में रोहतक के जयदीप जेसिया ने जम्मू के चैन को हराकर खिताब अपने नाम किया। छोटी माली का फाइनल मुकाबला पानीपत के मल्लिक और जम्मू के जरनैल पहलवान के बीच हुआ।

इस रोमांचक मुकाबले में मल्लिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जरनैल को हरा दिया और छोटी माली का खिताब अपने नाम किया। बड़ी माली के विजेता को 9100 रुपए और उपविजेता को 7100 रुपए का इनाम दिया गया। वहीं, छोटी माली के विजेता को 5100 रुपए, उपविजेता को 4100 रुपए इनाम दिया गया। छिंज आयोजक कर्मचंद कौशल ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।



दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली का खिताब जीतने वाले पहलवान को सम्मानित करते आयोजक।

# अर्की, धुंदन खंड के 49 स्कूलों को संबल

दाड़लाघाट। अंबुजा फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने के लिए अर्की और धुंदन खंड के 49 विद्यालयों को सहयोग प्रदान कर रहा है। खेलकूद, पाठन और स्वच्छता संबंधित गतिविधियां कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अंबुजा फाउंडेशन की ओर से निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग आशीष कोहली ने सचिव राकेश कंवर की अध्यक्षता में एक एमओयू हस्ताक्षर किया। राकेश कंवर ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही बेहतर कार्य कर रहा है और 49 विद्यालयों को सहयोग प्रदान कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि हमें इनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए और उससे होने वाले लाभों को अन्य विद्यालयों में भी कार्यान्वित करना चाहिए। निदेशक ने कहा कि हम फाउंडेशन के साथ दो या तीन महीनों में एक बैठक किया करेंगे।

# बद्दी-बरोटीवाला में समस्त झोपड़ पट्टियों का हो सोशल ऑडिट : रणेश

अनंत ज्ञान, बीबीएन

बद्दी के निकट ऋषि अपार्टमेंट के पास स्लम एरिया में लगी आग पर मानवाधिकार एसोसिएशन ने सवाल उठाए हैं।



मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गेनाइजेशन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर रणेश राणा ने कहा कि बीबीएन में आए दिन स्लम एरिया में कोई न कोई अग्निकांड होता रहता है। इन हादसों में कई बार मजदूरों व उनके बच्चों तथा परिजनों की मौत हो चुकी है। ऋषि अपार्टमेंट के निकट हुए हादसे में 40 से ज्यादा झोपड़ियां जल कर राख हो गई थी, हालांकि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। डॉ. राणा ने कहा कि यह झोपड़ियां निजी जमीन पर स्थापित की गई हैं और उसमें भूमि मालिक मासिक 800 से 1000 रुपए किराया वसूलते हैं। डॉ. रणेश राणा ने कहा कि बीबीएनडीए ने इस मामले में लो-कॉस्ट हाउसिंग की योजना किसानों के लिए दी थी, लेकिन उसमें सिर्फ चंद नक्शे पास हुए। बीबीएनडीए को बीबीएन में बनी हर स्लम एरिया का सोशली आडिट करना चाहिए, ताकि हमारे एरिया में कितनी ऐसी मजदूर बस्तियां हैं और उनमें मुख्य आधारभूत सुविधाओं के अलावा उनके आपातकाल के लिए क्या व्यवस्था है।

# बाड़ीवाला में गहराया पेयजल संकट

## क्षेत्र में खाना बनाने व पीने को भी नहीं मिल रहा लोगों को पानी

अनंत ज्ञान, नाहन

पंचायत कौलावला भूड़ के ग्राम बाड़ीवाला में पिछले छह दिनों से पेयजल संकट गहराया है।

स्थानीय लोग खाना बनाने व अपनी प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। विभाग को समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया है, जिसके बाद आज एक बार फिर स्थानीय ग्रामीण विभाग की एससी से मिलने पहुंचे और अपनी समस्या से उन्हें अवगत करवाया। मीडिया से परिचित हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 6 दिनों से ही बाड़ीवाला में पेयजल संकट बना है। स्थानीय लोगों को अपनी व अपने मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई न होने के चलते स्थानीय लोग खाना बनाने एवं अपने मवेशियों की प्यास पहुंचने को लेकर खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**6 दिनों से पेयजल न होने से लोग परेशान**

### क्षेत्र में नहीं कोई प्राकृतिक जल स्रोत

क्षेत्र में कोई प्राकृतिक जल स्रोत भी नहीं है, जहां से स्थानीय लोग पानी ढोकर अपनी प्यास बुझा सके, तो दूसरी ओर संबंधित विभाग समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। उन्होंने आज विभाग के एससी से मिलकर क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान की गुहार लगाई है।

**मॉकड्रिल** अर्की में मचा हड़कंप, मुख्यालय में चारों ओर सायरनों की आवाजें लगीं गूंजने, स्टूडेंट्स ने घायलों के रूप में किया सहयोग

# नागरिक अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में अचानक भरा पानी, मची अफरा-तफरी

अनंत ज्ञान, अर्की

शुक्रवार को अचानक अर्की में हड़कंप मच गया मुख्यालय में चारों और सायरनों की आवाजें गूंजने लगीं।

पुलिस वाहन फायर वाहन व एंबुलेंस दौड़ने लगी तभी पता चला कि यह आपदा के समय सभी विभागों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई की रिहर्सल है, जो कि समय-समय पर व विभिन्न स्थानों पर प्रशासन की ओर से की जाती है। इसी रिहर्सल के तहत नागरिक चिकित्सलय अर्की में विभिन्न विभागों को मानव निर्मित व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए जागरूक करने के लिए आठवीं मेगा ड्रिल यानी बड़ी रिहर्सल का आयोजन एसडीएम अर्की याजविंद्र पॉल की अध्यक्षता में किया गया। रिहर्सल के अनुसार अर्की के नागरिक अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में अचानक पानी भर गया। सूचना मिलते ही प्रशासन द्वारा सभी विभागों को तुरंत आपदा से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए, जिस पर सभी विभागों के उच्चाधिकारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए व होमगार्ड एवं फायर कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया।

इस दौरान फायर कर्मियों ने डूबी मंजिल से पानी निकालने की कवायद के साथ घायलों को निकाल कर फर्स्ट एंड पोस्ट तक पहुंचाया व वहां पर उपस्थित डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देकर फौरी तौर पर लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में बनाए मुख्य चिकित्सा केंद्र में पहुंचाया गया। अर्की खंड चिकित्सा अधिकारी तारा चंद नेगी ने जानकारी दी कि इस रिहर्सल के दौरान ब्वॉयज व गर्ल्स स्कूल के स्टूडेंट्स ने घायलों के रूप में सहयोग किया। इस मॉकड्रिल में 48 डमी घायलों को निकाला गया, जिनमें 33 पुरुष थे व 15 महिलाएं थीं।



मॉकड्रिल के दौरान पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित जगह ले जाते बचाव कर्मी।

### बच्चों को बताए भूकंप से बचाव के गुर



अर्की। उपमंडल अर्की स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल में मॉकड्रिल के तहत भूकंप के झटके लगते ही बच्चों व स्कूल प्रबंधन में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जैसे ही स्कूल प्रबंधन को लगा कि यह भूकंप के झटके हैं।


अनंत ज्ञान

सुपर मॉल डिस्प्ले क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### नगाम्बा से हारी भारतीय मुक्केबाज लवलीना

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) चेक गणराज्य में ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम में शरणार्थी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगाम्बा से हार गईं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को 75 किग्रा के अपने दूसरे मुकाबले में नगाम्बा के खिलाफ 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से हार का सामना करना पड़ा। नगाम्बा भी पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। महिला भार वर्ग राउंड रोबिन प्रारूप में आयोजित किए जा रहे हैं इसलिए इस हार से लवलीना के अभियान का अंत नहीं हुआ है। टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र भारतीय लवलीना अब चीन की ली कियान से भिड़ेंगी



### कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ करार खत्म

**बीजिंग।** चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) ने कोच अलेक्जेंडर जोर्डजेविक के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। सीबीए ने जोर्डजेविक की जगह गुओ शिकियांग को चीन की पुरुष बास्केटबॉल टीम का कार्यवाहक मुख्य कोच नियुक्त किया है। जोर्डजेविक ने नवंबर 2022 में डु फेंग की जगह ली और हांगकांग, चीन में 2023 फीबा बास्केटबॉल विश्व कप एशियाई क्वालीफायर की छठी विंडो के दौरान चीन के मुख्य कोच के रूप में अपनी शुरुआत की। सर्बिया के मूल निवासी जोर्डजेविक ने चीन को फीबा विश्व कप में पहुंचाया, लेकिन टीम मनीला में निराशाजनक 29वें स्थान पर रही और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही। जोर्डजेविक की टीम को हांग्जो में एक और झटका लगा जब एशियाई खेलों की चैंपियनशिप का बचाव करने की उनकी योजना विफल रही और टीम को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### ओलंपिक में हिस्सा नहीं लेंगे लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता कप्तान और दिग्गज स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पुष्टि की कि वह पेरिस 2024 ओलंपिक में भाग नहीं लेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद शुरू होगी, जो 20 जून से 14 जुलाई तक चलेगा। अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच जेवियर माशेरानो ने दिग्गज फुटबॉलर को ओलंपिक में शामिल करने की उम्मीद जताई थी, लेकिन अब मेसी ने इससे इनकार कर दिया है। ओलंपिक में भाग लेने का मतलब अपने क्लब इंटर मियामी से दूर रहना भी होगा और यह मेसी द्वारा लिए गए निर्णय के कारकों में से एक था। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के अपने पूर्व साथी किलियन एमबाप्पे की इस राय पर कि यूरो जीतना फीफा विश्व कप से कहीं ज्यादा मुश्किल है, मेस्सी ने कहा कि यूरो महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें अर्जेंटीना, ब्राजील और उरुग्वे जैसी कई विश्व चैंपियन टीमें नहीं हैं।



### विश्व रग्बी सेवंस के लिए युगांडा की टीम घोषित

**कंपाला।** युगांडा के कोच टॉल्बर्ट ओन्यांगो ने 21 से 23 जून तक फ्रांस के मोनाको में होने वाले विश्व रग्बी सेवेंस 2024 रेपेचेज के लिए पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। विश्व रग्बी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्व रग्बी सेवेंस रेपेचेज में 12 पुरुष और 12 महिला टीमें पेरिस ओलंपिक में एक-एक अंतिम स्थान के लिए मुकाबला करेंगी। युगांडा की पुरुष टीम को ब्रिटेन, कनाडा और चीन के साथ ग्रुप-बी में रखा गया है। युगांडा की टीम की कप्तानी करने वाले इयान मुन्यानी ने कहा कि उन्हें ग्रुप मैचों से ही बहुत कठिन मुकाबलों की उम्मीद है।

### न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप-से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नई टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

### रेनेगेड्स के नए मुख्य कोच बने कैमरून

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सीमित ओवरों के कप्तान कैमरून व्हाइट को बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंजाइजी मेलबोर्न रेनेगेड्स को मुख्य कोच नियुक्त किया गया गया है। व्हाइट ने डेविड सेकर की जगह ली है। उन्होंने क्लब के साथ तीन साल का करार किया है। 40 वर्षीय व्हाइट पहली बार मुख्य कोच के रूप में कार्य करेंगे, लेकिन पिछले दो सालों से वह सिडनी सिक्सर्स के बॉस ग्रेग शिपर्ड के अधीन काम कर रहे हैं और इससे पहले एडिलेड स्ट्राइकर्स में सहायक कोच थे। उन्हें रेनेगेड्स की टीम विरासत में मिली है, जिसमें सफेद गेंद की रन मशीन जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सुपरस्टार स्पिनर एडम जाम्पा और नाथन लियोन तथा बहुमूल्य खिलाड़ी जोश ब्राउन शामिल हैं। व्हाइट ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर और सफलता प्राप्त करने के मामले में यहां मेरी बहुत सारी शानदार यादें हैं, इसलिए कई सालों बाद रेनेगेड्स के साथ फिर से जुड़ना रोमांचकारी है। इस खेल समूह के साथ काम करने का विचार जिसमें कुछ बहुत ही रोमांचक खिलाड़ी हैं, वास्तव में रोमांचक है। मैं वास्तव में कोच के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।'



### जीत का चौका लगाने उतरेगा द. अफ्रीका

**किंग्सटाउन।** तीन जीत के साथ सुपर-8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्त्जे बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्त्जे का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है।

**टी-20 विश्व कप** | कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को मौका दे सकती है टीम इंडिया, मैच पर बारिश का खतरा

# कनाडा के खिलाफ मैच में नजरें कोहली पर

**एजेंसी, लॉडरहिल ( अमेरिका )**

भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप-ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर-8 चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली ट-20 विश्व कप में आए थे, लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है।

उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवत: आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1,850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं।

पंत ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमश: 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए, जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है। भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन पिचों' (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो, लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पांड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। पांड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है क्योंकि ये दोनों आईपीएल में नाकाम रहे थे।

भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल या फिर दोनों को मौका देने के बारे में सोच सकती है। ऐसी स्थिति में भारत को जडेजा और अक्षर पटेल को ब्रेक देना पड़ सकता है। अक्षर ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है।



#### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**कनाडा।** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर)।

#### स्वदेश लौट सकते हैं शुभमन गिल और आवेश खान





**शुभमन** गिल, जो इस समय भारतीय टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर हैं, मौजूदा ट्वंटी-20 विश्व कप में भारतीय टीम के मैचों के अमेरिकी चरण के समापन के बाद स्वदेश लौट आएंगे। रिजर्व पेसरों में से एक संभवत: आवेश खान भी 15 जून को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा के खिलाफ मैच के बाद स्वदेश लौट सकते हैं। गिल और आवेश दोनों की यात्रा केवल अमेरिका दौरे तक ही थी, जब तक कि खिलाड़ियों को अप्रत्याशित चोट न लग जाए। वह टीम के साथ रिजर्व के तौर पर गए थे, क्योंकि किसी खिलाड़ी को अप्रत्याशित चोट लगने की स्थिति में बीसीसीआई के लिए भारत से अमेरिका या कैरेबियाई देशों में अतिरिक्त खिलाड़ी भेजना तुरंत संभव नहीं होगा।

फिलहाल रिंकू और खलील टीम के साथ बने रह सकते हैं और ब्रिजटाउन, बारबाडोस की यात्रा कर सकते हैं, जहां भारत 20 जून को सुपर-8 का अपना पहला मैच खेलेगा। अन्य दो मैच 22 जून को एंटीगुआ में और 24 जून को सेंट लूसिया में होंगे। अगर वे सेमीफाइनल में पहुंचते हैं, तो यह 27 जून को जॉर्जटाउन, गुयाना में होगा और फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में होगा।

## कमिंस ने कहा-रन रेट में हेरफेर क्रिकेट की भावना के खिलाफ होगा

**एजेंसी, ग्रॉस आइलेट**

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने जोश हेजलवुड की टिप्पणी को गंभीर नहीं बताते हुए कहा कि वब इंग्लैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर करने के लिए अपने नेट रन रेट में हेरफेर करने की कभी कोशिश नहीं करेंगे क्योंकि यह 'क्रिकेट की भावना के खिलाफ' होगा।



तेज गेंदबाज हेजलवुड ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि अगर स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने आगामी ग्रुप-बी मैच में ऐसा मौका मिला तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को टूर्नामेंट से बाहर करने की कोशिश करेगी।

कमिंस ने कहा, ''मुझे लगता है कि जब आप खेलने के लिए मैदान में उतरते हैं तो आप हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह शायद क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। हमने वास्तव में बहुत गहराई से नहीं सोचा है क्योंकि इसके (रन रेट में हेरफेर) बारे में कभी चर्चा नहीं हुई।''

## पापुआ न्यू गिनी को हराकर अफगानिस्तान सुपर-8 में, न्यूजीलैंड बाहर

**एजेंसी, तरौबा**

तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के शानदार तीन विकेट और गुलबदीन नायब की बेहतरीन पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी टी-20 विश्व कप मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों में तीसरी जीत दर्ज की और वेस्टइंडीज के साथ सुपर-8 चरण में पहुंच गया।

साथ ही न्यूजीलैंड, जो अब तक अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से हार चुका है, टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और 2.5 ओवर में केवल 22 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (सात गेंदों में 11 रन) और इब्राहिम जादरान (0) पैवेलियन लौट गए।

इसके बाद ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और अजमतुल्लाह उमरजई ने 7.3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 33 रन की साझेदारी उमरजई के 18 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट होने के साथ समाप्त हुई। 8.4 ओवर में अफगानिस्तान का स्कोर 55 रन पर 3 विकेट था। इसके बाद गुलबदीन ने मोहम्मद नबी के साथ मिलकर अफगानिस्तान को लक्ष्य तक पहुंचाया। अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 101 रन बनाकर जीत हासिल की।

गुलबदीन 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की बदौलत 49 और नबी 23 गेंदों में एक चौके की बदौलत 16 रन बनाकर नाबाद रहे। पीएनजी के लिए एली नाओ, सेमो कामेआ और नॉर्मन वनुआ ने एक-एक विकेट लिया। अफगानिस्तान की ओर से फारूकी ने चार ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट और नवीन ने 2.5 ओवर में 4 रन देकर 2 विकेट चटकाए।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

## कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का शूटिंग चैंपियनशिप में दबदबा

### चार स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

इंदिरा गांधी हिमाचल प्रदेश स्टेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शिमला में जिलास्तरीय राइफल एसोसिएशन द्वारा 16वीं जिला शिमला शूटिंग चैंपियनशिप 2024 आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा के प्रतियोगियों ने भाग लिया और चार स्वर्ण पदक और दो रजत पदक अपने नाम किए।

छठी कक्षा के लक्ष्य कौशल ने 10 मीटर एयर राइफल सब यूथ श्रेणी में स्वर्ण, 9वीं की प्रियांशी अरोड़ा ने 10 मीटर एयर राइफल महिला सब यूथ श्रेणी में रजत। 10वीं के रौनक गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। 10वीं के वीरेन गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ श्रेणी में रजत, 10वीं के गरिमन औजला ने 10 मीटर एयर पिस्टल सब यूथ श्रेणी में स्वर्ण, 9वीं के आरुष सूद ने 10 मीटर ओपन साइट एयर राइफल सब यूथ श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता।



पदक जीतकर लौटे कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र।

## हॉकी इंडिया ने एचआईएल के लिए पंजीकरण शुरू किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है।

हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है।

## इंग्लैंड ने 19 गेंदों में हासिल किया लक्ष्य

### टी-20 विश वकप : इंग्लिश टीम ने ओमान को हराकर बेहतर किया नेट रन रेट

**एजेंसी, एंटीगुआ**


इंग्लैंड ने गुरुवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में ओमान पर 8 विकेट से जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में शानदार वापसी की। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में अपना नेट रन रेट बेहतर कर लिया।

पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि आदिल राशिद ने 4 विकेट लिया, जिससे ओमान की टीम 13.2 ओवर में केवल 47 रन पर सिमट गई।

ओमान की तरफ से शोएब खान ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। 48 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने केवल 3.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 50 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा और तीसरी गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने बिलाल खान ने बोल्ड किया। दूसरे ओवर में 20 के कुल स्कोर पर विल जैक्स के 5 रन बनाकर कलिमुल्लाह का शिकार बने। इसके बाद जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने 3.1 ओवर में टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

इंग्लैंड का अब ग्रुप-बी में दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड (प्लस 2.164) से बेहतर नेट रन रेट (प्लस 3.081) है, इसलिए अगर वह नामीबिया को हरा देते हैं और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी अंक हासिल करने में विफल रहता है, तो वह सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।

ओमान के लिए, ग्रुप में यह चौथी हार थी और इसके साथ ही विश्व कप में उनका अभियान भी समाप्त हो गया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## क्रोएशिया के खिलाफ मैच से बाहर हुए लापोर्ट

**बर्लिन।** स्पेन के सेंट्रल डिफेंडर एमेरिक लापोर्ट मांसपेशियों की समस्या के कारण शनिवार को क्रोएशिया के खिलाफ 2024 यूईएफए यूरो के उद्घाटनी मैच से बाहर हो गए हैं।

फ्रांस में जन्मे लापोर्ट ने गुरुवार को प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लिया, हालांकि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने सूचित किया है कि वह खेल से पहले बाकी टीम के साथ बर्लिन की यात्रा करेंगे। हालांकि वह टीम के साथ होंगे, लेकिन उनका क्रोएशिया के खिलाफ मैच से चूकना तय है, लापोर्ट सऊदी अरब में सीजन खत्म होने के बाद स्पेन की टीम में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में से एक थे। पिछले शनिवार को उत्तरी आयरलैंड पर स्पेन की 5-1 की जीत में उन्होंने सिर्फ 40 मिनट मैदान पर बिताया, जो 23 मई के बाद से उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच था, जब उन्हें अल-नासर के लिए खेलते हुए रेड कार्ड दिखाया गया था।

**टी-20 विश्व कप** | शाकिब और रिशाद के शानदार प्रदर्शन से नीदरलैंड को 25 रनों से दी मात

# बांग्लादेश ने किया सुपर-8 के लिए दावा मजबूत

**किंग्सटाउन ( सेंट विंसेंट )**

शाकिब-अल-हसन के नाबाद अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर रिशाद हुसैन की फिरकी के जादू से बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी मैच में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर-8 में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत किया। इस मैच के नतीजे के साथ ही पूर्व चैंपियन श्रीलंका की टीम सुपर-8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। श्रीलंका तीन मैच में एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। बांग्लादेश के तीन मैच में चार जबकि नीदरलैंड के तीन मैच में दो अंक हैं। बांग्लादेश के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने रिशाद (33 रन पर तीन विकेट) और तास्किन अहमद (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

नीदरलैंड की ओर से साइब्रांड एंगलब्रेट ने सर्वाधिक 33 रन बनाए जबकि विक्रमजीत सिंह (26) और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (25) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। मुस्ताफिजुर रहमान (12 रन पर एक विकेट), महमूदुल्लाह (छह रन पर एक विकेट) और तंजीम हसन साकिब (23 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। बांग्लादेश ने इससे पहले 'मैन ऑफ द मैच' शाकिब (नाबाद 64 रन) के नाबाद अर्धशतक के अलावा सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन (35) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 48 और महमूदुल्लाह (25) के साथ पांचवें विकेट की 41 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 159 रन बनाए।



नीदरलैंड के खिलाफ मैच जीतने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी।

#### शाकिब ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया

**अनुभवी** ऑलराउंडर शाकिब-अल-हसन ने नीदरलैंड पर बांग्लादेश की 25 रन की जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया। बांग्लादेश के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने रिशाद हुसैन (33 रन पर तीन विकेट) और तास्किन अहमद (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। शाकिब ने कहा, ''शीर्ष-4 में से किसी एक का पूरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करना महत्वपूर्ण था। योगदान देकर खुशी हुई। शुरुआत में पिच कठिन थी, हमने अपना धैर्य बनाए रखा। यह चुनौतीपूर्ण स्कोर था, जीतने वाला नहीं, लेकिन गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।''

## अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर

**एजेंसी, बेलमोंट ( अमेरिका )**

अदिति अशोक मेजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की, लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मैजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है।

उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

वहीं जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी।

जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।



